समृद्धि न्यूज़

| संसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 60,056.10 | 17,743.40 |

तापमान
अधिकतम 33 °c
न्यूनतम 21 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



भाजपा ने बाहरी उम्मीदवारों पर भरोसा जताया पेज-02
भूसा संग्रहण कार्यों में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी... पेज-03

वर्ष 10 अंक 244 लखनऊ, 25 अप्रैल मंगलवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

सीएम योगी बोले- कर्फ्यू ना दंगा, यूपी में सब चंगा, माफिया अतीत हो गए

# 2017 से पहले सरकारों को दंगा कराने से फुरसत नहीं थी

सहारनपुर, समृद्धि न्यूज़

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- अब यूपी में माफिया अतीत हो गए हैं, राज्य सुरक्षा-खुशहाली और रोजगार का प्रतीक बन रहा है। नो कर्फ्यू- नो दंगा, यूपी में सब चंगा। रंगदारी न फिरौती, यूपी नहीं है अब किसी की बपौती। वे सोमवार को निकाय चुनाव का प्रचार करने सहारनपुर पहुंचे थे। जनसभा को संबोधित कर रहे सीएम योगी ने कहा, अब माफिया नहीं... महोत्सव हमारी पहचान। अब उपद्रव नहीं... उत्सव हमारी पहचान है। योगी ने लोगों से डबल इंजन सरकार से ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा- आने वाले वक्त में सहारनपुर से दिल्ली की दूरी 2 घंटे में पूरी हो जाएगी। अभी 3 घंटे लगते हैं। पहले डिग्री के लिए मेरठ जाना होता था, अब सहारनपुर में ही विश्वविद्यालय का निर्माण हो रहा है। यहां के छात्रों को मां शाकंभरी की तस्वीर वाली मार्कशीट मिलेगी।यहां के कलाकार अब वैश्विक स्तर पर अपना नाम कर रहे हैं। अब ऐसा कौन होगा, जिसके पास सहारनपुर का फर्नीचर न हो। काष्ठ कला को नमस्कार करता हूं। 2017 से पहले सरकारों को दंगा कराने से फुरसत नहीं थी। कैसे सिख भाइयों पर अत्याचार हुआ था। हमले हुए थे। अब कांवड़ यात्रा निकलती है...। पहले युवाओं पर झूठे मुकदमे होते थे, अब वो जॉब करने जा रहे हैं।

**अब यूपी में माफिया अतीत हो गए हैं, राज्य सुरक्षा-खुशहाली और रोजगार का प्रतीक बन रहा है। नो कर्फ्यू- नो दंगा, यूपी में सब चंगा। रंगदारी न फिरौती, यूपी नहीं है अब किसी की बपौती।**
**योगी आदित्यनाथ, सीएम**



### पहले शोहदों का आतंक था, बेटियां घर से नहीं निकल पाती थीं

उन्होंने कहा- पहले शोहदों का आतंक होता था। बेटियां घर से बाहर पढ़ने नहीं निकल पाती थीं, लेकिन आज आप देख रहे होंगे कि यूपी में भयमुक्त वातावरण देने में सरकार सफल हुई है। यूपी की नई तस्वीर प्रस्तुत की जा सकी है। कोरोना काल में आपने देखा होगा कि दुनिया पस्त थी। भारत में फ्री में वैक्सीन, फ्री में इलाज और फ्री में राशन उपलब्ध कराया जा रहा था। डेवलपमेंट में स्मार्ट सिटी बनाने का काम रहा हो, नगरीय निकाय के विस्तारीकरण का काम हो, युद्धस्तर पर इन कामों को आगे बढ़ाया गया। पहले सहारनपुर की अनदेखी होती थी। अब मां शाकंभरी तक रेलवे लाइन से जोड़ने के काम पूरे हो चुके हैं। अब रोड की बेहतरीन कनेक्टिविटी हो चुकी है। अब एयर कनेक्टिविटी पर काम चल रहा है।

### जातिवादी सरकार चाहिए या विकासपरक

मैं आपके बीच यही अपील करने आया हूं। तय करना होगा कि 2017 से पहले वाली जातिवादी सरकार चाहिए या विकासपरक सरकार चाहिए। हमें तय करना होगा कि युवाओं के हाथ में तमंचे हों या स्मार्ट फोन। अपराधियों की गोलियों की तड़तड़ाहट होनी चाहिए या स्ट्रीट वेंडरों को जगह देने वाली सरकार चाहिए। हमारी प्राथमिकता स्मार्ट सिटी होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### फैक्ट्री में आग लगी तीन मजदूरों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में सोमवार सुबह एक फैक्ट्री में आग लगने से तीन मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि आग सुबह करीब 11 बजे सोनेगांव निपानी ग्राम पंचायत एमआईडीसी इलाके के कटारिया एग्रो प्राइवेट लिमिटेड में लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं।

### बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति बने मोहम्मद शहाबुद्दीन

मोहम्मद शहाबुद्दीन बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति बन गए हैं। सोमवार को उन्होंने शपथ ली। प्रधानमंत्री शेख हसीना की मौजूदगी में संसद स्पीकर डॉ शिरीन शर्मिन चौधरी ने उन्हें शपथ दिलाई। 13 फरवरी को 73 साल के मोहम्मद शहाबुद्दीन राष्ट्रपति चुने गए थे।

### बीबीएमपी के अधिकारी के घर छापा, कैश और जेवर मिले

**बंगलुरु।** बेंगलुरू के येलहंका में आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त ने बीबीएमपी के अधिकारी एडीटीपी गंगाधरैया के घर छापा मारा। छापेमारी के दौरान नकदी और जेवर बरामद हुए हैं। लोकायुक्त एसपी ने बताया कि छापेमारी में दस्तावेजों के साथ कुछ कैश, जेवरात व अन्य सामान भी मिला है।

### 36 लाख रुपए की चरस पकड़ी, एक आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के कांदिवली के चारकोप इलाके से एक ड्रग पैडलर को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 36 लाख रुपए की ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने रविवार को इस बात की जानकारी दी। मुंबई पुलिस ने बताया कि एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की कांदिवली इकाई ने एक अपार्टमेंट पर छापा मारा, जहां उन्होंने 1.23 किलोग्राम चरस बरामद की।

### मेघालय के वेस्ट खासी हिल्स में भूकंप, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.5 रही

**नई दिल्ली।** मेघालय के वेस्ट खासी हिल्स में सोमवार सुबह 7.47 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने इस बात की जानकारी दी है।

### बारिश और तूफान से 2 लोगों की मौत

**दिसपुर।** असम में पिछले 48 घंटों में तूफान, बारिश और ओले गिरने की वजह से 2 लोगों की मौत हो गई। जबकि 144 गांवों के 41,400 से अधिक लोग प्रभावित हैं। मरने वालों की पहचान बिजॉय मनकी और देव कुमार टाकुर के रूप में हुई है।

# गांव के लोगों को बांटकर पार्टियों ने अपनी दुकानें चलाई : पीएम

## पीएम मोदी बोले- छिंदवाड़ा के जिन लोगों पर आपने भरोसा किया, वे विकास को लेकर उदासीन रहे

**रीवा (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर पंचायतों से भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पूज्य बापू कहते थे कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, लेकिन कांग्रेस ने गांधी के विचारों को अनसुना किया। 90 के दशक में पंचायती राज के नाम पर खानापूर्ति की। गांव के लोगों को बांटकर राजनीतिक दलों ने अपनी दुकानें चलाईं। प्रधानमंत्री आज रीवा में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर आयोजित पंचायती राज सम्मेलन में शामिल हुए। वे यहां 31 मिनट बोले। मोदी ने यहां से 2300 करोड़ के रेल प्रोजेक्ट्स और 7853 करोड़ रुपए की 5 नल-जल योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

तीन ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा, मैं कई बार सोचता हूं कि छिंदवाड़ा के जिन लोगों पर आपने लंबे समय तक भरोसा किया, वे आपके विकास को लेकर, इस क्षेत्र के विकास को लेकर इतने उदासीन क्यों रहे। इसका जवाब कुछ राजनीतिक दलों की सोच में है। आजादी के बाद जिस दल ने सबसे ज्यादा सरकार चलाई, उसने ही गांवों का भरोसा तोड़ दिया। कांग्रेस शासन के दौरान गांवों को निचले पायदान पर रखा गया। गांवों के साथ इस तरह का सौतेला व्यवहार कर देश आगे नहीं बढ़ सकता।

पहले की सरकारों ने गांवों के साथ बड़ा अन्याय किया। गांवों पर पैसा खर्च करने से बचती थीं। गांव अपने आप में कोई वोट बैंक तो था ही नहीं, इसीलिए उन्हें नजरअंदाज किया जाता था। हमारी सरकार ने गांवों के विकास के लिए तिजोरी खोल दी। 2014 के बाद से देश ने पंचायतों के सशक्तिकरण का बीड़ा उठाया। 2014 से पहले पंचायतों के लिए वित्त आयोग का अनुदान 70 हजार करोड़ से भी कम था। 2014 के बाद यह अनुदान 70 हजार से बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया। 2014 से पहले के 10 साल में केंद्र सरकार की मदद से 6 हजार के आसपास पंचायत भवन बनवाए गए थे। हमारी सरकार ने 8 साल के अंदर 30 हजार से ज्यादा नए भवन बनवा दिए हैं।

हमारे गांव के लोगों का पहले देश के बैंकों पर अधिकार नहीं माना जाता था। भुला दिया गया था। लोगों के पास न बैंक खाते होते थे, न सुविधा मिलती थी। सरकार जो पैसा गांव के लोगों के लिए भेजती थी, वो भी बीच में ही लुट जाता था। हमारी सरकार ने इसे भी पूरी तरह बदल दिया। हमने जन-धन योजना चलाई। गांव के 40 करोड़ से ज्यादा लोगों के बैंक खाते खुलवाए। पोस्ट ऑफिस का उपयोग कर गांवों तक बैंक की पहुंच बनाई। आज इसका प्रभाव देश के हर गांव में नजर आ रहा है। सीधा पैसा लोगों के खाते में जा रहा है।



### तब में अब में काफी अंतर

पहले की सरकार ने ग्राम पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाने की योजना शुरू की थी, लेकिन देश की 70 से भी कम ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया। वो भी शहर के बाहर नजदीकी पंचायतों में...। आजादी के बाद की सरकारों ने भारत के पंचायती राज व्यवस्था को ध्वस्त किया। आजादी के बाद इस व्यवस्था पर भरोसा नहीं किया। यह हमारी सरकार है, जो देश की 2 लाख से ज्यादा पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर को ले गई है। फर्क साफ है। इस रविवार मन की बात 100 एपिसोड पूरा कर रहा है। आप सभी के योगदान की वजह से ही मन की बात आज इस मुकाम तक पहुंचा है। मध्यप्रदेश के अनेक लोगों की उपलब्धियों का जिक्र मैंने मन की बात से किया है। इस रविवार फिर मिलने के लिए इंतजार कर रहा हूं, क्योंकि सेंचुरी है। हमारे यहां इसका महत्व ज्यादा ही होता है।

# हमने मुस्लिम आरक्षण खत्म किया : शाह

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बीच गृहमंत्री अमित शाह तीन दिन के दौरे पर रविवार रात बेंगलुरु पहुंचे थे। सोमवार को वे सबसे पहले मैसूरु गए और श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में पूजा की। इसके बाद वे चामराजनगर जिले के गुंडलुपे पहुंचे। उन्होंने यहां पहला रोड शो किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा- कांग्रेस आज भी तुष्टीकरण की राजनीति करती है। कांग्रेस सरकार ने जो 4 प्रतिशत मुस्लिम रिजर्वेशन किया था, भाजपा ने उसे खत्म कर दिया। भाजपा ने लिंगायत ओबीसी, एससी और एसटी को बचाने का काम किया है। कांग्रेस अध्यक्ष कहते है कि हम अगर सत्ता में आएंगे तो मुस्लिम आरक्षण फिर से लाएंगे। कांग्रेस तुष्टीकरण से बाज नहीं आ रही। शाह दोपहर 3 बजे सकलेशपुर पहुंचे, वहां भी उन्होंने दूसरा रोड शो किया। कर्नाटक की भाजपा सरकार को 40 प्रतिशत कमीशन वाला बताने पर शाह ने राहुल के आरोपों का जवाब दिया। शाह ने कहा- लोग इस तरह के निराधार आरोपों पर कैसे विश्वास करेंगे? न कोई केस न कोई जांच। उनके पास कोई ठोस सबूत है तो उन्हें कोर्ट जाना चाहिए। शाह हासन से वापस मैसूर के लिए निकल गए। मैसूर वापस आने के बाद शाम को एक विशेष विमान से उत्तरी कर्नाटक के हुबली जाएंगे। वहां वह एक होटल में पार्टी नेताओं के साथ बैठक में भाग लेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। शाह के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी कर्नाटक के दौरे पर हैं।

### चार प्रतिशत मुस्लिम रिजर्वेशन कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति, भाजपा ने लिंगायत को बचाया



लखीमपुर खीरी हिंसा

### 11 जुलाई तक बढ़ी आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत

**लखीमपुरखीरी (एजेंसी)।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी आशीष मिश्रा की अंतरिम जमानत 11 जुलाई तक बढ़ा दी है। इसके पहले 14 मार्च को ट्रायल कोर्ट की रिपोर्ट देखने के बाद कहा था कि आशीष की जमानत का आदेश अगली सुनवाई तक प्रभावी रहेगा।

आशीष को 24 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त जमानत दी थी। आशीष की जमानत की शर्तों में 7 दिन के भीतर यूपी और दिल्ली छोड़ना,नए ठिकाने की पूरी जानकारी कोर्ट को देना और गवाह को धमकाने पर बेल कैंसिल होना शामिल था।

नीतीश बोले, सब एकजुट हो जाएं फिर तय कर लेंगे नेता, अखिलेश से मिले


# बीजेपी को हटाने के लिए हम साथ हैं : सपा प्रमुख

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सोमवार को लखनऊ पहुंचे। उन्होंने सपा कार्यालय पर अखिलेश यादव से मुलाकात की। उसके बाद यहां संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। नीतीश ने कहा, जो लोग आज राज करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। केवल विपक्ष के नेताओं को परेशान करने के लिए काम कर रहे हैं। उनके खिलाफ हम सभी लोग एकजुट होंगे। नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री बनने के सवाल पर कहा, सब लोग जब एकजुट हो जाएंगे। फिर हम लोग बैठकर तय कर लेंगे कि किस को नेता बनना है।

एक बात मैं साफ करना चाहता हूं कि मुझे प्रधानमंत्री नहीं बनना है। मैं देश के हित में काम करूंगा। सब लोग जब एकजुट हो जाएंगे और मिलकर साथ काम करेंगे फिर तय हो जाएगा कि किस को नेता बनना है। एक बात मैं साफ करना चाहता हूं कि मुझे प्रधानमंत्री नहीं बनना है, मैं देश के हित में काम करूंगा। बाकी सभी लोग मिलकर एकजुट होकर काम करेंगे। नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा, देश में क्या काम हो रहा है। ये सभी को मालूम है। जनता के बीच केवल प्रचार किया जा रहा है। आज हमारी अखिलेश यादव से भी मुलाकात हुई। उनसे भी यही बात हुई है कि हम किस तरीके से सभी लोग एक साथ होकर काम करें। पूरे देश में अगर हम सभी लोग एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे तो अच्छा फायदा होगा।

नीतीश ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए सब लोग ज्यादा से ज्यादा पार्टियों की राय एक हो जाए, इसी काम में लगे हैं। जिस तरह से शासन हो रहा है, उसमें कोई काम नहीं हो रहा है। सिर्फ प्रचार-प्रसार हो रहा है। ऐसी स्थिति में अधिक से अधिक पार्टियों के साथ बातचीत चल रही है। उसी सिलसिले में आज हम लोगों ने बैठकर बात की है। हम लोगों ने तय किया है कि ज्यादा से ज्यादा पार्टियों को देश में एकजुट करें।



जो लोग आज राज करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। केवल विपक्ष के नेताओं को परेशान करने के लिए काम कर रहे हैं। उनके खिलाफ हम सभी लोग एकजुट होंगे।
**नीतीश कुमार**

राहुल बोले-सरकार का 2-3 अरबपतियों पर फोकस

# केंद्र सरकार में आए तो जीएसटी बदल देंगे

**बेलगावी (एजेंसी)।** राहुल गांधी दो दिन के चुनावी दौरे पर कर्नाटक में हैं। उन्होंने सोमवार को बेलगावी के रामदुर्ग में रैली को संबोधित किया। राहुल ने कहा- आजकल सरकार का 2-3 अरबपतियों पर ही फोकस है, जबकि किसानों, मजदूरों और छोटे वेंडरों पर होना चाहिए। अरबपतियों को बैंक से लोन आसानी से मिल जाता है और अगर कुछ हो जाता है तो आसानी से माफ हो जाता है लेकिन किसानों का कर्ज कभी माफ नहीं होता। जीएसटी देश में सिर्फ अमीरों की मदद के लिए लागू किया गया है। इसमें पांच अलग-अलग तरह के टैक्स हैं। यह एक बहुत ही कठिन टैक्स स्ट्रक्चर है। आधे लोगों को यह भी समझ नहीं आता कि उन्हें इसे कब और कैसे फाइल करना है। बड़े बिजनेसमैन के पास अकाउंटेंट होते हैं, जबकि छोटे व्यवसायियों के पास नहीं हैं। तो, छोटे व्यवसाय बंद हो जाते हैं। जब हमारी सरकार दिल्ली में आएगी तो हम इस जीएसटी को बदल देंगे।



8 पहलवान सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, सांसद बृजभूषण पर एफआईआर की अपील

# रेसलिंग फेडरेशन के चुनाव पर रोक

**पानीपत (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना दूसरे दिन सोमवार को भी जारी है।

विनेश फोगाट समेत 8 पहलवान सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। इन्होंने बृजभूषण के खिलाफ स्न्ढ्ढक्र दर्ज करने की अपील की है। पहलवानों ने हरियाणा की खाप पंचायतों से समर्थन मांगा है। उन्होंने खापों से माफी मांगते हुए कहा, पिछली बार हमसे भूल हो गई थी। आज हमें आप सभी की बहुत जरूरत है। हमारा साथ दीजिए। सुबह बजरंग पूनिया ने कहा था कि इस मंच पर सभी राजनीतिक दलों का स्वागत है।

हालांकि जनवरी में प्रदर्शन के दौरान मंच पर किसी भी राजनीतिक दल को परमिशन नहीं दी थी। इस बीच, इंडियन रेसलिंग फेडरेशन (डब्ल्यूएफआई) के 7 मई से होने वाले चुनाव रोक दिए गए हैं। ओलिंपिक्स एसोसिएशन चुनाव के लिए एक एग्जिक्यूटिव कमेटी बनाएगी। कमेटी ङ्खस्नढ्ढ का कामकाज भी देखेगी। दिल्ली पुलिस ने इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन और केंद्रीय खेल मंत्रालय की बनाई दोनों जांच कमेटियों की रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा, दिल्ली पुलिस ने सांसद बृजभूषण पर लगे आरोपों की जांच शुरू कर दी है। बजरंग पूनिया ने कहा, इस बार सभी दलों का हमारे धरने में शामिल होने के लिए स्वागत है, चाहे वह भाजपा, कांग्रेस, आप या कोई अन्य पार्टी हो।



हिसार कृषि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह

राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं- मैं भी किसान की बेटी

# पहले 6 में से 4 गोल्ड मेडलिस्ट लड़कियां, मुझे खुशी हुई

**हिसार (एजेंसी)।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई। दोपहर करीब पौने एक बजे उनका हेलिकॉप्टर हिसार एयरपोर्ट पर लैंड किया। उनके हेलिकॉप्टर के साथ ही एयरफोर्स के 2 अन्य हेलिकॉप्टरों ने भी लैंडिंग की। उनके साथ ष्टरूमनोहर लाल और राज्यपाल बंडारू दत्रातेय भी आए है। लैंडिंग के बाद उनका ष्टरूने स्वागत किया, जिसके बाद वे सीधे फैकल्टी हाउस में चली गई। वहां पर एचएयू ने उनके लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। शाम चार बजे एचएयू का दीक्षांत समारोह शुरू हुआ। जिसकी शुरूआत राष्ट्रपति ने दीप प्रज्जवलित करके की। राष्ट्रपति ने गोल्ड मेडलिस्ट को डिग्रीयां दी। राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्म ने कहा उन्हें खुशी हैं कि दीक्षांत समारोह में आधे से ज्यादा लड़कियां आई हुई है। हरियाणा में मैं तीन बार आई हूं। मैं किसान की बेटी हूं। इसलिए उसकी खुद बहुत सारे विषयों में रुचि है। ज्यादातर रुचि किसानों से जुड़ी विषयों पर है। भारत की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। उस हिसाब से अन्नदाता के लिए कृषि विश्वविद्यालय के छात्र छात्राएं क्या क्या व्यवस्थाएं कर रहे हैं, मैं ये खुद सीखना चाहती हूं। यह कृषि विश्वविद्यालय किसानों के लिए ही नहीं पूरे भारत और विश्व के लिए सोच रहा है। आज बहुत सारे बच्चे मिट्?टी से जुड़ा काम नहीं करना चाहते, परंतु मैं देख रही हूं कि हरियाणा में लड़का हो या लड़की, किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। आज हरियाणा केंद्रीय खाद्यान्न भंडार में योगदान देने वाला दूसरा राज्य है। इसका श्रेय राज्य के किसानों को जाता है। आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सीएम मनोहर लाल ने अपने संबोधन में कहा कि 2015 में मुझे आने का अवसर मिला था। आज हमारे बीच में माननीय राष्ट्रपति आई है। यह गर्व का विषय है। राष्ट्रपति बड़े ही साधारण परिवार से हैं। समाज सेवा और शिक्षा सेवा की है। 1970 में स्थापित हुआ था, उस समय देखा जाए तो हरियाणा बना ही था। हरियाणा का बहुत बड़ा भाग मरुस्थलीय था। उस समय 26 लाख टन अनाज की उपज थी। एचएयू की मेहनत और नई नई पद्धतियां के कारण हरियाणा दूसरे स्थान पर है। 183 लाख मीट्रिक टन उपज करता है। हरित क्रांति में पंजाब और हरियाणा ने पेट की भूख मिटाई थी। आज देश आत्मनिर्भर है। आवश्यकता पड़ने पर दूसरे देशों को अनाज देते हैं।




### नाबार्ड की स्थापना चौधरी चरण सिंह ने की

सीएम ने कहा कि 1991 में चौधरी चरण सिंह के नाम पर रखा था। वे वित्त मंत्री रहते हुए नाबार्ड की स्थापना उन्होंने की। ऐसी शख्सियत के नाम पर उनका नाम रखा गया। आज किसान के सामने बड़ी चुनौतियां है। 2015 में फरवरी और मार्च में बड़ा नुकसान हुआ था। आज जल संकट बड़ी चुनौती हैं। सीएम ने कहा कि वीसी ने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के बाद जय अनुसंधान का नारा दिया। परंतु मैं इसमें जय पहलवान को जोड़ता हूं।

# भूसा संग्रहण कार्यों में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी: धर्मपाल

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में निराश्रित गौवंश के भरण-पोषण हेतु भूसा संग्रहण के लिये 20 अप्रैल से चलाये जा रहे एक माह के विशेष अभियान की आज समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि भूसा अभियान की सफलता के लिये प्रत्येक मंडल में अपर निदेशक स्तर का अधिकारी नामित कियाजाये और उनके द्वारा अपने मंडल के अधीन हर जनपद में भूसा संग्रहण की प्रतिदिन समीक्षा कर उसकी रिपोर्ट मुख्यालय उपलब्ध कराई जाये। निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों हेतु भूसा संग्रहण कार्यों मेंउदासीनता या लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही कीजायेगी।पशुधन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि भूसा टेन्डर कीप्रक्रिया एक सप्ताह में पूरी की जाये और भूसा भण्डारण की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। पशुधन मंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर से अधिक से अधिक भूसा क्रय किया जाये। भूसा हेतु दान दाताओं एवं समाज सेवियों काभी सहयोग लिया जाए। भूसा संग्रहण हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्य कियाजाए ताकि गोशालाओं में वर्ष पर्यन्त चारे-भूसे की कमी न होने पाये और गोवंश की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किये जाएं। धर्मपाल ने कहा कि गर्मी के दृष्टिगत गोशालाओं का रख-रखाव व्यवस्थिततरीके से किया जाए और गोवंश को धूप व लू से बचाने हेतु त्रिपाल, टाट व अन्य माध्यमों से शेड की व्यवस्था की जाये और स्वच्छ पानी, बिजली, हरा चारा और पर्याप्त औषधि की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। उन्होंने कहा किपर्यावरण संरक्षण एवं गोशालाओं में छाया के दृष्टिगत पीपल, पाकड़, नीम आदिका वृक्षारोपण भी कराया जाए। उन्होंने कहा कि गो आश्रय स्थल पर चारे की कोई कमी न होने पाये औरचारागाह पर हरा चारा भी पर्याप्त मात्रा में उगाया जाय। गो संरक्षण केन्द्रों में शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग का कार्य पूर्ण कियाजाए। श्री सिंह ने पशु सेवा हेतु मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट्स कानिर्धारित रूट पर नियमित रूप से संचालन करने और इस सेवा का अधिकाधिक लाभकिसानों एवं पशुपालकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा किसंचारी रोग के दृष्टिगत टीकाकरण का कार्य भी ससमय सुनिश्चित किया जाए।बैठक में विशेष सचिव, पशुधन देवेन्द्र पान्डे ने मंत्री को भूसासंग्रहण एवं गोशालाओं में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अवगत कराया और आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में पशुपालन विभाग के निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डा तरूण कुमार तिवारी, अपर निदेशक गोधन डा राजेश कुमार तथा शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

> पशु सेवा हेतु मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट्स कानिर्धारित रूट पर नियमित रूप से संचालन करने और इस सेवा का अधिकाधिक लाभकिसानों एवं पशुपालकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये कराने के निर्देश दिये



वाल्मीकि रगशाला में उप्र0संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित प्रादेशिक शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बाल वर्ग

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ पहुंचे बिहार के सीएम नीतीश कुमार,कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

लखनऊ। बिहार के सीएम नीतीश कुमार सोमवार लखनऊ पहुंचे। शाम करीब 5.30 बजे वह चार्टर्ड प्लेन अमौसी एयरपोर्ट पर उतरे। उनके साथ डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी हैं। एयरपोर्ट के बाहर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। नीतीश कुमार सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात करेंगे। सपा कार्यालय में नीतीश कुमार और अखिलेश यादव संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। इससे पहले बिहार के सीएम नीतीश कुमार पश्चिम बंगाल सीएम ममता बनर्जी से मुलाकात करने गए थे। बता दें, विपक्ष को एकजुट करने की मुहीम में नीतीश कुमार देश भर के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अपने दम पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस अथवा अन्य दलों को खुद तय करना है कि वे किसके साथ रहेंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यह भी साफकिया है कि अलग-अलग राज्यों में क्षेत्रीय दलों के नेतृत्व में ही लोकसभा चुनाव लड़ा जाएगा। ऐसे में बिहार के मुख्यमंत्री नतिश कुमार लगातार विपक्षी एकता को धार देने में जुटे हैं। वह पिछले दिनों दिल्ली में तमाम विपक्षी दलों से मुलाकात कर चुके हैं। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में वह मुख्य विपक्षी दल सपा को साथ लेकर चल रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ एक के बाद एक कदम बढ़ा रहे हैं। इसी रणनीति के तहत उनका सोमवार को लखनऊ पहुंचने का कार्यक्रम है। वह सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात करेंगे। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि नीतीश कुमार और अखिलेश के बीच चुनाव लड़ने के मुद्दे पर भी बातचीत हो सकती है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार ममता बनर्जी सहित अन्य क्षेत्रीय दलों के नेताओँ के संपर्क में हैं। सूत्रों का कहना है कि नीतीश कुमार और अखिलेश के बीच सोमवार को होने वाली वार्त में अन्य दलों से मिले फीडबैक पर भी चर्चा होगी। क्योंकि 18 मार्च को अखिलेश यादव से मिलने के बाद ममता बनर्जी ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और फिर जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच.डी. कुमारस्वामी से भी मिलीं थीं।

### कांग्रेस उम्मीदवारों ने अंतिम दिन अपना नामांकन दाखिल किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में चल रहे नगर निकाय चुनाव के द्वितीय चरण के 9 मंडलों, 38 जनपदों के अंतर्गत 7 नगर निगम, 100 नगर पालिका तथा 327 नगर पंचायतों के निर्वाचन में कांग्रेस पार्टी द्वारा महापौर, नगर पालिका,पंचायत अध्यक्ष पद, पार्षद,सभासद,सदस्य पद हेतु घोषित उम्मीदवारों ने आज पर्चा दाखिला के अंतिम दिन अपना नामांकन पूरी तैयारी और कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि द्वितीय चरण में सम्पन्न होने वाले 7 महापौर, कांग्रेस पार्टी द्वारा अधिकृत प्रत्याशीगण कानपुर से आशनी अवस्थी पत्नी विकास अवस्थी, मेरठ से नसीम कुरैशी, बरेली से डॉ0 कुलभूषण त्रिपाठी, शाहजहांपुर से निकहत इकबाल, गाजियाबाद से पुष्पा रावत, अलीगढ़ से सी0पी0 गौतम तथा अयोध्या से प्रमिला राजपूत ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही सभी वार्डो से पार्षद,सभासद,सदस्य उम्मीदवारों ने भी नामांकन दाखिल किया। प्रवक्ता ने आगे बताया कि कानपुर मेयर प्रत्याशी के नामांकन में पूर्व विधायक अजय कपूर, भूधर नारायण मिश्रा, नेक चन्द्र पाण्डेय, सोहिल अख्तर अंसारी, संजीव दरियाबादी, प्रदेश महासचिव शरद मिश्रा, नौशाद आलम, मदन मोहन शुक्ला, आलोक मिश्रा, बरेली के नामांकन में मुजाहिद्दीन, पूर्व विधायक नरेन्द्र पाल, गाजियाबाद के नामांकन में पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, डॉली शर्मा, सतीश त्यागी, बदरूद्दीन कुरैशी, बृजेन्द्र यादव, अयोध्या मेयर प्रत्याशी के नामांकन में राजेन्द्र प्रताप सिंह, राम वर्मा, मेरठ के नामांकन में ओपी शर्मा, मोहम्मद इमरान, पीटर हैरिसन, शाहजहांपुर के नामांकन में रिसाल अहमद, अशफाक उल्ला, धर्मेन्द्र दीक्षित, अलीगढ़ मेयर प्रत्याशी के नामांकन में पूर्व विधायक विवेक बसंल, गिरिवल शर्मा, प्रतिमा सिंह, स्वाराज्य जीवन, संतोष सिंह, कौशलेन्द्र यादव इत्यादि प्रमुख रहे।

### राजधानी में तेज आंधी के साथ हुई मूसलाधार बारिश

लखनऊ। राजधानी में सोमवार दोपहर एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर के वक्त तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई। जिससे मौसम में ठंडक आ गई। वहीं प्रदेश में कई जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने की भी खबर है। इस बारिश के कारण किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को भी नुकसान हुआ है। बता दे कि उत्तर भारत में बीते कई दिनों से मौसम विभाग द्वारा चेतावनी दी गई थी कि कई इलाकों में मौसम खराब हो सकता है, जिससे बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है।

सोमवार को दोपहर आसमान में काले घने बादल छा गये और तेज अंधी के साथ बारिश हुई सोमवार सुबह मौसम साफहो गया था और तेज धूप के साथ गर्मी ने फिर से दस्तक दी थी, जिससे लोगों का गर्मी से हाल बेहाल था। वहीं रदोपहर को एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला। दोपहर के वक्त बादलों ने आसमान में डेरा डाल लिया और तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश होने लगी। करीब दो घण्टे तक हुई इस मूसलाधार बारिश से मौसम में ठंडक आ गई है, जिससे लोगों को अप्रैल के महीने में गर्मी से निजात मिली है। इस बारिश के कारण किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है। इस बारिश के कारण किसानों की गेहूं की फसल भीग गई है। जिससे उन्हें थ्रेसिंग करने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वहीं अभी भी मौसम विभाग द्वारा चेतावनी दी गई है कि आगामी 2 दिनों तक मौसम खराब रहेगा।

# यूपी निकाय चुनाव से पहले बीजेपी ने लांच किया कैंपेन सॉन्ग.. गुंडे पुकारते हैं अखिलेश आइए...

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव के लिए 4 मई और 11 मई को मतदान होना है। जिसे लेकर एक तरफ तो सभी पार्टियां जोरों-शोरों से चुनाव प्रचार करती हुई नजर आ रही हैं। वहीं, दूसरी तरफ विपक्ष को नीचा दिखाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इसी के चलते यूपी बीजेपी के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से एक वीडियो को ट्वीट किया गया है। जिसके जरिए बीजेपी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा है। वीडियो में यूपी बीजेपी की तरफसे एक नया कैंपेन सॉन्ग गुंडे पुकारते हैं अखिलेश आइए लॉन्च किया गया है। बता दें कि चुनाव से पहले पार्टियों में होने वाली दंगल शुरू हो चुकी है। इस बात को साबित करता हुआ एक वीडियो सामने आया है। जिसे यूपी बीजेपी के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर ट्वीट किया गया है। इस वीडियो में यूपी बीजेपी द्वारा एक सॉन्ग के जरिए अखिलेश यादव पर निशाना साधा गया है। इस गाने में मुजफ्फरनगर दंगों, महिलाओं के खिलाफ अपराध, मुख्तार और उमेश पाल हत्याकांड जिक्र किया गया है। बताया जा रहा है कि चुनाव में प्रचार वाहनों पर इस सॉन्ग को दिखाया जाएगा। इस गाने के बोल हैं, गुंडे पुकारते हैं अखिलेश आइए, दंगों में फिर यूपी को वापस जलाइए। यूपी को जिसने लूटा, वो नेता तुम्हीं तो थे। जेपी के सपने तोड़ दिए, वो बेटे तुम्हीं तो थे। एक बार फिर से टोंटी चुराइए। गुंडे पुकारते हैं अखिलेश आइए। यूपी बीजेपी के ट्विटर हैंडल से पोस्ट किया गया वीडियो करीब 4 मिनट का है। जिसमें भाजपा ने समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला है। इसमें अपराधियों और माफियाओं को समाजवादी पार्टी की सरकार में आरक्षण मिलने की बातें भी कही गई है। बता दें कि इस वीडियो गाने में अखिलेश यादव के साथ ही अतीक अहमद को दिखाया गया। पार्टी सूत्रों की मानें तो बीजेपी नगर निकाय चुनाव में लोगों के बीच जाकर सपा और अतीक अहमद के कनेक्शन याद दिलाना चाहती है। इसलिए नगर चुनाव में बीजेपी के एलईडी प्रचार वाहनों पर भी इस वीडियो गीत को दिखाए जाने की संभावना है।

> गाने में मुजफ्फरनगर दंगों, महिलाओं के खिलाफअपराध, मुख्तार और उमेश पाल हत्याकांड जिक्र किया गया है। बताया जा रहा है कि चुनाव में प्रचार वाहनों पर इस सॉन्ग को दिखाया जाएगा

# अखिलेश आइए, जनता पुकारती है...खुशहाली और विकास का सूरज उगाइए: शिवपाल

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अखिलेश यादव पर बनाए गए कैंपेन सॉन्ग पर समाजवादी पार्टी के महासचिव शिवपाल यादव ने पलटवार किया है। उन्होंने ट्विटर पर ट्वीट कर कहा है कि, भाजपा आज सड़कछाप गुंडों की भाषा की प्रतीक व किसी का भी चरित्र हनन करने वाली पाठशाला बन गई है। सपा की जड़ों में लोकतंत्र, समता और एकता के मूल्य बहुत गहरे हैं। तमाम जुल्मों और षड्यंत्रों के बावजूद हम उठ खड़े होंगे। साथ ही उन्होंने भी बीजेपी के गाने का जवाब देते हुए कहा, अखिलेश आइए, जनता पुकारती है...खुशहाली और विकास का सूरज उगाइए। बता दें कि, प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव से पहले राजनीतिक पार्टियों में दंगल शुरू हो चुकी है। सभी पार्टियां एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगी है। इस बात को साबित करता हुआ एक वीडियो सामने आया है। जिसे यूपी बीजेपी के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर ट्वीट किया गया है। इस वीडियो में यूपी बीजेपी द्वारा एक सॉन्ग के जरिए अखिलेश यादव पर निशाना साधा गया है। इस गाने में मुजफ्फरनगर दंगों, महिलाओं के खिलाफ अपराध, मुख्तार और उमेश पाल हत्याकांड जिक्र किया गया है। बताया जा रहा है कि चुनाव में प्रचार वाहनों पर इस सॉन्ग को दिखाया जाएगा। इस गाने के बोल हैं, गुंडे पुकारते हैं अखिलेश आइए, दंगों में फिर यूपी को वापस जलाइए। यूपी को जिसने लूटा, वो नेता तुम्हीं तो थे। जेपी के सपने तोड़ दिए, वो बेटे तुम्हीं तो थे। एक बार फिर से टोंटी चुराइए। गुंडे पुकारते हैं अखिलेश आइए।यूपी बीजेपी के ट्विटर हैंडल से पोस्ट किया गया वीडियो करीब 4 मिनट का है। जिसमें भाजपा ने समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला है। इसमें अपराधियों और माफियाओं को समाजवादी पार्टी की सरकार में आरक्षण मिलने की बातें भी कही गई है।



लविवि के अटल बिहारी बाजपेई ब्लाक के कक्ष में होने वाले कर्मचारी परिषद के चुनाव चिन्ह लेकर सभी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राकेश यादव दानिश फिरोज रिकूँ राय रोली श्रीवास्तव

## बीजेपी ने मेयर प्रत्याशी छीना तो अखिलेश ने कसा तंज

# इतनी बड़ी पार्टी और चुनाव लड़ाने के लिए प्रत्याशी तक नहीं

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



यूपी निकाय चुनाव के करीब आते ही नेताओं के दल बदलने का दौर भी शुरू हो गया है। इसी कड़ी में शाहजहांपुर से समाजवादी पार्टी की मेयर प्रत्याशी रहीं अर्चना वर्मा ने ऐन वक्त भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया।

अर्चना के इस कदम से पूरी समाजवादी पार्टी चौंकी हुई दिखाई दी। इस पर भड़के अखिलेश यादव ने भाजपा पर करारा पलटवार किया है। अखिलेश ने ट्वीट कर लिखा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का दावा करनेवालों का दिवालियापन देखिए कि उनके पास चुनाव लड़ाने के लिए प्रत्याशी तक नहीं है। इसका मतलब या तो भाजपा के पास कोई कार्यकर्ता नहीं है या फिर भाजपा में अपने कार्यकर्ताओं को टिकट न देकर अपमान करने की परंपरा है। भाजपा अंदरूनी लड़ाई में उलझी है। बता दें कि शाहजहांपुर से समाजवादी पार्टी ने अर्चना वर्मा को मेयर प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन, भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी को ही तोड़ लिया और भारतीय जनता पार्टी में शामिल कराकर शाहजहांपुर से मेयर का उम्मीदवार बना दिया। अखिलेश यादव के कहा कि इस ट्वीट का मकसद यही है कि शाहजहांपुर से उन्होंने अपनी पार्टी से पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा की बहू अर्चना वर्मा को मेयर का टिकट दिया था। पार्टी से सिंबल भी दे दिया गया था. लेकिन, नामांकन के ठीक एक दिन पहले भारतीय जनता पार्टी ने इस प्रत्याशी को तोड़कर भाजपा में मिला लिया। इतना ही नहीं देर रात जब प्रत्याशियों की सूची जारी की तो भाजपा ने शाहजहांपुर से अर्चना वर्मा को प्रत्याशी बना दिया। इससे नाराज अखिलेश ने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर अपने ही कार्यकर्ताओं के अपमान का आरोप लगाया।

# यूपी बोर्ड के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट आज



समृद्धि न्यूज। लखनऊ

प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने बताया कि यूपी बोर्ड वर्ष 2023 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएटपरीक्षा का परीक्षाफल 25 अप्रैल को अपराहन 1:30 बजे माध्यमिक शिक्षापरिषद मुख्यालय, प्रयागराज से घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समय से वर्ष 2023 बोर्ड परीक्षा तथा उत्तर पुस्तिकाओं का सम्यक एवं त्रुटिरहित मूल्यांकन कार्य सकुशल संपन्न किया गया है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा 16 फरवरी से 4 मार्च के मध्य नकलविहीन एवं सुचितापूर्ण संपन्न हुई है। सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज ने बताया कि हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षाफल को माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट तथा एनआईसी की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### निकाय चुनाव में मतदान के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

लखनऊ। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के अन्तर्गत प्रदेश के नगर निगमों केमहापौरों, पार्षदों तथा नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षो व सदस्यों के चुनाव हेतु राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश की 09 अप्रैल को जारी अधिसूचना के दृष्टिगत 04 मई को प्रथम चरण के मतदान वाले जनपदों में तथा 11 मई दिन बृहस्पतिवार को द्वितीय चरण के मतदान वाले जनपदों में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। प्रथम चरण मतदान दिवस 04 मई को जिन जनपदों में अवकाश घोषित किया जायेगा, उसमें शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, झाँसी, जालौन, ललितपुर,कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, उन्नाव, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली,सीतापुर, लखीमपुर खीरी, गोण्डा, बहराईच, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोरखपुर,देवरिया, महराजगंज,कुशीनगर, गाजीपुर, वाराणसी, चन्दौली एवं जौनपुर शामिल है। द्वितीय चरण मतदान दिवस 11 मई को जिन जनपदों में अवकाश घोषित कियाजायेगा, उसमें मेरठ, हापुड, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर,बदायं शाहजहांपुर, बरेली, पीलीभीत, हाथरस, कासगंज, एटा, अलीगढ़, कानपुर नगर, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, औरैया, कानपुर देहात, हमीरपुर,चित्रकूट, महोबा, बांदा, अयोध्या, सुल्तानपुर. अम्बेडकरनगर, बाराबंकी, अमेठी, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सोनभद्र,भदोही एवं मीरजापुर शामिल है। अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन जितेन्द्र कुमार ने कहा कि सम्बंधित जिलाधिकारी मतदान दिवस के दिन अपने-अपने जनपदों मेंसार्वजानिक अवकाश घोषित करेगें।

# प्रधानमंत्री के मन की बात सुनेगी दीदियां

## मनरेगा के श्रमिक बन्धु भी रेडियो कार्यक्रम का करेंगे श्रवण: केशव

संवाददाता। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ,ऐतिहासिक कार्यक्रम बन गया है। उन्होंने कहा की मन की बात के 100 वें एपिसोड पूरे होने पर उत्तर प्रदेश में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की लगभग 70 लाख महिलाएं व मनरेगा के श्रमिक बन्धु भी सुनेंगे। उन्होंने बताया इस महीने के अंतिम रविवार को यानी 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री के मन की बात के 100 में एपिसोड का प्रसारण होगा ।यह बहुत ही लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम है। मन की बात में प्रधानमंत्री द्वारा बहुत ही प्रेरक और उत्साहजनक बातें की जाती है, जिससे लोगों के जीवन में एक नयी ऊर्जा व नये उत्साह का संचार होता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा की मन की बात कार्यक्रम में लोगों के मन की बात जानकर और उन्हें देशवासियों के साथ शेयर किया जाता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात के 100वें एपिसोड को लेकर लोगों में बहुत उत्साह ,उमंग और उत्सुकता है। प्रधानमंत्री के विचारों को सुनने का मन की बात का यह एपिसोड बहुत ही यादगार साबित होगा। श्री मौर्य ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम में सफलताओं के पीछे लोगों के योगदान को सराहा जाता है। पिछले एपिसोड्स में ऐसी सख्सियतो को खोजा गया ,जिन्होंने अपने क्षेत्र में विशेष योगदान किया है। मन की बात में जलवायु परिवर्तन, कृषि, कला, संस्कृति,स्वास्थ्य, आदि सभी विषयों को शामिल किया गया। मन की बात में हर समाज के सामने कुछ नया पेश किया गया ताकि समाज को उसके बारे में जानकारी मिल सके ,इसका खास मकसद देश को एकता के सूत्र में बांधना और सबको साथ लेकर विकास करना है।

# अवैध शराब व धन को किया जाए जब्त : जिलाधिकारी

- जिलाधिकारी ने की चुनाव तैयारियों की समीक्षा
- मतदान स्थल पर हो मतदान कार्मिकों के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं
- सभी अधिकारी ईमानदारी से करें अपने दायित्वों का निर्वहन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार को जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने नगर निकाय निर्वाचन को लेकर चुनाव प्रक्रिया में लगे सभी प्रभारी अधिकारियों के साथ आनलाइन जूम के द्वारा बैठक की। जूम द्वारा सभी अधिकारी बैठक में जुड़े रहे। डीएम ने बैठक में निर्वाचन को लेकर की जा रही सभी तैयारियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उनके द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियों के लिए सोने, खाने, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था हर हाल में मौजूद होनी चाहिए ताकि किसी भी मतदान कार्मिक को मतदान स्थल से बाहर ना जाना पड़े। डीएम ने कहा कि सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने बूथों का पहले से ही निरीक्षण कर लें वहां जो भी कमी हो उसे समय रहते दूर करा लिया जाए। उन्होंने सभी एफएसटी व एसएसटी टीमों को निर्देश दिए कि वह अवैध रूप से मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए ले जाये जा रहे शराब व धन को जब्त करने की कार्यवाही करें। चुनाव को किसी भी प्रकार से प्रभावित ना होने दिया जाए। चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वह बूथों का निरीक्षण कर वहां पर जो भी कमियां पाई जायें उसे दूर कराते रहें। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए सभी बूथों पर मतदान कार्मिकों के लिए मास्क व सैनिटाइजर की व्यवस्था कराई जाये साथ ही एक आशा की भी नियुक्ति की जाए। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में मतपत्र उपलब्ध कराने व मत पेटियों को चेक कराने के निर्देश दिए। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में लगे सभी प्रभारी अधिकारी अपने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने की जिम्मेदारी आप लोगों पर है। अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, जिला विकास अधिकारी सहित सभी प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

### 14 प्रकार के अभिलेखों से होगी मतदाता की पहचान : जिला निर्वाचन अधिकारी

नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय) डॉ उज्ज्वल कुमार ने बताया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन का मतदान 04 मई को सम्पन्न होगा। उन्होने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के मंशानुसार मतदान के समय ऐसे मतदाता जिन्हें निर्वाचन फोटो पहचान पत्र जारी किये गये हैं, को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मत देने से पूर्व अपना निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे मतदाता जो अपना फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 14 प्रकार के वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज मतदान स्टॉफ को प्रस्तुत कर मतदान कर सकते है। उन्होने बताया कि इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पहचान पत्र, पास पोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोग्राफ युक्त सेवा पहचान पत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/डाकघर के द्वारा जारी पासबुक और किसान पासबुक/किसान बही जिसमें फोटोग्राफ लगी हुई हो, सम्पत्ति दस्तावेज जैसे-पट्टा, रजिस्ट्रीकृत विलेख आदि फोटो सहित, पेंशन दस्तावेज जैसे कि भूतपूर्व पेंशन सैनिक, पेंशन बुक/पेंशन अदायगी आदेश/भूतपूर्व सैनिक विधवा/आश्रित प्रमाण पत्र/वृद्धावस्था पेंशन आदेश/विधवा पेंशन आदेश फोटोयुक्त, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेंस, फोटोयुक्त स्वतंत्रता सेनानी पहचान पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा फोटोयुक्त विकलांगता प्रमाण-पत्र, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड, मनरेगा योजना के अधीन फोटोयुक्त जारी जॉबकार्ड, फोटोयुक्त राशनकार्ड उपरोक्त के अतिरिक्त चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित अन्य पहचान सम्बन्धी अभिलेख प्रस्तुत कर सकते है।

## वन विभाग के कर्मियों ने घायल हिरन का कराया इलाज



**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

खेतों में लगाये गए कटीले तार की चपेट में आकर घायल हुये हिरन का इलाज कराकर सुरक्षित कराया गया है। वन दरोगा अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम बरगदी में पशुओं से खेत की फ़सल बचाने के लिए किसानों द्वारा लगाए गए कटीले तार की चपेट में आकर एक हिरन गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम हिरन को कब्जे में लेकर बसेहिया पौधशाला ले आई। जहां हेल्पलाइन नंबर 1962 डायल करके पशु स्वास्थ्य कर्मियों को बुलाकर उसका इलाज कराया गया। उन्होंने बताया कि फिलहाल हिरन पूरी तरह सुरक्षित है और स्वस्थ हो जाने पर उसे जंगल में छोड़ दिया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### डीएम-एसपी ने अध्यक्ष प्रत्याशियों के साथ की बैठक

- कोतवाली नानपारा में चुनाव आचार संहिता पालन के दिए निर्देश



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** डीएम व एसपी ने कोतवाली नानपारा में नगरपालिका प्रत्याशियों के साथ बैठक पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने थाना कोतवाली नानपारा तथा थाना रूपईडीहा में अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के साथ बैठक कर चुनाव आचार संहिता के अनुपालन के सम्बन्ध में अपील करते हुए बताया कि प्रत्याशी अपने चुनाव प्रचार पर अधिकतम नौ लाख रुपए खर्च कर सकेंगे। चुनाव प्रचार प्रसार के दौरान धार्मिक स्थल का प्रयोग नहीं होगा नाही प्रचार के दौरान किसी मतदाता को धार्मिक भावना के आधार पर वोट डालने के लिए दबाव डाला जाएगा। प्रचार में चलने वाले वाहनों की अनुमति पहले से लेनी होगी। डीएम ने कहा कि सभी प्रत्याशि व उनके प्रतिनिधि निर्वाचन के दौरान आयोग के निर्देशों का पालन करेंगे। ऐसा कोई कार्य लिखकर, बोलकर अथवा किसी प्रतीक के माध्यम से नहीं करेंगे, जिससे किसी धर्म (मजहब), सम्प्रदाय, जाति या सामाजिक वर्ग एवं राजनीतिक दल, उम्मीदवार, राजनीतिक कार्यकर्ताओं की भावना आहत हो। किसी उम्मीदवार के व्यक्तिगत जीवन से संबंधित पहलुओं पर आलोचना नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ने प्रत्याशियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान मादक द्रव्य बाटना नियम विरुद्ध है यदि ऐसा होता है तो पुलिस उससे सख्ती से पेश आएगी। स अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा अजित परेश, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय, नायब तहसीलदार शैलेश कुमार, एस.एच.ओ. नानपारा हेमन्त कुमार गौड़ व थानाध्यक्ष रूपईडीहा श्रीधर पाठक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी तथा प्रत्याशीगण मौजूद रहे। प्रत्याशियो ने डीएम से चुनाव प्रचार के दौरान उपयोग किए जाने वाले वाहन की अनुमति के लिए एकल खिड़की की मांग की जिसपर डीएम ने उपजिलाधिकारी से मांग पत्र भेजने को कहा जिससे आयोग से अनुमति लेकर एकल खिड़की जल्द शुरू की जा सके।

### राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायतों में मनाया गया राष्ट्रीय पंचायत दिवस



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में जनपद के ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में आयोजित बैठक आयोजित कर राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया गया। बैठक में लाभार्थी परक योजनाओं पर विचार किया गया तथा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में नये लाभार्थियों के चयन किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा भी की गयी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जनपद के लगभग 550 ग्राम पंचायतों को ओ0डी0एफ0 प्लस मॉडल के रूप में विकसित किये जाने हेतु प्रस्तावित हैं। ऐसे ग्रामों में स्वच्छता कार्य कराये जाने हेतु कार्ययोजना के निर्माण पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। चर्चा में समाज के सभी वर्गों के लोगों की सहभागिता ग्राम पंचायत द्वारा सुनिश्चित करायी गयी। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन का लाइव प्रसारण भी किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में जिला विकास अधिकारी एवं प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी महेन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भी प्रधानमंत्री के सम्बोधन का लाइव प्रसारण किया गया। लाइव प्रसारण के उपरान्त प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के पंचायत प्रतिनिधियों एवं पंचायत सचिवों को कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता लाने हेतु निर्देशित करते हुए कहा गया कि जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में प्रत्येक कार्य दिवस में पंचायत भवन नियमित रूप संचालित हो तथा ग्राम पंचायत से सम्बन्धित समस्त कार्य पंचायत भवन से ही कराये जाये। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में कार्यरत अनूप कुमार मौर्य को विभागीय कार्यों को ससमय से सम्पदित कराने व शिकायतों को समयबद्धता के साथ निस्तारण कराने हेतु प्रशस्त्रि प्रदान किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी उमाकान्त पाण्डेय द्वारा समस्त जनपद वासियों को पंचायतीराज दिवस की शुभकामनाएं देते हुए यह संदेश दिया गया कि वर्तमान में ग्राम पंचायतों द्वारा तैयार की जा रही स्वच्छता कार्ययोजना तथा वार्षिक कार्य योजना में समाज के सभी वर्गों के लोगों को सम्मिलित किया जाय। साथ ही स्थानीय स्तर की समस्याओं का निस्तारण ग्राम स्तर पर ही कराया जाय जिससे अनावश्यक रूप से ग्रामवासियों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए भाग-दौड़ न करनी पडे। इस अवसर पर पीडीडीआरडीएम पी.एन. यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, रामशंकर वर्मा, जिला परियोजना प्रबन्धक सुनील चौरसिया एवं अनुपम शुक्ला, जिला समन्वयक, अखण्ड प्रताप सिंह, लेखाकार, उमाशंकर गुप्ता, प्रधान सहायक अश्वनी श्रीवास्तव सहित देवेन्द्र नाथ सिंह, संजय ओझा व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## रंजिश में भाई को मारी गोली, घायल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

तरब गंज थाना क्षेत्र में विजय नगर मार्ग स्थित नगदही ग्राम के निकट एक भट्ठे के पास रविवार की देर रात्रि में सगे भाई ने अपने ही भाई को रंजिश में गोली मार दिया।

घायल अवस्था मे उस को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उस की हालत गम्भीर बनी हुई है। तरब गंज थाना क्षेत्र के बेलसर रगड़ गंज निवासी 30 वर्षीय मो तुफैल पुत्र मनुऊवर अली बाइक से अपने घर लौट रहा था। तभी उस को तीन लोगों ने रोक कर गोली मार कर घायल कर दिया गया।

घायल अवस्था मे भर्ती के दौरान मो तुफैल ने बताया कि वह विजय नगर एक लोग व्यक्ति ने बकाया पैसा मांगने गया था। पैसा मांग कर वापस देर रात्रि में घर लौट रहा था। उस ने बताया कि तीन लोग थे। उन लोगो ने मुझे रोका और कहा कि बाइक में पेट्रोल खत्म हो गया है। पेट्रोल दे दो, इस पर वह बाइक से उतर और गाड़ी से पेट्रोल निकालने लगा तभी उस को गोली मार दिया। उसने बताया कि मारने में उस के भाई जुबेर अहमद थे। जिन को वह पहचान गया। गोली मारने के बाद भाग गए। उस ने घायल अवस्था मे 112 नम्बर पुलिस को फोन किया।

मौके पर पुलिस पहुँची और उस को घायल अवस्था मे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उस ने बताया कि प्रधानी के चुनाव के चुनाव और जमीन के विवाद का मामला चल रहा है। जिस को लेकर विवाद हो चुका था। घटना की तहरीर तरब गंज थाना पर दी गई है।

## मेढ़ के विवाद को लेकर अधेड़ पर हंसिया से हमला

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कौड़िया थाना क्षेत्र में मेढ़ के विवाद को लेकर एक अधेड़ को हंसिया से हमला कर के घायल कर दिया गया। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की तहरीर थाने पर दी गई है।कौड़िया थाना क्षेत्र के पर्सिया रानी गांव के निवासी 55 वर्षिय बद्री प्रसाद पुत्र स्वामी दयाल रविवार की देर शाम को गन्ने की सिंचाई कर रहा था। सिंचाई के दौरान उस का मेड़ कट गया। पानी बगल के खेत मे चला गया। मेड़ बांधने को लेकर दोनो में विवाद होने लगा। विवाद के दौरान ही उस पर हंसिया से हमला कर दिया गया। जिस से घायल हो गया। इलाज़ के लिए उस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की तहरीर थाने पर दी गई है।

## 11 दिवसीय रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा के साथ 11 दिवसीय रूद्र महायज्ञ एवं मानस वेदांत सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। रविवार को क्षेत्र के प्राचीन बरखंडी नाथ महादेव मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें करीब 300 वाहनों के काफिले के साथ भारी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे शामिल रहे। यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर मुख्य मार्ग से होते हुये कर्नलगंज बाजार पहुंची,जहां जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत हुआ। उसके बाद यात्रा कर्नलगंज नगर से लखनऊ रोड होते हुए कटरा घाट स्थित सरयू नदी के तट पर पहुंची। जहां भारी संख्या में महिलाऐं सरयू की पावन धारा से जल भरकर मंदिर की तरफ रवाना हुई। जिनकी अगुवाई स्वयं सिर पर कलश रखकर आगे चल रहे मंदिर के महंथ सुनील पुरी कर रहे थे। यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुये मंदिर परिसर पहुंची, जहां विधि विधान से पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुये यात्रा का समापन हुआ। महंथ ने बताया कि आयोजित 11 दिवसीय रुद्र महायज्ञ 4 मई तक चलेगा। जिसमें उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि कई प्रदेश के संत भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल को जगतगुरु शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती व 3 मई को स्वामी अभयानंद सरस्वती का भी आगमन होगा। इसी के साथ ही प्रतिदिन अयोध्या धाम, काशी, मथुरा सहित अन्य धार्मिक स्थलों के संतों का आगमन होगा। जिसको लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां की गई है। यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था हेतु प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह, उपनिरीक्षक मनीष कुमार,अजय कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## सदर विधायक ने किया घर-घर जनसंपर्क

- भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए लोगों से किया आग्रह

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद चुनाव के अंतर्गत सोमवार को पूर्व मंत्री सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने भाजपा प्रत्याशी सुधा टेकड़ीवाल के पक्ष में पंडित दीनदयाल नगर एवं सूफी पुरा खत्री पुरा वार्ड में लोगों से सघन जनसंपर्क करते हुए मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में निकलकर पूर्ण मतदान करने की अपील की ।

उन्हौंने लोगों से मिलकर इस बार भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी सुधा को भारी मतों से जिताने के लिए आग्रह किया एवं कहा कि जब नगर पालिका परिषद में हमारा चेयरमैन बैठेगा तो पूरे बहराइच में विकास की रेल दौड़ेगी एवं स्वच्छ सुंदर व स्वस्थ बहराइच होगा।

अनुपमा जायसवाल ने कहा कि जब आप सभी भाजपा का चेयरमैन बनाएंगे तो हम दोनों मिलकर इस बहराइच शहर को आदर्श नगर पालिका के रूप में पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम पायदान पर स्थापित करेंगे। सदर विधायक ने पंडित दीनदयाल नगर में भाजपा प्रत्याशी आशीष सिंह को निर्विरोध चुने जाने पर लोगों का आभार भी व्यक्त किया साथ ही जो लोग प्रत्याशिता की दौड़ में थे उनसे मिलकर उन्हें पार्टी के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया एवं कहा कि जब आप सभी पार्टी के मजबूत स्तंभ के रूप में कार्य करते रहेंगे तो भविष्य में किसी न किसी रूप में आपको स्वयं को स्थापित करने का अवसर अवश्य प्राप्त होगा। इस अवसर पर जनसंपर्क के दौरान सभासद आशीष सिंह, प्रदीप पांडे ललऊ पंडित नगर महामंत्री सुनील श्रीवास्तव, अजय जायसवाल, नगर मंत्री अमित श्रीवास्तव, युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी सतीश सिंह, नगर अध्यक्ष अर्पित श्रीवास्तव, आनंद जायसवाल, प्रताप जायसवाल, अक्षय सिंह, सुधांशु सिंह, उत्तम सिंह, अयोध्या प्रसाद अवस्थी, मुकुट बिहारी तिवारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाया धरपकड़ अभियान

- 36 घंटे में पकड़े गए 195 वारंटी और 9 वांछित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले में आगामी निकाय चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश में सभी थाना प्रभारियों को धरपकड़ अभियान चलाने का निर्देश दिया जिसमें 36 घंटों में 195 वारंटी वह वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन मंडल द्वारा अपने पत्रांक के माध्यम से विशेष धरपकड़ अभियान चलाकर वांछित एवं न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र में नामित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए आदेश निर्देश दिया जिस पर पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश में चले अभियान के तहत जनपद के सभी थाना क्षेत्रों से 195 वारंटी और 09 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। सोमवार को सभी को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान लगातार जारी है रविवार को वांछित व वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया इसी क्रम में जनपद के सभी थानों से 195 वारंटी आरोपी गिरफ्तार किए गए। जिन्हें सोमवार को विभिन्न मामलों में न्यायालय मे पेश किया गया।



### पुस्तक पाकर छात्रों के खिले चेहरे

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शासन के दिशा निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में खंड शिक्षा अधिकारी जगन्नाथ यादव ने संकुल बौंडी के विभिन्न विद्यालयों में छात्र छात्राओं को सरस्वती पूजन के उपरांत निशुल्क पुस्तकें वितरित की। पुस्तके पाकर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का अनुरोध किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिक्षा सभी छात्रों का अधिकार है और इसके लिए शासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने यू डायस पोर्टल पर सभी विद्यालयों के छात्र विवरण अपलोड की समीक्षा की। डीबीटी से संबंधित नवीन दिशा निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक संकुल बौंडी साकेत भूषण तिवारी ने सभी शिक्षकों से निपुण भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में निरंतर अग्रसर रहने का अनुरोध किया।उन्होंने बताया कि शीघ्र ही अपने जिले को निपुण जिला बनाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। विद्यालय प्रधानाध्यापक सुशील कुमार यादव ने सभी बच्चों को नियमित ड्रेस पहनकर समय से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक पुत्ती लाल , सिद्धेश्वर वर्मा, उपेंद्र उपाध्याय सहित जनप्रतिनिधि अभिभावक विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्य शिक्षक शिक्षामित्र और अनुदेशक उपस्थित रहे।

## दरगाह में संचालित दुकानों में लगी आग, लाखों का नुकसान

- सात दुकान का सामान पूरी तरह से जलकर हुआ राख

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



शहर के सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह परिसर में संचालित दुकानों में रात में आग लग गई। सात दुकान का सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। तीन दमकल वाहनों ने आग पर काबू पाया। अग्निकांड में लाखों का नुकसान हुआ है। दरगाह थाना क्षेत्र के सैयद सालार मसूद गाजी का जेठ मेला 20 मई से है। इसको लेकर दुकानदार अपनी दुकान लगाने का काम शुरू कर चुके हैं। जबकि आम दिनों की तरह अन्य दुकानें संचालित हैं। रविवार रात तीन बजे दरगाह के जंजीरी गेट के पास संचालित दुकानों में आग लग गई। आग लगने से मुबारक अली की बैग की दुकान, मेराज की फुटवियर, सोनू की बर्तन, मोहम्मद आरिफ का चार झूला, छोटू समेत सात लोगों के दुकान में आग लग गई। सूचना पाकर दरगाह थाने की पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। तीन दमकल वाहनों से कर्मचारियों ने आग बुझाया। सात दुकानों में लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई है। आग विद्युत ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से लगने की संभावना जताई जा रही है। लगभग दो घंटे बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका। वहीं आग को लेकर दरगाह परिसर में अफरा तफरी मची रही। प्रभारी निरीक्षक आरडी मौर्य ने बताया कि आग लगने की जानकारी मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। आग कैसे लगी, अभी इसकी जानकारी नहीं चल सकी है।

## हाइवे पर कार की टक्कर से पलटी पिकअप

- कुत्ते को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा, लगा भीषण जाम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ-बहराइच मार्ग पर को बचा रहे पिकअप वाहन में पीछे से कार ने टक्कर मार दी। जिससे पिकअप वाहन पलट गया। टक्कर के चलते कार में सवार लोग चोटिल हो गए। लखनऊ मार्ग पर जाम लग गया। पुलिस ने जाम हटवाया, तब आवागमन बहाल हो सका।जरवलरोड थाना क्षेत्र के लखनऊ बहराइच मार्ग तपेसिपाह गांव के पास पिकअप के सामने कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के चक्कर में पीछे से ओवरटेक कर रही कार के टकराने से पिकअप वाहन पलट गया। हादसे में कार व पिकप क्षतिग्रस्त हो गया। इससे हाइवे पर जाम लग गया। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जाम में फंसे वाहनों को आवागमन को हटवाया। सूचना पर उप निरीक्षक अनिल कुमार, कांस्टेबल संजीत यादव ने पहुंचकर सड़क पर लगे वाहनों के जाम को खाली कराने के लिए जेसीबी बुलाकर पिकअप वाहन को सीधा करा दिया। जिससे लखनऊ, बहराइच, गोंडा मार्ग आवागमन बहाल हो सका। दोनों वाहनों में सवार लोगों को मामूली रुप से चोटिल हुए हैं। जिन्हे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में दिखाया गया।

## अन्ना मवेशी के हमले में बुजुर्ग की मौत

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटीहाट निवासी देव नारायण पाण्डेय (75) रविवार को खेत गए थे। खेत से वापस आते समय घर के निकट वह दोपहर में पहुंचे। तभी सांड ने वृद्ध को सींग से उठाकर पटक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मोहल्ले के लोगों ने दौड़ कर सांड से बचाया। इसके बाद उन्हें सीएचसी में पहुंचाकर भर्ती कराया। यहां इलाज में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत में सुधार न होने पर डॉ. ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रात में उनकी मौत हो गई। जिस पर परिवार के लोग शव लेकर वापस जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गंभीर रूप से घायल महिला लखनऊ रेफर

मोतीपुर क्षेत्र के बरुहा गांव निवासी भगोना देवी (60) पत्नी भगौती रामपुर बाजार शनिवार को शाम सामान लेने आयी थी। सामान ले कर घर वापस जा रही थी। महिला जैसे किंकर वर्मा के खेत के पास पहुंची। वहीं अन्ना मवेशी ने बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गयी। आनन फानन में आस पास के लोगो ने सूचना एंबुलेंस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायल बुजुर्ग महिला को अस्पताल ले जाया गया है। हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। घायल महिला के पुत्र राम सूरत ने बताया कि लखनऊ में इलाज चल रहा है।

## ग्राम प्रधान के घर से नकदी समेत 5 लाख की चोरी

- पुलिस ने दो को लिया हिरासत में

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के ग्राम पंचायत पूरे अलस्त की ग्राम प्रधान के शहर स्थित मकान में दिन में चोर घुस गए। चोरों ने सवा लाख नकदी समेत पांच लाख से अधिक के संपत्ति की चोरी की। रात में घर पहुंचने पर परिवार के लोगों को जानकारी हुई। जिस पर थाने में सूचना दी। फोरेंसिक टीम के साथ जांच के लिए पहुंची पुलिस ने दो संदिग्ध को उठाया है। विकास खंड रिसिया के ग्राम पंचायत पूरे अलस्त की ग्राम प्रधान आमना खातून हैं। आमना खातून का मकान शहर के दरगाह थाना क्षेत्र के भिनगा बस स्टैंड के निकट भी है। ईद के मौके पर सभी लोग गांव पर थे। रविवार को शहर के घर पर कोई नहीं था। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इश्तियाक अहमद उर्फ बबलू खान ने बताया कि रविवार को दिन में गेट कूदकर चोर घर में घुसे। इसके बाद सभी ने अलमारी और बक्सा का ताला तोड़ दिया। अलमारी में रखी सवा लाख रूपये नकदी, ढाई लाख मूल्य के जेवरात, कपड़ा और अन्य सामान लेकर चले गए। पांच लाख मूल्य के संपत्ति की चोरी हुई है। इश्तियाक अपने परिवार के साथ रात नौ बजे घर पहुंचा तो अंदर सामान बिखरा देखा। पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने क्षेत्र के दो लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है। प्रभारी निरीक्षक आरडी मौर्य ने बताया कि फोरेंसिक टीम के साथ जांच की गई है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जायेगा।

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इश्तियाक अहमद उर्फ बबलू खान ने बताया कि घर के निकट सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। जिसमें चोरों के घर के अंदर जाते और सामान में तोड़फोड़ की वारदात कैद हो गई है। इससे पुलिस को भी पहचान करने में मदद मिल रही है।

# सीएम का रायबरेली दौरा आज

- जीआईसी ग्राउंड में जनसभा को करेंगे संबोधित
- आईजी तरुण गाबा ने सभास्थल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा कर अधिकारियों को दिए निर्देश



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को रायबरेली पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री यहां जीआईसी ग्राउंड में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। निकाय चुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर एक बजे से दो बने तक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के सभास्थल पर उनकी सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। डीएम माला श्रीवास्तव, एसपी आलोक प्रियदर्शी दो दिन से लगातार सभास्थल की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।मंगलवार को आईजी लखनऊ मंडल तरुण गाबा भी ने भी सभास्थल पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

आईजी तरुण गाबा ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि मीडिया पर्सन चालीस फिट लंबी बनाई गई डी के बाद ही बैठेंगे। साथ ही मीडिया कर्मियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि सूचना विभाग से जारी पास के अलावा संस्थान का आईडी कार्ड भी दिखाएंगे तभी उन्हें प्रवेश दिया जायेगा। हम बता दें कि रायबरेली में कुल एक नगर पालिका परिषद और नौ नगर पंचायत हैं। सभी सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी अध्यक्ष पद के लिए लड़ रहे हैं। रायबरेली नगर पालिका परिषद सुरक्षित सीट से शहर के मशहूर डॉक्टर बीरबल की पत्नी शालिनी कनौजिया मैदान में हैं।

## कांग्रेस का बनेगा अध्यक्ष : इरशाद आलम

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज**



नगर निकाय चुनाव मे इस समय प्रत्याशी पूरी ताकत के साथ जनता को रिझाने में लगे हुए हैं। महराजगंज नगर पंचायत कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी इरशाद आलम अपने समर्थकों के साथ घर-घर जाकर लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए इरशाद आलम ने बताया कि लोगों का समर्थन मिल रहा है और अबकी बार नगर पंचायत में कांग्रेस पार्टी लोगों की पहली पसंद बनी हुई है और जनता कांग्रेस पार्टी के ही प्रत्याशी को चेयरमैन बनाएगी। इस मौके पर प्रदेश महासचिव सुशील पासी नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता घर-घर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जनता से समर्थन की अपील कर रहे हैं।

## नगर पंचायत के सभी वार्डो से मिलता है आशीर्वाद : ब्रजेश दत्त गौर

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



डलमऊ निकाय चुनाव फिर एक बार अपने नए अध्यक्ष को चुनने के लिए तैयार है नगर के सभी वार्डों में प्रत्याशी प्रयासरत है पर पूर्व नगर अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौर के अन्यत्र विकल्प तलाशने में कोई रुचि नही है इस कथन के पीछे स्पष्ट वजह ये भी हो सकती है कि एक मात्र पूर्व नगर अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौर ही है जिन्हें नगर के सभी वार्डों से आशीर्वाद स्वरूप वोट प्राप्त होते है बाकी प्रत्याशियों को इस विषय पर अभी बहुत काम करना बाकी है सभी को सम्मान और साथ लेकर चलने की अभूतपूर्व क्षमता को अपने अंदर समेटे पूर्व नगर अध्यक्ष जिससे मिलते है वो बस उन्ही का हो जाता है सादगी पूर्ण जीवन और लोगों की समस्याओं में तत्काल खड़ा होना ही एकमात्र सिद्धांत है जिसे जनता कभी नकार नही पाती.चुनाव के दौरान लगभग सभी प्रत्याशियों के हाशिये पर रहने वाले एकमात्र प्रत्याशी बनकर पूर्व अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौर चुनावी गणित के अपने पहले दौर में ही बढ़त रूपी आशीर्वाद प्राप्त कर1 लेते है बाकी का काम उनकी खामियां बताने वाले प्रत्याशी कर देते है जनता उनकी सादगी और निर्विवाद छवि को जब अन्य प्रत्याशियों के तुलना कर मूल्यांकित करती है तो किसी भी प्रत्याशी को उनके अगल बगल भी नही खड़ा पाती जिससे जनता जनार्दन को अपने मताधिकार में भ्रमित न होकर एक सादगीपूर्ण व्यक्तित्व को अपना जनसमर्थन देकर चुनाव में जीत दिलाती है।

## खबरें एक नजर में

### युवक ने कांच पिया, हालत गंभीर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** परिजनों की डांट से छुब्ध होकर युवक ने कांच पीस कर निगल ली। थोड़ी देर बाद उसकी हालत नाजुक होने लगी तो परिजनों ने मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया। आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज कस्बा के भूपतिखेड़ा गांव निवासी रामू 19 पुत्र मुन्नीलाल सोमवार को परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया जिसके बाद युवक ने कांच के टुकड़े पीसकर निगल लिए। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तो अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया गया।

### तूफानी बारिश से फसल की कटाई ठप, किसान परेशान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को दोपहर बाद आसमान पर काले बादल छा गए और साथ ही तेज हवा व बारिश से खेतों में पकी खड़ी गेहू की फसल के साथ थ्रेसरिंग का कार्य एक सप्ताह के लिए बंद हो गया। तेज हवाओं के झोंके से कई स्थानों पर सड़क किनारे खड़े पेड़ गिर गए जिससे यातायात प्रभावित हुआ। बेमौसम बारिश के साथ ही तेज हवा के साथ हुई बरसात से जहां खेतों में पानी भर गया वही पकी खड़ी गेहूं की फ्सल की कटाई के साथ थ्रेसरिंग का काम ठप्प हो गया जिन किसानों की कटाई हो गई उनका भूसा भी हवा में उड़ गया। वहीं चकलवंशी परियर मार्ग पर पावा चौराहे के निकट सड़क पर यूके लिप्टस का पेड़ गिरने से यातायात कुछ देर के लिए बाधित हो गया। किसान राजप्रकाश ने बताया कि अभी करीब छः बीघा फसल काटने के लिए खेत में खड़ी हुई हैं किन्तु हवा व पानी से कटाई का काम एक सप्ताह तक नहीं कट पायेगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ–बांगरमऊ मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने दोनों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया। लखनऊ के थाना बंथरा क्षेत्र के अंनतपुर देव गांव निवासी राहुल पुत्र शिवकुमार व शिवचरन पुत्र चेतराम बाइक से बहन के यहां जा रहे थे अभी दोनों आवागोझा गाँव के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने दोनों की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया है।

### दबंगों ने गिराई दीवार, विरोध पर मां-बेटी को पीटा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** औरास थाना क्षेत्र के कुंवरखेड़ा गांव निवासिनी सोनी मौर्य ने थाने में तहरीर दे दीवार गिरा देने व मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि रविवार शाम उसके घर के सामने खड़ी पुरानी पुस्तैनी दीवार को पडोसी सीताराम उसके दोनों लडकों भतीजे सहित घर की महिलाओं ने जबरन दीवार गिरा दिया। मना करने पर उन लोगों ने उसे लाठी–डंडो से पीट दिया। बचाने आई मां को भी पीट दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर कारवाई की मांग की। थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि सहन की जमीन पर दोनों पक्षों का विवाद पुराना था। सोनी मौर्य द्वारा जबरन दीवार गिराने का शिकायती पत्र में नामित सीताराम उसके बेटे दिनेश भतीजे रामनरेश व सत्यप्रकाश के खिलाफमारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### अनियंत्रित ट्रक ने डिवाइडर पार कर सफाई कर्मियों को मारी टक्कर, एक की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सदर कोतवाली के करोवन मोड़ के निकट कानपुर की ओर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में लगे पोल से जा टकराया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी में लगे दो सफाई कर्मी ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ट्रक कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में ले लिया है। मंगलवार को नगर निकाय चुनाव के चलाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामलीला साकेत धाम में जनसभा करने आ रहे हैं। इसके लिए रामलीला मैदान से अकरमपुर में डीपीएस ग्राउंड में बने हेलीपैड तक साफ-सफाई और रंग–रोगन का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। सोमवार दोपहर कानपुर की ओर जा रहा ट्रक सदर कोतवाली क्षेत्र के करोवन मोड़ के पास अचानक अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में जाकर पोल से टकरा गया। सफाई के काम में लगे कानपुर के घाटमपुर थाना क्षेत्र के कटरी काटर निवासी कृष्णपाल (50) पुत्र रामसेवक और इसी थाना क्षेत्र के बेंदा गांव निवासी धर्मेंद्र यादव (38) पुत्र महावीर घायल हो गए। हादसे से करोवन मोड़ पर हड़कंप मच गया। लोगों ने ट्रक चालक को पकड़कर पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज के दौरान ध्रमेंद यादव की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मगरवारा चौकी प्रभारी उमा अग्रवाल ने बताया परिजनो की तहरीर मिलते ही चालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### छत से गिरकर बालक घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कपूरपुर टड़वा निवासी जुबेर का पुत्र अबूजर (8) आज दोपहर अचानक बारिश होने पर कपड़े उठाने छत पर गया था तभी अचानक उसका पैर फिसल गया। पैर फिसलते ही बालक नीचे जमीन पर आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन–फानन उसे बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जांच के सपने गंभीर हालत देखकर घायल बालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## गरज चमक के साथ गिरी आकाशीय बिजली बाल-बाल बचा किशोर

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** तेज आंधी पानी व तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली छप्पर पर गिरी।जिससे छप्पर में आग लग गई और विद्युत मीटर जल गया। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। सलोन विकासखंड के मुर्तजा नगर गांव निवासी रामसुमेर के घर में छप्पर रखा हुआ था।

सोमवार दोपहर बाद अचानक तेज आंधी के साथ बारिश शुरू होने पर एक किशोर छप्पर के नीचे भैंस बांधने गया था। इसी दौरान गरज चमक के साथ छप्पर पर आकाशी बिजली गिर गई। जिससे छप्पर में आग लग गई हालांकि बारिश होने के चलते आग फैल नहीं पाई और बुझ गई। कोई पास में लगा विद्युत मीटर भी जल गया। गली मत रही कि किशोर बाल-बाल बच गया।

## जनता मांग रही बदलाव : सोभनाथ वैश्य



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी शोभनाथ वैश्य घर घर जाकर मतदाताओं से समाजवादी पार्टी के साइकिल निशान पर मत करने की अपील कर रहे हैं ।वहीं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सोभनाथ वैश्य ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अबकी बार महराजगंज नगर पंचायत की जनता अध्यक्ष पद पर बदलाव मांग रही है ।और यह बदलाव होकर रहेगा क्योंकि जनता पिछले 15 वर्षों से अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने कहा जनता का अपार समर्थन मिल रहा है और लोग समाजवादी पार्टी की नीतियों से सहमत नजर आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डोर टू डोर जाकर महराजगंज नगर पंचायत की जनता से समर्थन की अपील कर रहे हैं ।इस मौके पर विधायक श्यामसुंदर भारती सभासद एवं सपा नेता फिरोज अहमद ब्लॉक अध्यक्ष समर यादव मुकेश यादव सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता महराजगंज की जनता से सोभनाथ के पक्ष मे अपील कर रहे हैं।

## मौसम का मिजाज बदलने से लोगों को गर्मी से मिली राहत

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अचानक मौसम ने करवट बदला और धूल भरी आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। जिससे मौसम ठंडा हो गया और पड रही भीषण गर्मी से राहत जरूर मिली है।तो वहीं खेतों में पड़ी कुछ गेहू की फसल का नुकसान हुआ है खेत में पड़ा भूसा उड़ गया।सलोन क्षेत्र में रविवार दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया।कई दिनों से तेज धूप के कारण पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों का निकलना मुश्किल था। मौसम के बदलाव से धूल भरी तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई।इससे खेतों में कुछ पड़ी गेहू की फसल भीग गई। इस दौरान आसमान में घने काले बादल छाए रहे।वही आंधी बारिश से विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई। जिससे कई इलाकों में अंधेरा छाया रहा। मौसम बदलाव के चलते लोगों को बीमारियों की चपेट में आने की आशंका बन गई। आंधी पानी से जहां गर्मी से राहत मिली है तो वहीं कुछ फसलों को फायदा भी हुआ हैं। लोगों का कहना है कि चिलचिलाती धूप से राहत मिली हैं और मौसम सुहावना हो गया।

## मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से गेहूँ खरीद के लिए दिये दिशा निर्देश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

रबी विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत गेहूँ की राजकीय खरीद बढ़ाने के उद्देश्य से मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से किसानों से गेहूँ खरीद किये जाने के लिए शासन द्वारा निर्देश निर्गत किये गये है।

जनपद रायबरेली में विभिन्न क्रय एजेंसियों के कुल 104 गेहूँ क्रय केन्द्र अनुमोदित किये गये है जिसमें खाद्य विभाग के 27, पी0सी0एफ0 के 74 एवं भारतीय खाद्य निगम के 03 क्रय केन्द्र शामिल है। जनपद में गेहूँ का कुल क्रय लक्ष्य 82 हजार मी0टन निर्धारित किया गया है। 19 अप्रैल 2023 तक कुल 53 किसानों से 200.18 मी0टन गेहूँ क्रय किया जा चुका है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया है कि मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से किसानों से गेहूँ खरीद हेतु निर्देश दिये है कि क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा ग्राम प्रधानों, उचित दर विक्रेताओं एवं किसानों से सम्पर्क करते हुये एक ट्रक लोड के समतुल्य गेहूँ की उपलब्धता होने की स्थिति में मोबाइल क्रय के माध्यम से खरीद करायी जाये। क्रय किये गये गेहूँ का सीधे भारतीय खाद्य निगम के निर्धारित डिपो पर सम्प्रदान कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में जहां गेहूँ के भाव अपेक्षाकृत कम होते है, वहां मोबाइल कय केन्द्रों के माध्यम से गेहूँ क्रय बढ़ाया जाये। मोबाइल क्रय केन्द्रों के सम्पर्क हेतु केन्द्र प्रभारियों के मोबाइल नम्बर व भ्रमण कार्यक्रम का उचित प्रचार-प्रसार कराया जाये।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मिला युवक का शव

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर वाले कमरे में युवक की लाश मिली। परिजनों ने बताया युवक ने लगायी फाँसी। पुलिस कर रही जाँच। जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि स्थानीय कस्बे के दक्षिण चमरहिया वार्ड नंबर 1 निवासी विवेक कुमार पुत्र आशाराम चौधरी 25 की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली। विवेक की बहन ने बताया बीती रात 2 बजे के आसपास विवेक मेरे दुपट्टे से बाहर वाले कमरे की धन्नी में लटकता मिला। पिता ने दुपट्टे को काटकर उसको नीचे उतारा। सुबह इस संबंध में इसकी सूचना पुलिस को दी। पिताजी उसके बाद से घर से गायब है। मजदूरी करने वाले विवेक ने किन परिस्थितियों में आत्महत्या की पुलिस घटना स्थल पर पहुँचकर जाँच कर रही है। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार राय घटनास्थल पर पहुँचकर घटना की जाँच करते दिखे। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल जायेगा।

## सपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

सपा से अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उन्नाव का चुनाव लड़ रही श्रीमती नीतू पटेल पत्नी रमन पटेल के चुनाव कार्यालय का आज सपा के जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने विधिवत उद्घाटन कर नीतू पटेल को जिताने की अपील की। जहां पूर्व सांसद अन्नू टण्डन सहित सपा के पूर्व विधायक विधानसभा प्रभारी भी मौजूद रहे।

उन्नाव-रायबरेली मार्ग पर इन्दिरा नगर में स्थित चुनाव कार्यालय का आज विधि- विधान पूर्वक जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने उद्घाटन किया जिसे पूर्व सांसद अन्नू टण्डन, पूर्व विधायक उदयराज यादव, पूर्व मंत्री एवं विधायक सुधीर रावत पूर्व विधायक सुन्दरलाल लोधी, सुन्दरलाल कुरील, अंकित परिहार, डा0 अभिनव कुमार प्रभा यादव राजकुमार रावत, साधू यादव अवधेश सिंह, मंजीत यादव तथा नगर पालिका की अध्यक्ष पद प्रत्यासी श्रीमती नीतू पटेल ने संबोधित किया। अपने सम्बोधन में नीतू पटेल ने कहा कि यदि उन्नाव की जनता का प्रेम सहयोग और आशीर्वाद मिला तो नगर की तस्वीर बदल दूंगी।



रमन पटेल ने सभी आगुन्तकों के प्रति आभार ब्यक्त किया। इस अवसर पर इस्माइल खान रामबहादुर यादव, सुनील रावत, आलोक निगम, शिवराज विशम्भरनाथ जितेन्द्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## नगर में एचडीएफसी बैंक शाखा का उद्घाटन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत बीघापुर में निजी क्षेत्र की पहली बैंक का सोमवार को शुभारम्भ हो गया। देश की निजी क्षेत्र की बड़े स्तर की बैंक एचडीएफ्सी ने अपनी शाखा बीघापुर में नागेश्वर रोड स्थित संदोही नगर में खोल दी।

शाखा का उद्घाटन शिक्षाविद नरेंद्र भदौरिया व नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष गोविंद नारायण शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। क्षेत्र के ग्राहक नगर की सबसे पुरानी बैंक शाखा पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारियों की अभद्रता से हमेशा त्रस्त रहते हैं। ऐसे में निजी क्षेत्र की बैंक एचडीएफ्सी अपनी बेहतर ग्राहक सुविधाओं के चलते कस्बे में बड़ा व्यापार करने के प्रति आश्वस्त है। अपने उद्घाटन सत्र में ही बैंक प्रबंधक ने नगर व क्षेत्र के बड़े कारोबारियों हिंदुस्तान ट्रेडर्स, विजय साइकिल स्टोर, सीमा हाउस होल्ड, अग्निहोत्री मेडिकल स्टोर, चौरसिया टेण्ट हाउस, विद्यालयों के प्रबंधकों, वाहन एजंसियों के मालिकों, कपड़ा व्यवसायियों, सर्राफा कारोबारियों को आमंत्रित कर उनको बैंक सेवा लेने व सबसे बेहतर सुविधा देने की बात कहकर प्रेरित किया। शाखा प्रबंधक कपिल सिंह सेंगर, सर्किल हेड गौरव शाह, क्लस्टर हेड तरुण खन्ना व सहयोगी शैलेन्द्र मिश्रा ने सभी का आभार जताया।



## विद्युत पोल से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

माखी थाना क्षेत्र के मियागंज मार्ग पर बाइक सवार युवक सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने एक को मृत घोषित कर जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी है। कानपुर नगर के चमनगंज थाना क्षेत्र के हलीम कालेज चौराहा निवासी कदीर पुत्र सईद साथी अन्नू उर्फइमरान पुत्र रफीक मोहान रिश्तेदार के यहां गए थे जहाँ से दोनों सोमवार की सुबह वापस कानपुर लौट रहे थे अभी दोनों मेथीटीकुर नहर पुल के आगे पहुंचे थे कि मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गयी। दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने कदीर को मृत घोषित कर दिया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी रामआसरे चौधरी ने बताया कि सुबह पांच बजे बाइक सवार दो युवक विद्युत पोल से टकरा गए जिसमें एक की मौत हो गयी है और दूसरा घायल है मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गयी है।

## मामूली विवाद में दबंगो ने किसान को पीटा, हालत गंभीर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

आसीवन थाना क्षेत्र में गेहूं की फ्सल के बीच मवेशी चला गया जिसका विरोध करने पर मवेशी पालक द्वारा परिवारिकजनो के साथ मिलकर पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफमुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

छेदीलालखेड़ा गांव निवासी शैलेन्द्र सिंह पुत्र सुंदरलाल सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि खेत में गेहूं की फ्सल खड़ी हुई है।

गांव के ही नन्हकू पुत्र नबी की बकरियां फ्सल का नुकसान कर रही थी जिसकी शिकायत करने पर हासिम पुत्र इस्माइल, नूर मोहम्मद पुत्र मुर्तजा, मोमिना पत्नी नूर मोहम्मद के साथ मिलकर पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है।

## छुटपुट बारिश से गेहूं बर्बाद, मक्का के लिए बरसा अमृत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ क्षेत्र में बीते 2 दिनों से जारी छुटपुट बारिश का भारी असर खेत में खड़ी गेहूं की फ्सल पर पड़ा है। यदि बारिश जारी रही तो गेहूं का दाना सड़कर बर्बाद हो सकता है। जबकि मक्का की फ्सल के लिए यह बारिश अमृत साबित हो रही है और किसानों का डीजल के रूप में लाखों रुपए की बचत हुई है।



क्षेत्र के शिवपुरी, राजेपुर, कमलापुर, जिरिकपुर, माढ़ापुर, चहलहा, कटरी गदनपुर आहार, फ्रीदपुर कट्टर व जगत नगर सहित ज्यादातर गांव में अभी भी गेहूं की फ्सल कटाई के लिए खेतों में खड़ी है। इसके अलावा किसानों द्वारा सैकड़ों बीघा गेहूं फ्सल की कटाई करने के बाद बोझ बांधकर खेतों में डाल दिए गए हैं और किराए के थ्रेसरों की व्यस्तता के चलते मड़ाई नहीं हो सकी है।

ग्राम हुलासीखेड़ा निवासी किसान लालता राठौर और ग्राम कमलापुर निवासी कमलेश के अनुसार बीते रविवार को भी छुटपुट बारिश हो चुकी है। जिसका खास असर गेहूं की कटी पड़ी अथवा खेतों में खड़ी फ्सल पर नहीं पड़ा है किंतु सोमवार को तेज हवा के झोंकों के साथ कई बार रुक-रुक कर बारिश हुई। जिससे खेतों में खड़ी फ्सल तथा फ्सल के बोझ भीग गए हैं। यदि बारिश जारी रही तो खेतों में खड़ी फ्सल और बोझ के रूप में गेहूं की फ्सल सड़कर बर्बाद हो सकती है। हालांकि इतनी बारिश से भी गेहूं का दाना काला पड़ जाने की आशंका है। उधर कल और आज की बारिश मक्का की फ्सल के लिए अमृत साबित होगी।

क्षेत्र के ग्राम ताजपुर, नसिरापुर, हसनापुर ईसेपुर, भवानीखेड़ा व जगटापुर सहित करीब आधा सैकड़ा गांव के किसानों ने आलू की कच्ची फ्सल खोदकर खेत में मक्का की बुवाई कर दी थी। मौजूदा समय करीब 1 फिट लंबी मक्का की फ्सल खेतों में लहलहा रही है। बीते रविवार और आज की बारिश से मक्का की फ्सल को भारी लाभ हुआ है और किसानों को डीजल के रूप में लाखों रुपए की बचत हुई है।

### मौसम के बदले मिजाज से लोगों को गर्मी से मिली राहत




सोमवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला नजर आया। पूर्वाहन के वक्त आसमान में बादल छाए थे। दोपहर तक तेज आंधी चलने से गर्मी से कुछ राहत मिली। इसके बाद काले बादल छा जाने से बारिश हो गई। जिससे मौसम काफी ठंडा हो गया। कई दिनों से लगातार तेज धूप के साथ गर्मी में लोग बेहाल हो गए थे। दोपहर के समय तो लोग घरों से निकलने में सोचते थे। वही सोमवार की सुबह से ही मौसम काफी सुहाना लग रहा था। आसमान में जब बादल छाए तो लग रहा था कि दोपहर तक तेज धूप निकल आएगी। ऐसा नहीं हुआ और दोपहर में काले बादल घिर आए और तेज आंधी के साथ कुछ देर बार बारिश शुरू हो गई। बारिश ज्यादा देर तक नहीं हुई लेकिन जितनी देर हुई उससे मौसम काफी ठंडा हो गया। बारिश के कारण लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। शाम तक मौसम ठंडा रहा जिससे लोगों ने इसका आनंद लिया। वही बेमौसम बरसात से गेहूं की फ्सल, हरी सब्जी, आम का फ्ल आदि को नुकसान पहुचा है।

# नरोदा का नासूर

वर्ष 2002 में हुए गुजरात दंगों के दौरान अहमदाबाद के नरोदा गाम इलाके में हुए दंगों से जुड़े तमाम सवाल दो दशक के बाद भी अनुत्तरित ही हैं। इस रक्तरंजित हत्याकांड में ग्यारह लोगों की मौत हुई थी। हाल ही में अहमदाबाद की विशेष अदालत ने सभी शेष 67 आरोपियों को बरी कर दिया। इस दंगे के मामले में सवालों के घेरे में गुजरात की पूर्व मंत्री माया कोडनानी व बजरंग दल के पूर्व नेता बाबू बजरंगी भी शामिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस मामले में कुल 86 आरोपियों में से 18 की मुकदमे के दौरान ही मौत हो गई थी। निश्चित रूप से यह फैसला इस बात को रेखांकित करता है कि इस मामले में जांच का स्तर नीचा रहा, आधी-अधूरी चार्जशीट दाखिल की गई और कमजोर तर्कों से केस आगे बढ़ाया गया। निस्संदेह इन आरोपियों को अपर्याप्त साक्ष्य के चलते अदालत ने आरोप मुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि नरोदा गाम संहार वर्ष 2002 के नौ प्रमुख सांप्रदायिक दंगों में से एक था। जिसकी जांच सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एक एसआईटी ने की थी। कालांतर इस मामले की सुनवाई एक विशेष अदालत ने की थी। दरअसल, 27 फरवरी, 2002 को गोधरा में ट्रेन में आगजनी हुई थी। उसके उपरांत पूरे राज्य में दंगे भड़क उठे थे। वास्तव में ट्रेन में जलकर मरने वालों में 58 यात्री थे, जिनमें अधिकांश अयोध्या से लौट रहे तीर्थयात्री थे। उल्लेखनीय है कि इसी साल जनवरी में भी गुजरात की एक अदालत ने सभी 22 अभियुक्तों को बरी कर दिया था। दरअसल, सुनवाई के दौरान आठ आरोपियों की मौत हो गई थी। यहां भी सबूतों के अभाव में आरोपियों के बरी होने की बात कही गई। कहा जाता है कि वर्ष 2002 में हुए दंगों को स्वतंत्र भारत में हुए सबसे भीषण दंगों के रूप में देखा जाता है। लेकिन हाल के फैसलों में अभियुक्तों का बरी होना दशकों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे लोगों के लिये झटका जैसा ही रहा। पीड़ित पक्ष के लोग आरोपियों को दी गई राहत पर सवाल उठाते रहे हैं। इससे पहले भी नरोदा पाटिया दंगे मामलों में गुजरात सरकार की पूर्व मंत्री माया कोडनानी को बड़ी सजा सुनाई गई थी। कालांतर गुजरात उच्च न्यायालय से उन्हें राहत मिल गयी थी। वहीं अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों में बिलकिस बानो केस में जेल में सजा काट रहे अभियुक्तों की जल्दी रिहाई को लेकर भी आक्रोश देखा गया। पीड़ित पक्ष के लोग न्याय की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। विडंबना ही है कि हमेशा से ही सांप्रदायिक दंगों में ऐसे लोगों को सब कुछ गंवाना पड़ता है, जिनका ऐसे मामलों से दूर-दूर तक का वास्ता नहीं होता। इस अन्याय से मुक्ति की आस में वे न्याय व्यवस्था की ओर उम्मीद से देखते हैं। लेकिन जब उन्हें वहां से भी न्याय नहीं मिलता तो निश्चित रूप से दुख व आक्रोश उन्हें निराशा व अवसाद के दलदल में धकेल देता है। नीति-नियंताओं को जनाक्रोश को देखते हुए न्याय के तकाजे को पूरा करने का प्रयास करना चाहिए।

# पृथ्वी की रक्षा एक दिवास्वप्न नहीं बल्कि एक वास्तविकता होनी चाहिए

डॉ. प्रियंका सौरभ

**प्रदूषण बढ़ रहा है और हवा की गुणवत्ता दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। पानी प्रदूषित हो रहा है और शोर का स्तर बढ़ रहा है जिससे अधिकांश लोग बीमार हो रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीनहाउस प्रभाव, ये सब मानवीय गतिविधियों के परिणाम हैं, जो अब मानव जीवन के लिए ही खतरा पैदा कर रहे हैं। इसलिए, अगर हम अभी कार्रवाई नहीं करने जा रहे हैं, तो बहुत देर हो चुकी होगी और तब तक पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। पृथ्वी को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर बदलाव लाना होगा। एक व्यक्ति फर्क नहीं कर सकता, लेकिन हम सब मिलकर चमत्कार कर सकते हैं। हमें अपनी दिनचर्या में छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना है, जैसे जरूरत न होने पर लाइट बंद करना, नल बंद करना और पानी का सही इस्तेमाल करना और घर में प्लास्टिक और गैर-बायोडिग्रेडेबल सामग्री के इस्तेमाल से बचना। हमें सोलर हीटर और पैनल जैसे ऊर्जा के सौर और नवीकरणीय स्रोतों पर ध्यान देना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर ही निजी वाहन या कार निकालें और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना पसंद करें। हमें पृथ्वी पर खतरनाक स्थिति के बारे में अन्य लोगों को शिक्षित करने का प्रयास करना चाहिए और उनका मार्गदर्शन करना चाहिए कि वे पृथ्वी को बचाने में कैसे योगदान दे सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न अभियान या सामूहिक गतिविधियां की जा सकती हैं। साथ ही हमें अपने आस-पड़ोस में अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। हमें पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को अपनाना और बढ़ावा देना चाहिए। हमें अपने बच्चों को अपने ग्रह का मूल्य सिखाना चाहिए, ताकि वे भी स्थायी जीवन के अनुकूल हों और हमारे ग्रह का शोषण न करें। याद रखें, हर छोटे कदम से फर्क पड़ता है।**

मनुष्य के रूप में, यह हमारा मूल कर्तव्य है कि हम उस ग्रह की देखभाल करें जिसे हम अपना घर कहते हैं। पृथ्वी हमें वे सभी बुनियादी चीजें उपलब्ध कराती है जो हमारे जीवित रहने के लिए आवश्यक हैं। अखरोट, हम लालची इंसानों ने इसके संसाधनों का इस हद तक दोहन किया है कि कुछ लोगों के लिए सबसे जरूरी चीजें भी उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। इस ग्रह के जिम्मेदार निवासी होने के नाते, हमें अपने ग्रह को हुए नुकसान को दूर करने के लिए कुछ उपाय करने चाहिए। इसने बहुत शोषण देखा है। हम अपने उपयोग के लिए पेड़ों को अंधाधुंध काट रहे हैं। हर पेड़ के खो जाने से पृथ्वी अपना एक हिस्सा खो देती है। हमें अपने सीमित जीवनकाल में अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि पुराने हरे-भरे जंगलों को फिर से जीवित किया जा सके। अगर हम सभी हर साल एक पौधा लगा सकें तो एक साल में पृथ्वी लगभग 7 अरब पेड़ों से भर जाएगी।



हमारी पृथ्वी की देखभाल करना अब कोई विकल्प नहीं है-यह एक आवश्यकता है। पृथ्वी के अलावा कोई अन्य वैकल्पिक ग्रह नहीं है जहाँ जीवन संभव हो। अपने अस्तित्व की शुरुआत से ही हमने बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए असंख्य पेड़ों को काटकर और भोजन के लिए जानवरों को मार कर प्रकृति का शोषण किया है। हमने पृथ्वी के गर्भ से खनिज, क्रिस्टल और रत्न निकाले हैं। हमारे पास जो भी प्राकृतिक सम्पदा है, हमने ले ली और उसका उपयोग कर लिया और अब प्रकृति के धक्का-मुक्की के गंभीर परिणाम भुगत रहे हैं। हमें यह महसूस करना चाहिए कि पृथ्वी के संसाधन असीमित नहीं हैं। वे तेजी से घट रहे हैं, और यह उस ग्रह पर हमारे अस्तित्व के लिए खतरा है जिसे हम घर कहते हैं। इस प्रकार, यह महत्वपूर्ण है कि हमें धरती माता की देखभाल करनी चाहिए और उसे बचाना चाहिए। पृथ्वी खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। यह हमारे लिए कार्रवाई करने का उच्च समय है। मानव गतिविधियों ने पृथ्वी के वातावरण और जलवायु परिस्थितियों को प्रभावित किया है। इसका ऐसा प्रभाव पड़ा है कि ऋतुएँ बदल गई हैं। अब मानसून में देरी हो रही है। गर्मियां बहुत तेज हो रही हैं और ग्लेशियर पिघल रहे हैं। समुद्र का स्तर बढ़ रहा है और जलीय जीवन विलुप्त होने के कगार पर है। प्रदूषण बढ़ रहा है और हवा की गुणवत्ता दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। पानी प्रदूषित हो रहा है और शोर का स्तर बढ़ रहा है जिससे अधिकांश लोग बीमार हो रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीनहाउस प्रभाव, ये सब मानवीय गतिविधियों के परिणाम हैं, जो अब मानव जीवन के लिए ही खतरा पैदा कर रहे हैं। इसलिए, अगर हम अभी कार्रवाई नहीं करने जा रहे हैं, तो बहुत देर हो चुकी होगी और तब तक पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

पृथ्वी को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर बदलाव लाना होगा। एक व्यक्ति फर्क नहीं कर सकता, लेकिन हम सब मिलकर चमत्कार कर सकते हैं। हमें अपनी दिनचर्या में छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना है, जैसे जरूरत न होने पर लाइट बंद करना, नल बंद करना और पानी का सही इस्तेमाल करना और घर में प्लास्टिक और गैर-बायोडिग्रेडेबल सामग्री के इस्तेमाल से बचना। हमें सोलर हीटर और पैनल जैसे ऊर्जा के सौर और नवीकरणीय स्रोतों पर ध्यान देना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर ही निजी वाहन या कार निकालें और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना पसंद करें। हमें पृथ्वी पर खतरनाक स्थिति के बारे में अन्य लोगों को शिक्षित करने का प्रयास करना चाहिए और उनका मार्गदर्शन करना चाहिए कि वे पृथ्वी को बचाने में कैसे योगदान दे सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न अभियान या सामूहिक गतिविधियां की जा सकती हैं। साथ ही हमें अपने आस-पड़ोस में अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। हमें पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को अपनाना और बढ़ावा देना चाहिए। हमें अपने बच्चों को अपने ग्रह का मूल्य सिखाना चाहिए, ताकि वे भी स्थायी जीवन के अनुकूल हों और हमारे ग्रह का शोषण न करें। याद रखें, हर छोटे कदम से फर्क पड़ता है!

लोग बस इस चलन का पालन करते हैं और जश्न मनाने के लिए इसका पालन करते हैं। ऐसे विभिन्न कारण हैं जो पर्यावरणीय गिरावट का कारण बनते हैं। जनसंख्या और गरीबी अधिक समस्याएं पैदा करने के शीर्ष पर हैं। अधिक लोगों का अर्थ है अत्यधिक खपत और यदि जरूरतें पूरी नहीं होती हैं तो इसका परिणाम गरीबी और कुपोषण होता है। एक अन्य कारक जो पर्यावरण पर बड़े पैमाने पर नकारात्मक प्रभाव पैदा करता है, वह सभी प्रकार का प्रदूषण है। कारखानों की चिमनियों या वाहनों से निकलने वाला धुआँ, सी.एफ.सी. का दैनिक उपयोग, जीवाश्म ईंधन का जलना, जंगल की आग आदि वायु प्रदूषण का कारण बनते हैं। इसके अलावा, जल निकायों में प्रदूषकों का निर्वहन, जानवरों को पानी में नहलाना, जल निकायों के पास शौच करना और सीवेज को छोड़ना जल प्रदूषण का कारण बन रहा है। फिर, अत्यधिक खेती, भूमि की जुताई, कीटनाशकों और रसायनों के प्रयोग से मृदा प्रदूषण होता है। अंत में, जुलूसों के दौरान तेज संगीत बजाना, कार के हॉर्न और कारखानों में मशीनों का शोर ध्वनि प्रदूषण पैदा करता है। समस्याओं के बारे में जागरूकता मौजूद है, लेकिन उन्हें खत्म करने के प्रयास नगण्य हैं।

जीविका सुनिश्चित करने के लिए पृथ्वी की स्थिरता को बनाए रखने के लिए यह एक जरूरी आह्वान है। हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए स्थायी दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता है। सिर्फ इंसान ही नहीं बल्कि जानवर भी पीड़ित हैं और काफी नुकसान में हैं। पूरी खाद्य श्रृंखला बाधित हो जाती है, जिससे असंतुलन पैदा हो जाता है। पृथ्वी को बचाने के लिए सरकार को राष्ट्रीय पर्यावरण नीति बनानी चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को स्वयंसेवा करनी चाहिए और पर्यावरणीय गिरावट को कम करने का प्रयास करना चाहिए।

पृथ्वी की रक्षा एक दिवास्वप्न नहीं बल्कि एक वास्तविकता होनी चाहिए। मनुष्य के रूप में, यह हमारा मूल कर्तव्य है कि हम उस ग्रह की देखभाल करें जिसे हम अपना घर कहते हैं। पृथ्वी हमें वे सभी बुनियादी चीजें उपलब्ध कराती है जो हमारे जीवित रहने के लिए आवश्यक हैं। अखरोट, हम लालची इंसानों ने इसके संसाधनों का इस हद तक दोहन किया है कि कुछ लोगों के लिए सबसे जरूरी चीजें भी उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। इस ग्रह के जिम्मेदार निवासी होने के नाते, हमें अपने ग्रह को हुए नुकसान को दूर करने के लिए कुछ उपाय करने चाहिए। इसने बहुत शोषण देखा है। हम अपने उपयोग के लिए पेड़ों को अंधाधुंध काट रहे हैं। हर पेड़ के खो जाने से पृथ्वी अपना एक हिस्सा खो देती है। हमें अपने सीमित जीवनकाल में अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि पुराने हरे-भरे जंगलों को फिर से जीवित किया जा सके। अगर हम सभी हर साल एक पौधा लगा सकें तो एक साल में पृथ्वी लगभग 7 अरब पेड़ों से भर जाएगी।

विचार

# अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद की चुनौती

खालिस्तान की मांग करने वाले वारिस पंजाब दे नामक संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह की रविवार की सुबह गिरफ्तारी के बाद साम्प्रदायिक सद्भाव और शांति बनाये रखने की जिम्मेदारी पंजाब व केन्द्र सरकार के साथ-साथ नागरिकों की है। आशा की जाये कि इस अलगाववादी नेता की गिरफ्तारी को राजनैतिक मुद्दा नहीं बनाया जायेगा।

पंजाब के मोगा के रोड़ेवाल गुरुद्वारे के बाहर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के अंतर्गत अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार कर उसे डिब्रूगढ़ (असम) जेल ले जाया गया। खालिस्तान की मांग करने के अलावा एक थाने पर हमला करने और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जान से मारने की धमकी सहित 10 मामले हैं। पिछले 36 दिनों से वह फरार था। रोड़ेवाला जरनैल सिंह भिंडरावाले का गांव है जहां के गुरुद्वारे में अमृतपाल शनिवार की रात आ गया था। गुरुद्वारे की पवित्रता का ख्याल रखते हुए पुलिस ने उसमें प्रवेश नहीं किया वरन गांव को घेरकर धार्मिक स्थल के बाहर उसे हिरासत में लिया। राज्य भर में हाई एलर्ट जारी किया गया है तथा उन धर्मस्थलों पर विशेष तैनाती है जिनका सम्बन्ध खालिस्तान आंदोलन से किसी भी प्रकार से रहा है।

पुलिस ने अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही है। अमित शाह ने पंजाब सरकार की पीठ थपथपाई है। आप पार्टी ने अपनी सरकार द्वारा वक्त पड़ने पर कड़े कदम उठाने की क्षमता की ओर ध्यान दिलाया है तो कांग्रेस ने इस बात की जांच की मांग की है कि अमृतपाल को भागने में किसने मदद की। पाकिस्तान से सटे होने के कारण पंजाब संवेदनशील तो है ही, यही राज्य खालिस्तान आंदोलन का केन्द्र भी रहा था जिसके चलते दो कौमों के बीच का भाई-चारा बिगड़ा था।

1980 के आसपास जरनैल सिंह भिंडरावाले की अगुवाई में यह मांग इस तरह से उठी थी कि उसने पंजाब में सदियों से रहते आये हिन्दुओं व सिखों को बांट दिया था। बड़ी संख्या में निर्दोषों ने अपनी जानें गंवाई थीं। 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार भी इसी आंदोलन की देन थी जिसमें भारतीय सेना को सिखों की श्रद्धा के सबसे बड़े केन्द्र स्वर्ण मंदिर में प्रवेश करना पड़ा था। इस सैन्य कार्रवाई ने देश की बहादुर व देशभक्त कौम को ऐसा आहत किया था कि उसकी परिणति तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की नृशंस हत्या से हुई थी। यह रक्तरंजित कहानी यहीं पर नहीं ठहरी। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिखों के खिलाफ पूरे देश में दंगे भड़क गये थे जिनमें बड़ी संख्या में निर्दोष सिखों के प्राण गये थे और उनकी सम्पत्तियों को नुकसान हुआ था। तत्पश्चात प्रधानमंत्री बने राजीव गांधी ने सूझ-बूझपूर्ण तरीके से ऐतिहासिक लोंगोवाल शांति समझौता कर शांति की ओर कदम बढ़ाया था। इसके बाद हिन्दुओं व सिखों ने एक दूसरे को सम्भाला और हिंसा व नफरत की धधकती आग ठंडी पड़ गई। झखालिस्तान आंदोलन के कारण पंजाब जो आर्थिक मोर्चे पर पिछड़ चला था, उसने अपनी खोई हुई लय को फिर से पाया। 2004 में कांग्रेस को जब सरकार बनाने का मौका मिला तो उसने डॉ. मनमोहन सिंह को दो बार (2009 में भी) प्रधानमंत्री बनाकर सिखों की नाराजगी को पूरी तरह से दूर कर दिया था। यह अलग बात है कि दंगों में दोषी अनेक कांग्रेसी नेताओं के लिये उनकी नाराजगी बनी रही तथा कई दंगा पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया। इसके बावजूद यह सही है कि हिन्दुओं और सिखों के रोटी-बेटी के सम्बन्ध पूर्ववत हो गये हैं। 2017 में पंजाब में कांग्रेस ने सरकार बनाई थी पर उसकी भीतरी उठा-पटक के चलते और कुछ दोषपूर्ण सांगठनिक फैसलों के कारण उसकी सरकार 2022 के विधानसभा चुनाव में चली गयी। तब तक दिल्ली में सिमटी रही आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनी।

तभी से यह आशंका बलवती थी कि सीमित अनुभवों वाली ऐसी पार्टी की सरकार द्वारा ऐसे संवेदनशील सूबे को सम्भालना मुश्किल होगा। उसके राजनैतिक चरित्र को देखते हुए भी ऐसा माना जा रहा था। जो आशंकाएं व्यक्त की जाती थीं, उनमें इस पृथकतावादी आंदोलन के फिर से सिर उठाने की बात भी थी। फिलहाल तो पंजाब से किसी अप्रिय घटना के समाचार नहीं हैं जो कि अच्छी बात है।

अलबत्ता बठिंडा में पुलिस का फ्लैग मार्च हुआ जहां से अमृतपाल को डिब्रू गढ़ एयरलिफ्ट किया गया। प्रदेश में कुछ जगह इंटरनेट सेवाएं बंद हैं। जो भी हो, उम्मीद की जानी चाहिये कि इस गिरफ्तारी से साम्प्रदायिक सद्भाव को खतरा नहीं होगा और खालिस्तान के मसले का हल सभी मिल-जुलकर निकालेंगे क्योंकि यही सामाजिक शांति और देश के हित में है। यही प्रमुख चुनौती भी है।

साहित्य

# जिन्दगी है हजार गम का नाम...

के. एम. रेनू

जब्र को इख्तियार कौन करे
तुम से जालिम को प्यार कौन करे


जिंदगी है हजार गम का नाम
इस समुंदर को पार कौन करे

आप का वादा आप का दीदार
हश्र तक इंतिजार कौन करे
अपना दिल अपनी जान का दुश्मन
गैर का ऐतबार कौन करे

हम जिलाए गए हैं मरने को
इस करम की सहार कौन करे

आदमी बुलबुला है पानी का
जीस्त का ऐतबार कौन करे।।

झरोखा





# राशिफल

**मेष:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**बृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह:-** अच्छे कार्य से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्या:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनु:-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# चीनी रक्षा मंत्री और भारत

आदित्य नारायण

भारत और चीन के और सम्बन्धों में पिछले लगभग तीन वर्षों में जिस प्रकार की कसीदगी लद्दाख की गलवान घाटी में हुए सैनिक संघर्ष के बाद आयी है उसमें सुधार की सभी कोशिशें वे रंग नहीं ला पाई हैं जिनकी अपेक्षा आम भारतीय करते हैं। इसकी असली वजह यह है कि चीन अगर लद्दाख में एक कदम पीछे हटने का उपक्रम करता है तो अरुणाचल प्रदेश में कई कदम आगे बढ़ने की सीनाजोरी कर देता है और समुद्री सीमाओं के भीतर भी अपनी सैनिक क्षमता का रुआब झाड़ने लगता है। चीन के इस रुख को लेकर भारत के लोगों के बीच 1962 के बाद से ही जो संशयपूर्ण वातावरण बना हुआ है उसके तापमान में कभी ऊंच-नीच जरूर होती रहती है परन्तु कुल मौसम वैसा ही नासाजगार बना हुआ है परन्तु भारत इस वर्ष जहां जी-20 देशों की मेजबानी कर रहा है वहीं इसे शंघाई सहयोग संगठन देशों के सम्मेलन के आयोजन की भी जिम्मेदारी दी गई है जिसके चलते आगामी 27 व 28 अप्रैल को संगऑन देशों के रक्षा मन्त्रियों की बैठक भी भारत में ही होगी। इस संगठन के सदस्य देश रूस, चीन के अलावा तजाकिस्तान, किर्गिस्तान, कजाखिस्तान, उज्बेकिस्तान व पाकिस्तान भी हैं।

अभी रक्षा मन्त्रियों के इस सम्मेलन में रूस व चीन के रक्षा मन्त्रियों क्रमशः सर्जेई शोइगूव ली-शएंगफू ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। जबकि पाकिस्तान के रक्षा मन्त्री ख्वाजा आसिफ को भी




निमन्त्रण भेजा है मगर अभी तक इस्लामाबाद ने उनकी यात्रा की घोषणा नहीं की है जबकि शेष चार मध्य एशियाई देशों के रक्षा मन्त्रियों के आने की संभावना भी है। जाहिर है कि भारत की ओर से रक्षा मन्त्री श्री राजनाथ सिंह इन सभी देशों के रक्षा मन्त्रियों से बातचीत करेंगे और इस पूरे क्षेत्र की सामरिक सुरक्षा व आतंकवाद के खतरों के बारे में सलाह-मशविरा करने के साथ अफगानिस्तान को लेकर उठने वाली सुरक्षा समस्याओं पर भी बातचीत करेंगे। मगर भारत के सन्दर्भ में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि चीन व पाकिस्तान का गठजोड़ इस क्षेत्र को अपने दबदबे में रखने के प्रयासों में इस तरह सफल न हो जिससे भारत व अन्य देश स्वयं को ठगा हुआ महसूस करें। मध्य एशिया के जो चार देश हैं वे 1990 तक सोवियत संघ का ही हिस्सा रहे हैं अतः रूस की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह इस क्षेत्र में शान्ति व सुरक्षा का माहौल बनाये रखने के साथ ही आपसी आर्थिक सहयोग के क्षेत्र में बराबरी की हिस्सेदारी के सिद्धान्त को लागू करने पर बल दे। इसके साथ ही ऐसे संगठनों की उपयोगिता यह भी होती है कि जब सभी देश एक साथ एक मेज पर बैठते हैं तो वे विवाद के मुद्दों का भी निस्तारण विचार-विमर्श से कर सकते हैं। इस मामले में भारत-चीन के बीच जून 2020 के गलवान घाटी संघर्ष के बाद जो सीमा विवाद पैदा हुआ है उस पर भी दोनों देशों के रक्षा मन्त्रियों के बीच सकारात्मक बातचीत हो।

शंघाई संगठन की मार्फत दोनों देशों के रक्षा मन्त्रियों के हाथ में यह असर है कि वे इस मसले को उच्च स्तर पर सुलझाने की नीयत के साथ दिशा-निर्देश देने का काम करें। भारत को अपने रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह की सूझबूझ पर पूरा भरोसा है और सभी देशवासी जानते हैं कि श्री सिंह भारत की सीमाओं की रक्षा के लिए किसी भी कीमत पर कभी भी समझौता नहीं करेंगे। लद्दाख में कई स्थानों पर चीन को पीछे हटने के लिए उन्हीं की रणनीति ने मजबूर भी किया था हालांकि अभी तक यह विश्वास से नहीं कहा जा सकता कि चीन लद्दाख में अप्रैल-मई 2020 वाली स्थिति में पहुंच गया है। उसने अरुणाचल के सीमावर्ती क्षेत्र में इसके बाद काफी उलट-फेर करने की कोशिश की है। भारत के कई कूटनीतिक विशेषज्ञों ने 2003 में ही तत्कालीन वाजपेयी सरकार को चेतावनी दी थी कि वह तिब्बत को चीन का अंग स्वीकार करके भूल कर सकते हैं। मगर इसके बदले में तब चीन ने सिक्किम को भारत का अंग स्वीकार कर लिया था और इसके कुछ महीने बाद ही चीन का राजनैतिक नक्शा जारी करके इसमें अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बता दिया था। जब यह सब हुआ था तो नई दिल्ली में वाजपेयी सरकार ही थी और उस समय विपक्ष ने संसद में वाजपेयी सरकार को बुरी तरह घेर भी लिया था। तब सरकार ने चीन से इसका कड़ा विरोध करके अपनी जान छुड़ाई थी। मगर इसके बाद केन्द्र में मनमोहन सरकार आने के बाद भी चीन का अरुणाचल पर दावा जारी रहा और बीजिंग से कोई न कोई ऐसा विवाद खड़ा किया जाता रहा जिससे भारत की अखंडता को चुनौती देने की ध्वनि आती रही। पिछले वर्ष दिसम्बर में ही चीन ने अरुणाचल के तवांग इलाके में अतिक्रमण की हरकत की थी। अतः शंघाई सम्मेलन के मंच पर इस बात की कोशिश होनी चाहिए कि चीन अपनी तरफसे ऐसी हरकतें न करें जिन्हें भारत नाजायज मानता हो क्योंकि दोनों देशों के बीच सीमा पर शान्ति, स्थिरता व सौहार्द बनाये रखने का समझौता 1993 में ही हो चुका है। इसके बाद सीमा विवाद का स्थायी हल ढूंढने के लिए 2005 में उच्चस्तरीय वार्ता तन्त्र स्थापित हो चुका है जिसकी बैठकें चलती रहती हैं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड नहीं है तो भी डाल सकते हैं वोट

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अगर आपके पास मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड नहीं है तो भी आप नगर निकाय चुनाव में मतदान कर सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से मतदान करने के लिए परिचय पत्र या पहचान पत्र के कई विकल्प दिए गए हैं। इनमें से किसी एक को मतदान स्थल पर सक्षम अधिकारी के समक्ष दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

राज्य निर्वाचन आयोग उप्र से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 में निर्वाचकों के प्रतिरूपण को रोकने, उनकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए मतदान करने के लिए मतदान स्थल पर निम्नलिखित पहचान पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र उनके पास होना जरूरी होगा। उक्त आशय की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दी।




डीएम ने बताया कि नीचे दिए गए कोई दस्तावेज जो परिवार मुखिया के पास ही उपलब्ध होते हैं, वे उक्त परिवार के दूसरे सदस्यों की पहचान के लिए भी वैध माने जाएंगे। बशर्ते कि सभी सदस्य एक साथ आते हैं और उन सदस्यों की पहचान परिवार के मुखिया द्वारा की जाती है।

### वोट देने के लिए इनका कर सकते हैं इस्तेमाल

भारत निर्वाचन आयोग से निर्गत मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेन्स, आयकर पहचान पत्र (पैन कार्ड), राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों अथवा पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किये जाने वाले फोटोयुक्त पहचानपत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/ पोस्ट आफिस द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख यथा– भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक, पेंशन भुगतान आदेश, वृद्धावस्था पेंशन आदि, फोटोयुक्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पहचान पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेन्स, फोटोयुक्त शारीरिक रूप से अशक्त होने का प्रमाणपत्र, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR) के तहत रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इण्डिया से जारी स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गये सरकारी पहचान पत्र, राशनकार्ड।

### प्रत्याशियों को चुनाव संबंधी सभी अनुमति आरो की रिपोर्ट पर एसडीएम देंगे : डीएम

जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) महेंद्र बहादुर सिंह ने नगरीय निकायों के निर्वाचन में प्रत्याशियों को विभिन्न प्रकार के पास निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में उप जिला मजिस्ट्रेट लखीमपुर, गोला, मोहम्मदी, पलिया, निघासन एवं धौरहरा को दिशा निर्देश जारी किए। डीएम ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने के लिए प्रत्याशियों को जारी किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के पास यथा वाहन पास, कार्यालय खोले जाने की अनुमति, रैली, जुलूस आदि की अनुमति सम्बन्धित नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के अध्यक्ष/सदस्य के निर्वाचन अधिकारी की संस्तुति पर सम्बन्धित नगरीय निकाय के उप जिलाधिकारी द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग, उप्र के दिशा निर्देशानुसार तथा आचार संहिता की सीमाओं के अन्तर्गत दिया जायेगा। प्रत्याशी पास/अनुमति प्राप्त किये जाने के लिए सर्वप्रथम निर्वाचन अधिकारी को प्रार्थना पत्र देंगे। निर्वाचन अधिकारी उक्त प्राप्त प्रार्थना का परीक्षण कर संस्तुति सहित सम्बन्धित एसडीएम को अग्रसारित करेंगे। तद्नुसार एसडीएम जरूरी कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।




## चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन, लखीमपुर खीरी ने होटल आशीर्वाद में सन फार्मास्यूटिकल्स के सहयोग से एक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे डॉ. प्रवीण सामंत, हेड ऑफ डिपार्टमेंट, एंडोडॉन्टिक्स विभाग, बाबू बनारसी दास विद्यालय, लखनऊ द्वारा दांत रक्षा प्रणाली में उपयोग होने वाली विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई और उसमे होने वाले नवीनतम तकनीकों जैसे रूट कैनाल पद्धति पर अपने विचार और सुझाव रखे और कार्यक्रम में उपस्थित सभी डॉक्टर्स के प्रश्नों का उचित चिकित्सकीय समाधान बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा त्रिवेदी और डॉ. मुदित मेहरोत्रा द्वारा प्रेसिडेंट डॉ. संजय मल्होत्रा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमे सीनियर डॉक्टर्स डॉ.विजय टंडन और डॉ. प्रदीप टंडन की गरिमामई उपस्थिति और आशीर्वचन से सभा में उपस्थित जिले के जाने माने डेंटिस्ट लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर्स डॉ. ओ. पी मिश्रा, डॉ.नित्य मेहरोत्रा, डॉ. रोहित मिश्रा, डॉ. रुचिका अग्रवाल, डॉ. अतुल रस्तोगी, डॉ. हर्षित मेहरोत्रा, डॉ.पायल मेहरोत्रा, डॉ. प्रियंका मेहरोत्रा, डॉ. अजय निगम, डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. इंद्रेश राजावत, डॉ. प्रारूप मेहता, डॉ. पुलकित भल्ला, डॉ. इंद्रेश वर्मा, डॉ. जर्मन सिंह, डॉ.पवन प्रताप निगम, डॉ. अरनव मल्होत्रा आदि ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया।

## खबरें एक नजर में

### शोक सभा आयोजित की गई



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** शहर के प्रमुख समाजसेवी एवं व्यापारी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला के असामयिक निधन पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला संयोजक जेपी मिश्रा द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। सभी ने स्वीकार किया कि अनिल कुमार शुक्ला की भरपाई इस समाज में अब संभव नहीं है। प्रखर वक्ता, समाज के हर तबके के लिए खड़े होने वाले, सभी को उचित सलाह देने वाले ऐसे मूर्धन्य व्यक्तित्व का जाना हम सबके लिए अपूरणीय क्षति है। इस मौके पर आमिर खान, अरुण राज, बबलू पांडे, रामचंद्र, नसीर उल्ला खान, राकेश कुमार, डॉक्टर शाजिया अल्वी, जमील खान आदि मौजूद रहे।

### निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. इरा श्रीवास्तव ने जन संपर्क कर मांगे वोट

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी का दामन छोड़ कर लखीमपुर नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष व निर्दलीय प्रत्याशी डा इरा श्रीवास्तव ने शहर में स्थित मोहल्ला वासियों से मुलाकात की और उसने जीतने का आशीर्वाद देने को कहा। मोहल्ला शास्त्री नगर में डोर टू डोर लोगों से मुलाकात की और अधूरे कार्य पूरे करने का आश्वासन दिया।

### समझौता करने से किया इंकार तो आरोपी ने कर दी मारपीट

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** मारपीट कर जान से मारने की धमकी किए जाने के मामले में कोतवाली में दर्ज मुकदमे में प्रथम पक्ष वादी पर समझौते का दबाव बना रहा है। समझौते से मना करने पर आरोपी ने मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। कोतवली क्षेत्र के ग्राम धंतौली निवासी संतोषकुमार ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही प्रवेश ने उसके साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी थी। इतना ही नहीं उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी थी। उक्त मामले को लेकर उक्त प्रवेश उसके परिवार से रंजिश मानता है। उक्त मुकदमे में समझौते का दबाव बना रहा है। इसी को लेकर उक्त प्रवेश कुमार अपने दो साथियों के साथ लाठी, डंडे लेकर सोमवार की दोपहर वह घर आ धमका और समझौते का दबाव बनाने लगा। जब उसने समझौता करने से इंकार किया तो उक्त सभी ने मिलकर गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। जब पत्नी मुन्नी देवी ने बचाने की कोशिश की तो उसके साथ भी मारपीट की। जिसमें उसे चोटें आई है। वहीं, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### महिला करा रही पशु बाड़े का निर्माण, युवक दे रहा धमकियां

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** स्वयं के खेत में पशुओं के लिए बाड़ा का निर्माण करा रही बेवा महिला को गांव का ही युवक परेशान कर बाड़ा निर्माण में व्यवधान व धमकी दे रहा है। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरक्का निवासी रामकुंवर बेवा तुलसीराम ने पुलिस को बताया कि गांव में उनका खेत है। उसके पास कुछ पशु भी हैं। जिनके रहने के लिए उसके पास बाड़ा नहीं है। जिसके चलते वह खेत के एक हिस्से में पशुओं के बाड़ा का निर्माण करा रही है। लेकिन गांव के ही देवेंद्र उसका पशु बाड़ा नहीं बनने दे रहे हैं। वह निर्माण स्थल पर आकर गाली, गलौज करने लगते हैं एवं बाड़ा का निर्माण करने पर मारने की धमकी देते हैं। उनके व्यवहार से मजदूर भी काम करने से कतरा रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि जअ उसने देवेंद्र से कहा कि वह अपने खेत में पशु बाड़ा का निर्माण करा रही है, तो इसमें उन्हें क्या दिक्कत है। जिससे नाराज होकर उन्होंने मारपीट भी कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायत पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश

- ओयल में बनाए गए मतदान केन्द्रों का एसपी ने किया निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

जनपद में निकाय चुनाव में मतदान प्रथम चरण के अंतर्गत दिनांक 04 मई 2023 को होना है जिसके अंतर्गत जनपद में विभिन्न स्थलों पर मतदान केन्द्रों को बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक श्री गणेश प्रसाद द्वारा निरन्तर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 24 अप्रैल 2023 को द्वारा थाना खीरी क्षेत्र के ओयल में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। सम्बन्धित अधिकारियों को बताया गया कि निर्वाचन की तैयारियों को गंभीरता से लिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करते हुए सभी तैयारियां पूर्ण करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।



साथ ही निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मतदेय स्थलों के पास किसी भी प्रकार का अवरुद्ध नहीं होना चाहिए। मतदेय स्थल पर शांतिपूर्ण व्यवस्था बनी रहनी चाहिए।

## सियाशरण के समर्थन में दिग्गज भाजपा नेताओं ने दिखायी एकजुटता

- चुनाव कार्यालय का शुभारंभ कर कोटरा की जनता से मांगा समर्थन

**कोटरा (उरई), समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को नगर पंचायत कोटरा में भाजपा प्रत्याशी सियाशरण व्यास के चुनाव कार्यालय उद्घाटन समारोह में भाजपा के दिग्गज नेताओं ने सहभागिता कर नगर को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिये जनता से समर्थन मांगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है जो हर क्षेत्र में विकास कार्य प्राथमिकता से पूरे कराये जा रहे हैं फिर चाहे संपर्क मार्गो का निर्माण हो या फिर निकाय क्षेत्रों में कराये गये विकास कार्य। उन्होंने नगर की जनता का आवाहन करते हुये कहा कि यदि आप लोगों ने यहां से पार्टी प्रत्याशी सियाशरण व्यास का समर्थन कर उन्हें चेयरमैन बनाया तो निश्चित रूप से नगर का विकास कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि सियाशरण व्यास की साफ सुथरी छवि होने के साथ-साथ उन्होंने समाजसेवा को ही अपने जीवन का ध्येय बनाया है। वह सबसे सरल व सीधे है हर व्यक्ति उनसे अपनी समस्या भी जब चाहे तब बता सकेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह बना ने कहा कि पार्टी ने साफ सुथरी छवि के सियाशरण व्यास को नगर पंचायत से प्रत्याशी बनाया है। अब नगरवासियों की जिम्मेदारी है कि उन्हें नगर पंचायत की कुर्सी तक पहुचाने का कार्य करें। इस दौरान संजय त्रिपाठी सांसद प्रतिनिधि अवध शर्मा बब्बा, रामप्यारे तिवारी महाराज, सत्यनारायण सरगांव, शंभू दयाल, मनोज राजपूत, मंगल राजपूत, मुन्ना व्यास, जगदीश तिवारी, सुभाष पिण्डारी, अरविंद गौतम, राकेश व्यास सहित अनेकों कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे।

## यादव समाज अब किसी राजनैतिक दल का नहीं बनेगा पिछलग्गू : बृजराज

- निकाय चुनाव में टिकट न मिलने से आहत यादव महासभा ने दिखाये तेवर
- निकाय चुनाव में साफ सुथरी छवि के प्रत्याशियों का करेगी समर्थन



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

निकाय चुनाव में सपा द्वारा यादव समाज के लोगों को जनपद की 11 निकायों में से एक भी सीट पर प्रत्याशी न बनाये जाने से जहां यादव समाज में आक्रोश की ज्वाला धधक उठी। इतना ही नहीं सोमवार को अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष बृजराज सिंह यादव ने तो बाकायदा पत्रकार वार्ता के दौरान ऐलान कर दिया कि अब यादव समाज किसी राजनैतिक दल का पिछलग्गू बनकर नहीं रहेगा और निकाय चुनाव में यादव समाज को एकजुट कर प्रत्येक निकाय में ऐसे प्रत्याशियों के पक्ष में सहयोग करने का अभियान चलायेगी जिनकी छवि साफ सुथरी हो ताकि जनपद को अपराध मुक्त और विकासयुक्त रास्ते ले जाया जा सके। पत्रकारों से बातचीत के दौरान जिलाध्यक्ष बृजराज सिंह रिछारा अधिवक्ता ने कहा कि निकाय चुनाव में जिस तरह से यादव समाज के लोगों को राजनैतिक दलों द्वारा उपेक्षित कर अपमानित करने का काम किया गया है जिससे यादव महासभा द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुये निर्णय लिया गया कि अब समाज किसी राजनैतिक दल का बंधुआ मजदूर नहीं बनेगा। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में महासभा द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर निकाय चुनाव में जिन सीटों पर समाज के लोग चुनाव लड़ रहे है वहां स्वाजातीय प्रत्याशियों को जिताने के लिये अन्य समाज के लोगों का सहयोग लिया जायेगा और जिन क्षेत्रों में समाज का कोई प्रत्याशी नहीं है वहां पर वह शिक्षित, साफ सुथरी छवि वाले प्रत्याशियों का सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि कालपी में अध्यक्ष पद पर समाज का प्रत्याशी निर्दलीय चुनाव लड़ रहा है वहां पर उसका सहयोग किया जायेगा। बातचीत के दौरान श्री यादव ने एक बात पर विशेष जोर दिया कि यादव महासभा किसी भ्रष्टाचारी या फिर अपराधी प्रवृत्ति के प्रत्याशी का सहयोग किसी कीमत पर नहीं करेगी। अंत में उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश ही नहीं बल्कि जनपद को भी अपराध मुक्त बनाने व विकासयुक्त रास्ते पर जो भी राजनैतिक दल चलेगा यादव महासभा ऐसे राजनैतिक दलों का चुनावों में सहयोग करेगी। इस दौरान भारत सिंह यादव, दिनेश यादव, वीरू यादव, रामशिवपद सिंह एडवोकेट, वीरेंद्र सिंह, यशपाल सिंह, सुनील, दशरथ सहित अनेकों यादव समाज के लोग मौजूद रहे।

## छप्पर में रखा पत्थर गिरने से दबकर महिला की मौत

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मसगायां में छप्पर के ऊपर रखा पत्थर नीचे गिर गया। जिसकी चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कालपी कोतवाली के ग्राम मसगाया निवासी रामसेवक के घर में घासफूस का छप्पर रखा हुआ है। वह आंधी में न उड़े इसके लिए ग्रहस्वामी ने उसके ऊपर भारी भरकम पत्थर रख दिये थे। बताया गया है कि सोमवार की सुबह उसकी 30 बर्षीय पत्नी डोली छप्पर के पास खडी हुई थी। तभी अचानक छप्पर के ऊपर रखा पत्थर लुढक कर महिला के ऊपर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

हादसा देख मौके पर मौजूद परिजनो में हड़कंप मच गया, और वह उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए सीएचसी कालपी ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में रोना पीटना शुरू हो गया। वही घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लिया, और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मृतका के मायके पक्ष को भी दी गई है।

## कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

ग्राम जमरेही अब्बल में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अंशु और अमित कुशवाहा ने छोटे-छोटे बच्चों के प्रो उत्साहवर्धन करने के लिए सोमवार को खेलकूंद प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने अपना हुनर दिखाते हुये कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता में छह टीमों के साथ आज कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छह टीमों के साथ छोटे-छोटे बच्चे व इंटरमीडिएट के बच्चों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करने पहुंचे विधायक प्रतिनिधि महेश पतराही, मानसिंह पत्रकार, महेंद्र कुमार गौतम पत्रकार, अंशु और अमित कुशवाहा प्रधान प्रतिनिधि, आंसू श्रीवास्तव सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। ग्रामीण बीच-बीच में बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे। खेलकूंद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने प्रो कबड्डी में अपना हुनर दिखाया और जीत हासिल की। अब देखना यह होगा कि सेमीफाइनल और फाइनल में कौन सी टीम पहुंचती है यह तो बच्चों के हुनर पर ही तय करता है।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**कालपी (उरई), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली पुलिस ने गौवध अधिनियम के मामले में फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। वह इस मामले में अदालत में हाजिर नहीं हो रहा था।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलौली निवासी यूनिस पुत्र रहीम के खिलाफ वर्ष 2021 में गौवध अधिनियम का मामला दर्ज हुआ था। लेकिन वह इस मामले में अदालत नही जा रहा था। जिसके चलते सीजीएम की अदालत ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारन्ट जारी कर दिया था। जिसे सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है, और आरोपी के खिलाफ संबन्धित कारवाई कर अदालत भेज दिया गया है।

## बढ़ते तापमान के बाद मौसम में तब्दीली ने लोगों को दी गर्मी से राहत

- बीते सप्ताह से बढ़ते तापमान के ग्राफ ने लोगों की बढ़ाई थी दिक्कतें
- आसमान में बादल और हवाओं में नमी से खुशनुमा बना मौसम

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

बीते एक पखवारे से मौसम में हुई तब्दीली ने जहां एक और तापमान के ग्राफ को शनै शनै बढ़ाना शुरू किया वैसे वैसे लोगों की दिक्कतों में भी इजाफा देखने को मिल रहा था आज सोमवार को दोपहर बाद यकायक आसमान में छाए बादलों और हवाओं की नमी ने जहां एक और तापमान का ग्राफ लुढ़का दिया तो वही लोगों को भी खासी राहत पहुंचाई।

गर्मी के मौसम की शुरुआत होने से पहले ही मौसम की जानकारी इस बात की चेतावनी दे रहे थे कि इस बार अप्रैल माह के मध्य से ही तापमान में अच्छी खासी वृद्धि देखने को मिलेगी संभव है गर्मी बीते कई वर्षों का रिकॉर्ड भी तोड सकती हालांकि पूर्व संभावित अनुमान के



मुताबिक तो तापमान में वृद्धि नहीं देखी गई किंतु जिस तरह से 10 अप्रैल के बाद से ही तापमान का ग्राफ बढ़ रहा था उससे आम जनजीवन को अच्छी खासी गर्मी का एहसास होने लगा था दोपहर के वक्त तो सूर्य देव आज बरसाने भी लगे थे बीते 1 सप्ताह के दौरान तापमान का आंकड़ा 40 डिग्री से ऊपर भी दर्ज किया गया जिससे साफ तौर पर बढ़ती गर्मी का असर आम जनजीवन पर नजर आने लगा था राह चलते लोगों को शीतल पर के लिए इधर से उधर भटकते हुए भी देखा जाने लगा और तेज धूप से बचने के लिए लोग तो लिया गमछा आदि भी इस्तेमाल करने लगे थे। आज सोमवार को दोपहर बाद मौसम में यकायक तब्दीली आई आसमान में घने काले बादल भी नजर आए हालांकि वह कहीं-कहीं बूंदाबांदी के बाद छट भी गए लेकिन मौसम को खुशनुमा कर गए हवाओं में नमी आ गई और लोगों ने बीते 1 सप्ताह की गर्मी से राहत पाई। मौसम के इस बदले मिजाज को लेकर किसान राहुल सिंह सेंगर ने बताया कि ऐसे मौसम में यदि बारिश होती है तो इसका अब अधिक नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा अधिकांश किसानों की फसलें कट चुकी हैं बारिश का फायदा भी पिपरमेंट की खेती करने वाले किसानों को हो सकता है।

### आंधी के साथ झमाझम बारिश ने गेहूं की फसल की चौपट

सोमवार को माधौगढ़ तहसील क्षेत्र में अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज आंधी आने के साथ ही बारिश आने की वजह से किसान की एक बार फिर चिंता बढ़ती दिखाई दे रही है। क्योंकि किसान के खेत में रखी सूखी गेहूं की फसल पूरी तरीके से बर्बाद हो चुकी है। बता दें कि लगातार 3 दिन से हो रही बारिश से किसान को एक बार फिर का कहर झेलना पड़ रहा है। अपरान्ह बाद तेज हवायें व आसमान में काले बादल छाये रहे। आंधी के साथ बारिश होने की वजह से खेत में कटी रखी गेहूं की फसल पूरी तरीके से बर्बाद हो गई है।

## नेहा अवस्थी को जिताने के लिए सांसद ने जनता से की अपील

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं जहां सीतापुर नगर पालिका परिषद के लिए 13 प्रत्याशियों ने अपना जोर लगाना शुरू कर दिया है जिसमें भाजपा के प्रत्याशी नेहा अवस्थी पुत्र वधू मुनेंद्र अवस्थी के कार्यालय पर हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है और शहर में काफी चर्चा भी है कि भाजपा का प्रत्याशी पूरी दमखम के साथ चुनावी मैदान में है और उनके समर्थक भी पूरी तरह से नेहा अवस्थी का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

जिलाध्यक्ष ने बताया की प्रत्येक वार्ड से भाजपा के सभासद भी खड़े किए गए हैं जिनके लिए प्रत्येक वार्ड में जाकर उनके पक्ष में नेहा अवस्थी अपने समर्थन में घर घर जाकर वोट मांग रही हैं और लोगों से अनुरोध भी कर रही हैं कि अभी तक जो विकास सीतापुर का नहीं हुआ वह मेरे कार्यकाल में पूरा किया जाएगा। नगर पालिका में ओपीडी चालू किया जाएगा जहां पर प्राइवेट चिकित्सकों के द्वारा निशुल्क इलाज की व्यवस्था की जाएगी तथा पार्क का सुंदरीकरण कराया जाएगा शहर में जो जल निकासी की सबसे बड़ी समस्या है उसके लिए सीवर लाइन की व्यवस्था की जाएगी।

समय-समय पर दवाओं का छिड़काव भी कराया जाएगा तथा प्रत्येक वार्ड में सुबह और शाम दो टाइम सफाई की व्यवस्था की जाएगी। नेहा अवस्थी ने कहा जिस तरीके से अन्य जनपदों में स्वच्छ एवं सुंदर नगर देखने को मिलते हैं। उसी तरीके से सीतापुर को भी सुंदर रखने का पूरा प्रयास किया जाएगा उन्होंने सीतापुर के समस्त जनपद वासियों से अनुरोध किया है कि एक बार अपनी बहू को आशीर्वाद देकर विजय दिलाएं। जिससे शहर की तस्वीर बदल सके जिनका कार्यालय उत्सव गेस्ट हाउस में बना हुआ है। जहां पर शिरकत करने के लिए राजेश वर्मा सांसद नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु एवं कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही भाजपा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगी महामंत्री विश्राम सागर राठौर महिला मोर्चा अध्यक्ष कंचन मेहरोत्रा जया सिंह ललित श्रीवास्तव दीपक कुमार पंकज पांडे आशीष शास्त्री मनीष मिश्रा पुष्कर शुक्ला अनुपम मिश्रा विशंभर तिवारी सागर गुप्ता बबुआ गुप्ता आशुतोष मोनू राजकुमार अग्रवाल अपूर्व अग्रवाल नितिन गुप्ता खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा भरत त्रिपाठी सत्य प्रकाश मिश्रा वहीं भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने जीत दिलाने के लिए संकल्प ले लिया है।




### अज्ञात चोरो ने एक मकान और दो दुकानों से की चोरी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस पिकेट से मात्र पाच सौ मीटर के आस पास में तीन जगहों पर बीती रात हौसला बुलंद अज्ञात चोरों ने एक घर दो दुकानों को निशाना बनाया जिसमें हजारों रुपए का माल ले उड़े थाना तालगांव क्षेत्र के अंगेठा गांव में अनीता देवी पत्नी स्व अनिल त्रिपाठी के घर में चोरी हो गई अनीता देवी ने बताया की घर पर अकेले रहती है और लड़का बाहर प्राइवेट नौकरी करता है घर में रखी सेफ और अलमारी का तोड़कर चोरों ने हाथ साफ कर दिया जब सुबह देखा तो सब तितर बितर सामान बिखरा पड़ा था इसकी सूचना स्थानीय थाना तालगांव को दे दी है।

## खैराबाद में बनाए जाएंगे पिकनिक स्पॉट : हाजी जलीस अंसारी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

खैराबाद नगर पालिका परिषद निवर्तमान अध्यक्ष हाजी जलीस अंसारी ने बताया कि हमने बीते कार्यकाल में जितने भी वादे किए थे उन्हें शत-प्रतिशत पूरा किया गया है नगर के समस्त वार्डों में बेहतर सड़कें पीने का पानी व गंदे पानी निकासी की बेहतर इंतजाम किए गए हैं।

इस बार समाजवादी पार्टी ने मेरी बेटी इरम अंसारी को खैराबाद नगर पालिका से प्रत्याशी के रूप में उतारा है यहां के नगर वासियों का प्यार व आशीर्वाद मिला तो मेरी पहली प्राथमिकता होगी कि खैराबाद के तालाबों को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जाना जिसमें नगर के बच्चे मोटर बोट का लुफ्त उठा सके! खैराबाद नगर पालिका प्रत्याशी इरम अंसारी के पिता व पूर्व चेयरमैन हाजी जलीस अंसारी ने ईद मिलन के दौरान कही।

उन्होंने कहा जनता का पूरा सहयोग आशीर्वाद एवं हमारी बेटी इरम अंसारी को मिले और वह विजय हो उसके पश्चात हमारा प्रयास होगा कि शासन स्तर पर दाखिल खारिज की समस्या का समाधान कराया जाएगा। कुछ ऐसे निर्माण कार्य कराए जाएंगे जो खैराबाद में मिसाल बने और जनता उन्हें याद करें। उन्होंने बताया कि खैराबाद की जनता का मुझे पूरा सहयोग मिल रहा है।

# निषाद पार्टी, बीजेपी और अपना दल के संयुक्त प्रत्याशी उस्मान अली ने किया नामांकन

**चोपन/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**





जनपद की चर्चित चोपन नगर पंचायत सीट से निषाद पार्टी, बीजेपी और अपना दल (संयुक्त प्रत्याशी) उस्मान अली ने सोमवार को ओबरा डिग्री कालेज में बने नामांकन स्थल पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

नामांकन के दौरान प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री संजीव गौड़, संजीव तिवारी, चोपन मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष संतोष साहनी, राजा मिश्रा, रोहित बिन्द, भाजपा नेता प्रदीप अग्रवाल, सत्य प्रकाश तिवारी, निषाद पार्टी प्रांतीय अध्यक्ष मिठाई लाल निषाद, दया शंकर, डॉ सतेन्द्र आर्या समेत तमाम लोग मौजूद रहे। उस्मान अली ने चार सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। बता दें कि उस्मान अली पूर्व चेयरमैन स्व. इम्तियाज़ अहमद के छोटे भाई है और उस्मान की पत्नी पूर्व ब्लाक प्रमुख रही है। जिले की चोपन नपं सीट से वर्ष 2012 में पिछड़ी सीट पर पहली बार इम्तियाज़ अहमद ने जीत हासिल की थी। इसके बाद वर्ष 2017 में सामान्य सीट पर फिर उन्होंने जीत का परचम लहराया। इसके बाद व्यावसायिक विवाद में 25 अक्टूबर 2018 में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वर्ष 2019 में इस सीट पर उप चुनाव हुआ तो स्व. इम्तिजाज अहमद की पत्नी फ़रीदा बेगम ने जनता का विश्वास जीता। इस बार अनारक्षित सीट पर निषाद पार्टी, बीजेपी और अपना दल (संयुक्त प्रत्याशी) उस्मान अली को बनाया गया है। नामांकन करने जाने से पहले उस्मान अली ने अपने पिता का पैर छू कर आशीर्वाद लेकर नामांकन के लिए चोपन बस स्टैंड तक पैदल रवाना हुए। उनके साथ भाजपा, अपना दल व निषाद पार्टी के तमाम पदाधिकारी व निषाद पार्टी, भाजपा के तमाम कद्दावर नेता कार्यकर्त्ता जुलुस में शामिल रहे। इस मौके पर दिनेश गर्ग, विकास चौबे, राजेश अग्रहरी, विजय शाहनी, लवकुश भारती, दिनेश जैन, कुशल सिंह, जीतू सिंह, फुल चंद्र चौधरी, राजन जायसवाल, पिंटू मिश्रा आदि रहे। इसी क्रम में निर्दल प्रत्याशी के रूप में संजय जैन, सुरेश जायसवाल,सपा से गणेश यादव, बसपा से कमली देवी, कांग्रेस से सेतराम केशरी ,आम आदमी पार्टी से शंकर निषाद ने पर्चा दाखिला किया।

# चुनाव संचालन समिति की बैठक में लिया गया मेयर व पार्षदों को जिताने का संकल्प



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय लोहिया भवन पर सोमवार को नगर निगम के चुनाव को लेकर चुनाव संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि सभी जातियों के नेताओं को अपने समाज के लोगों के साथ बैठकर उनको जोड़ा जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा वोट समाजवादी पार्टी के पक्ष में कराया जा सके। सुबह चार से पांच वार्डों में जनसंपर्क एक साथ कराया जाए जिससे कम समय में ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच में पहुंचा जा सके।महानगर प्रवक्ता एडवोकेट राकेश यादव ने बताया कि संचालन समिति के सभी सदस्यों ने एकजुटता से मेयर प्रत्याशी डॉ आशीष पांडेय दीपू और 60 वार्डों के पार्षदों को जिताने की बात कही।

संचालन समिति की बैठक में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन,पूर्व मंत्री दादा जय शंकर पांडेय, छेदी सिंह, भानु प्रताप सिंह, मंसूर इलाही, राम अचल यादव, इंद्रपाल यादव, रोली यादव, मिर्जा सादिक, मोहम्मद सोहेल, श्री चंद यादव, सत्यनारायण मौर्य, आभास कृष्ण कान्हा, अपील बबलू,शैलेंद्र यादव,आसिफ चांद, कमर रायनी, लीलावती कुशवाहा, अभय यादव, जगदीश यादव, बाबूराम गौड़, अरुण निषाद, अशोक वर्मा, स्वामीनाथ बर्मा, सनी यादव, शिवांशु तिवारी, विद्याभूषण पासी, जाकिर हुसैन पाशा, अमृत राजपाल, के.के. गुप्ता, मायाराम यादव, अपर्णा जयसवाल, सरोज यादव, गौरव पांडेय, महफूज वारसी, डॉ मेराज, जसवीर सिंह शेट्टी, इशाक खान, कैसर अंसारी, जितेंद्र वर्मा, तवील अब्बास, मो.सादिक, अभिनय चतुर्वेदी, भूपेंद्र पांडेय, सावेज जाफरी, मोहम्मद शादाब, मुकेश यादव, नीतीश यादव, कमलेंद्र पांडेय, अनिल मिश्रा, अखिलेश पांडेय, पवन तिवारी, शोएब खान, महर्षि राम द्विवेदी, अनुराग द्विवेदी, रत्नेश पांडेय, अवनीश मिश्रा, विनय मौर्य, बंसी लाल यादव, रमाकांत यादव व बलराम मौर्य मौजूद रहे।

# भाजपा के महापौर व पार्षद प्रत्याशियों ने संयुक्त रूप से किया नामांकन

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



भारतीय जनता पार्टी से अयोध्या नगर निगम महापौर प्रत्याशी महंत गिरीश पति त्रिपाठी व सभी वार्डो के पार्षद प्रत्याशियों ने संयुक्त रुप से नामांकन दाखिल किया।नामांकन के उपरान्त गांधी पार्क में सभा का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही शामिल हुए।

नामांकन सभा को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री शाही ने कहा कि वर्तमान में गुण्डो, माफियाओं, फिरौतियों से मुक्त उत्तर प्रदेश है।केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है।अयोध्या के विकास के लिए सरकार ने हजारों करोड़ की परियोजनाएं दी है। अयोध्या की महिमा व गरिमा को लौटाने का कार्य योगी सरकार ने किया है।अयोध्या का विकास करके उसके अतीत के गौरव को पुर्नजीवित करने में यहां के महापौर की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।अब डबल इंजन की सरकार के साथ नगर निगम चुनाव में जीत दिलाकर त्रिपल इंजन कर दीजिये।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पूरे विश्व की निगाह अयोध्या के उपर है। महापौर व पार्षद प्रत्याशियों के विजय के बाद यहां विकास को सम्बल मिलेगा,जिससे अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं का मन प्रफुल्लित हो जायेगा।भाजपा प्रत्याशी श्री त्रिपाठी ने कहा कि आज पूरी दुनिया की संस्कृति राममय हो रही है,इसलिए यह चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है।इस चुनाव पर सभी की निगाहें है।अयोध्या की महिमा व गरिमा के अनुसार इसका विकास करना व जनअपेक्षाओं को पूरा करना प्राथमिकता होगी।सभा को सम्बोधित करते वालों में नगर निगम चुनाव के सह प्रभारी व एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी, विधायक अमित सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल,डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी,ओम प्रकाश सिंह, पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता शामिल रहे। संचालन नगर निगम चुनाव संयोजक कमलेश श्रीवास्तव ने किया।

# सीएचसी में प्रेरणा कैंटीन खोल आत्मनिर्भर बन रहीं महिलाएं

**गोला-गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**




उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत शासन द्वारा नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए चलाये जा रहे तमाम स्वयं सहायता समूहों के तत्वाधान में गोला सी एच सी परिसर में रविदास स्वयं सहायता समूह की संचालिका लक्ष्मी देवी ने प्रेरणा कैंटीन खोल कर घर के चार दिवारी में बंद हो अपने हुनर को छुपाने वाली महिलाओं के लिए नजीर साबित बन चुकी है। लक्ष्मी बताती हैं वे इसके पूर्व दिल्ली में चाय नमस्ते की दुकान चलाती थी लेकिन पति की तबियत ज्यादे खराब होने कारण पुरा परिवार गांव में रहने लगा और पति की दवा से लेकर पांच बच्चो की पढाई लिखाई व भरण पोषण की जिम्मेदारी उनके सिर पर आ गई जिसको निभाने के लिए आर्थीक समस्याओ से आए दिन जुझना पड रहा था। गांव के लोगो द्वारा उन्हे शासन द्वारा स्वयंसहायता समूह के बारें में जानकारी मिली तो तीन वर्ष पूर्व रविदास स्वयं सहायता समूह का गठन कर ब्लाक एवं संबंधित कार्यालयों में पंजीकरण करकार आत्मनिर्भर बनने की राह पर चल पड़ी। बहुत दिनो तक घर पर आचार आदि बना कर मार्केट में बेचती थी कुछ दिन पूर्व ब्लाक मुख्यालय से प्रेरणा कैंटीन के बारें जानकारी हुई तो संबंधित विभाग में अप्लाई किया जहां से शासन द्वारा हमें सीएच सी गोला परिसर में एक दुकान एलाट हुई आज हम व हमारे साथ दो और सखिया जिनका नाम कितावी व शैला देवी है मिलकर प्रेरणा कैंटीन चला रही है।जिसके द्वारा मिल रही आय से अब हम तीनो को अपने परिवार का भरण करने में बहुत कठीनाईयों का सामना नही करना पड़ रहा है। हम सभी सखीया देश के प्रधान मंत्री मोदी व मुख्य मंत्रीयोगी आदित्य नाथ जी को धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं। वहीं लक्ष्मी ने क्षेत्र के सभी महिलाओं से आत्म निर्भर बनने की अपील किया है।

# गांव के विकास में ही पंचायत की सार्थकता है : डॉ. सुरेन्द्र मिश्र

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

## राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र, महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा गांव मसौधा में राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अवध विश्व विद्यालय के प्रौढ़ एवं सतत् शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र मिश्र ने ग्रामवासियों को पंचायती राज्य के बारे में बताया कि 24 अप्रैल 1993 को सर्वप्रथम पंचायती राज्य का गठन किया गया था,इसमें ग्राम, तहसील एवं जिला पंचायत तीन स्तरों पर नियोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत का प्रमुख कार्य सरकार द्वारा ग्राम-समाज के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं-विकास कार्यों को लोगों तक पहुँचाना है। जिसमें स्वच्छता,स्वास्थ्य,शिक्षा व लघु रोजगार ग्राम वासियों के उत्थान में सहायक रहेगा।उन्होंने पंचायती राज्य के अंतर्गत पंचायत के सदस्यों के दायित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंचायत के पांचों सदस्यों को पंच तत्वों की भांति क्रियाशील व दिव्य गुणों वाला होना चाहिए। यदि सभी जन गांव के विकास में एकजुट हो जाये तो सच्चे मायने में पंचायत की सार्थकता एवं आज के दिन सार्थक होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रतिभा त्रिपाठी द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन इंजीनियर निधि ने किया गया।इस अवसर पर डॉ0 स्नेहा पटेल,गायत्री वर्मा एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# डॉ आम्बेडकर राष्ट्र के हैं मसीहा और सबसे बड़े राष्ट्रभक्त

## समाजसेवा संस्थान द्वारा मनाई गई धूमधाम से डॉ. अम्बेडकर की जयंती

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



समाज सेवा संस्थान द्वारा डॉ अम्बेडकर छात्रावास में बाबा साहब डॉ बीआर अम्बेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि जिले के सांसद श्री उपेन्द्र सिंह रावत ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ अम्बेडकर से बड़ा कोई राष्ट्र भक्त नही है। उन्होंने कहा कि जब बाबा साहब हिन्दू धर्म को त्यागने की घोषणा की तो इस्लाम और क्रिश्चियन धर्म के लोगों ने बाबा साहब को अपने अपने धर्म मे आने के लिए तमाम अनुरोध किया लेकिन बाबा साहब ने इस्लाम और क्रिश्चियन धर्म को इसलिए नही स्वीकार किया क्योंकि यह दोनो धर्म विदेशी धर्म थे। बाबा साहब ने कहा कि विदेशी धर्म को ग्रहण करने के मतलब है कि धर्म परिवर्तन नही बल्कि राष्ट्र परिवर्तन है। सांसद ने कहा कि अनेक शोषण और भेदभाव को झेलकर भी जब उन्हें भारत का संविधान लिखने का अवसर मिला तो उन्होंने ने किसी प्रकार के बदले की भावना नही रखी और देश के हर नागरिकों के कल्याण उनके अधिकारों की रक्षा का ख्याल रखा है, इसलिए बाबा साहब से बढ़कर कोई राष्ट्र एकीकरण का कार्य करने वाला नेता नही हुआ। बाबा साहब भारत के मसीहा है, आधुनिक भारत के निर्माता हैं। इन्हें किसी जाति, धर्म मे सीमित नही किया जा सकता है। जयंती समारोह में हैदरगढ़ क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश चंद्र रावत ने सम्बोधित किया और कहा कि भारत का प्रत्येक व्यक्ति डॉ अम्बेडकर के एहसान का ऋणी है। उन्होंने अपने जीवन को हम सबकी खुशी के लिए न्योछावर कर दिया है, उनके एहसान को भूलना अपने माता पिता को भूलना होगा। समारोह की अध्यक्षता कर रहे जयंती समारोह के आयोजक पूर्व सांसद आनंद प्रकाश गौतम ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का जीवन संघर्ष ही बाबा साहब का संदेश है, उनके जीवन को आज की पीढ़ी को पढ़ना चाहिए।

# युवक को ट्रैक्टर-ट्राली ने मारी टक्कर, मौत

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**



चिलुआताल थाना क्षेत्र के मजनू चौकी अंतर्गत कुडवा निवासी रुदल सिंह का एकलौता पुत्र अनिल सिंह अपनी मां की दवा कराने जा रहा था पीछे से ट्राली ट्रैक्टर ने मारी ठोकर युवक की दर्दनाक हुई मौत। 32 वर्षीय युवक अनिल अपनी मां को मीरपुर दवा कराने जा रहा था रास्ते में युवक को ट्रैक्टर ट्राली ने पीछे से मारा ठोकर युवक की अस्पताल ले जाते समय हुई मृत्यु लाश को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आज प्रातः कुडवा थाना चिलुआताल गोरखपुर निवासी 32 वर्षीय अनिल उर्फ हनुमान सिंह पुत्र रुदल सिंह अपनी मां को मीरपुर दवा कराने जा रहा था रास्ते में पीछे से मीरपुर जीएम स्कूल के सामने लापरवाही ट्रैक्टर ट्राली का मालिक पिंटू सिंह निवासी बौरडीह का ड्राइवर ने पीछे से ठोकर मार दिया जिससे अनिल सिंह को गंभीर चोट आ गई ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दिया मजनू चौकी प्रभारी अपने सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल अनिल को एंबुलेस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जंगल कौड़िया भेजवाया समुदायिक केंद्र जंगल कौड़िया के डॉक्टरों ने अनिल सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक अनिल सिंह की मां की तहरीर पर पिंटू सिंह के ऊपर 279,304 धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लाश को पोस्ट मार्टम कराने मेडिकल कालेज मर्चरी हाउस भेजा गया।

# नपा परिषद की अध्यक्ष पद पर भाजपा ने दूसरी बार शशि श्रीवास्तव पर जताया भरोसा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



● **भाजपा प्रत्याशी ने जुलूस के साथ किया नामांकन**

नगर पालिका परिषद चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन भाजपा ने अपने पत्ते खोले, और अपने पुराने चेहरे पर विश्वास करके अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया। तीसरी बार नगर पालिका परिषद के चेयरमैन बनने की राह में रंजीत बहादुर श्रीवास्तव की पत्नी शशि श्रीवास्तव दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं तो एक बार रंजीत बहादुर श्रीवास्तव चेयरमैन रह चुके हैं। 23 अप्रैल की शाम जैसे ही भाजपा ने प्रत्याशी घोषित किया, वैसे ही चुनावी हलचल बढ़ गई। नामांकन के आखिरी दिन भारी जुलूस के साथ भाजपा प्रत्याशी शशि श्रीवास्तव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। शहर के लगभग 50 स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जुलूस का स्वागत किया गया। वहीं भाजपा कार्यालय में जिले के सभी भाजपा नेता एक्टर हुए और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। नामांकन के समय जिला अध्यक्ष शशांक कुशमेश, सांसद उपेंद्र सिंह रावत , प्रभारी अर्चना मिश्रा, सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह, अरविंद मौर्या, सहित सभी कार्यकर्ताओं, नेता मौजूद रहे।

# दिशा की बैठक 26 अप्रैल के स्थान पर 30 मई को होगी

**बाराबंकी।** आगामी 26 अप्रैल को आयोजित की गई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक निकाय चुनाव की आचार संहिता के लागू होने के चलते स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक 30 मई को आहूत होगी। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह ने बैठक स्थगन का पत्र जारी करते हुए बताया है कि सांसद श्री उपेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में 26 अप्रैल को जिला विकास समन्वय निगरानी समिति की बैठक होनी थी, जोकि निकाय चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण यह बैठक अब 30 मई को डीआरडीए के सभागार में आहूत की गई है। समिति के सभी सदस्यों को यह सूचना जारी की गई है।

# नामांकन के आखिरी दिन तहसील मुख्यालय पर रहा जाम का माहौल

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** स्थानीय निकाय चुनाव के तहत चल रही नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन आज अध्यक्ष व सभासद पद के दावेदारों ने बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ तहसील मुख्यालय पहुंचकर नामांकन किया। जिसके चलते नामांकन का समय समाप्त होने के घंटों बाद तक यातायात बाधित रहा। उल्लेखनीय है कि बीते 1 सप्ताह से तहसील मुख्यालय पर चल रही नामांकन प्रक्रिया के तहत नगर पंचायत हैदरगढ़ के अलावा सुबेहा व सिद्धौर नगर पंचायतों से आने वाले दावेदारों द्वारा नामांकन पत्र खरीदे व जमा किए जा रहे थे, परंतु आज नामांकन प्रक्रिया का अंतिम दिन होने के कारण बड़ी संख्या में दावेदारों की भीड़ समर्थकों संग तहसील मुख्यालय पर उमड़ पड़ी। जिसके चलते लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे के अलावा हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग एवं हैदरगढ़ बाराबंकी मार्ग पर आवागमन बाधित रहा और लोगों को जाम की स्थिति से दो-चार होना पड़ा।

# अनियंत्रित बाईक विद्युत पोल से टकराई, एक की मौत, दो घायल

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कोटवाधाम से घर जा रहे बाइक सवारों की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। जिससे बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस टिकैतनगर ने तीनों घायलों को अपनी गाड़ी से संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो घायलों का उपचार किया गया। सोमवार को ग्राम धामापुर निवासी नन्हा पुत्र रामप्रकाश उम्र 19 वर्ष अजय पुत्र दिनेश उम्र 17 व रत्नेश पुत्र दिनेश सिंह उम्र 12 वर्ष बाइक से कोटवाधाम घूमने गए थे। घूम कर घर वापस आते समय कोटवा धाम से कोटवासड़क मार्ग पर ग्राम अमनियापुर के पास सड़क किनारे लगे एक विद्युत पोल से बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई । जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए । जिन्हें उपचार के लिए टिकैतनगर पुलिस ने सिरौलीगौसपुर अस्पताल में भर्ती करवाया । जहां उपचार के दौरान नन्हा की मौत हो गई । मौत के बाद मौके पर पहुंची बदोसरांय पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही दोनों घायलों का उपचार सिरौलीगौसपुर अस्पताल में किया जा रहा है।

# पार्टियों के अधिकृत प्रत्याशियों के अलावा निर्दलीयों ने भी किया नामांकन

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सभासद पद के लिए हो रहे नामांकन के अंतिम दिन जहां पार्टियों के अधिकृत प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए वही बागी व निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। नगर पंचायत हैदरगढ़ से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी के रूप में निवर्तमान अध्यक्ष व प्रत्याशी पूजा दीक्षित के अलावा सुबेहा से मनीराम रावत व सिद्धौर से रमन्ता रावत ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए वहीं भाजपा से ही नगर पंचायत हैदर गढ़ अध्यक्ष पद का टिकट मांगने वाले आलोक तिवारी एडवोकेट पंकज अग्रवाल भानु प्रताप उर्फ बेचू पाठक हरि ऋाकरी की पत्नी मीना गुप्ता के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में 2012 मे नगर पंचायत अध्यक्ष का पद संभाल चुके अखिलेश सिंह के अलावा पूर्व चेयरमैन श्रीमती बीना अग्रवाल के पति डॉक्टर राजेंद्र अग्रवाल उर्फ कक्कू के अलावा सपा से अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार रहे पप्पू सिद्दीकी ने नामांकन पत्र वापस लेने की संभावनाओं को खारिज करते हुए समर्थकों व पार्टी कार्यकर्ताओं की इच्छाओं का सम्मान करते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

# लाव लश्कर के साथ जगदीश गुप्ता ने किया नामांकन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** नगर निकाय चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन नगर पंचायत टिकैतनगर से अध्यक्ष पद के लिए भाजपा उम्मीदवार जगदीश प्रसाद गुप्ता ने नामांकन किया। भारी लाव-लश्कर के साथ राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा के साथ तहसील पहुंच कर टिकैतनगर के निवर्तमान अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता ने एक सेट नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक कुशमेश सहित तमाम नेता मौजूद रहे। नगर पंचायत टिकैतनगर से अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से जगदीश प्रसाद गुप्ता व सपा उम्मीदवार मुन्ना राइन के साथ ही अजय रवि राजू सियाराम सोनी मोहम्मद हसनैन सहित पांच निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी नामांकन किया है। नगर पंचायत टिकैतनगर से अध्यक्ष पद के लिए कुल 7 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत टिकैतनगर के 10 वार्डों से सदस्य पद के लिए कुल 45 लोगों ने नामांकन किया है।

# सपा की नपं अध्यक्ष पद प्रत्याशी शीला सिंह का चुनाव प्रचार पकड़ा जोर

**बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी से नगर पालिका परिषद नवाबगंज की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी श्रीमती शीला सिंह वर्मा अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में व्यापक चुनाव प्रचार प्रसार कर कर रही है नवाबगंज की जनता भी शीला सिंह की दावेदारी से खुश दिखाई दे रही है समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी जिस भी वार्ड में जाती हैं वहां के मतदाता खुलकर अपनी परेशानी शीला सिंह से कहते हुए दिखाई देते हैं सपा प्रत्याशी ने आज आजाद नगर, मोहल्ला पैसार एवं गुलस्ताने-शेर की कालोनियों में घर घर पहुंचकर मतदाताओं से वोट और समर्थन की अपील करते हुये कहा की आप सब एक बार मुझे समर्थन करिए मैं आपके और नगर के विकास के लिए पूरे 5 साल समर्पित कर दूंगी आपकी जरूरत के वो सब काम इन 5 सालों में होंगे जिन पर सालों में कोई ध्यान नहीं दिया गया। समर्थन की अपील करते हुए शीला सिंह ने मोहल्ले वासियों से कहा आप सबके वह सब काम पूरे होंगे जो दशकों से आपकी जरूरत के हैं परंतु आज तक किए नहीं गए। मोहल्ला पैसार मे जनसंपर्क के दौरान मोहल्ले वासियों ने फूल मालाओं से अध्यक्ष पद की प्रत्याशी का स्वागत करते हुए पूरे मोहल्ले का भ्रमण कराया।

# युवा कांग्रेस ने किया यंग इंडिया के बोल सीजन-3 का विमोचन

**बाराबंकी।** कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें '' यंग इंडिया के बोल सीजन-3 '' प्रतियोगिता का विमोचन किया गया। यंग इंडिया के बोल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया भारतीय युवा कांग्रेस का एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट हैं जिसके तहत आम और सामान्य पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को राजनीतिक मंच मुहैया कराया जाता हैं।

# नामांकन के दिन विभिन्न राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों ने भरे पर्चे

**इटावा। समृद्धि न्यूज**





**समाजवादी** पार्टी से टिकट कटने के बाद बसपा ने समजजेवी इदरीस अंसारी की पुत्र वधू गुलनाज को इटावा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाकर चुनावी मुकाबले को दिलचस्प बना दिया। बसपा प्रत्याशी गुलनाज ने आज एसडीएम के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया।

बसपा प्रत्याशी गुलनाज ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि बसपा सुप्रीमो बहिन मायावती की मैं आभारी हूं और विश्वास दिलाती हूं कि उन्होंने जो विश्वास जताया और मुझे नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया हम उस पर पूरी तरह खरे उतरेंगे। इटावा की जनता को भी विश्वास दिलाती हूं कि शहर के सभी वर्ग के लोगों के आशीर्वाद से बिजली, पानी, सड़क के साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान देंगे। महिलाओं के लिए नगर पालिका में एक विशेष काउंटर स्थापित करूंगी ताकि महिलाएं बेहिचक आकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं साथ ही शहर में जाम की समस्या का समाधान कराएंगे जिससे बाजार में आने वाली महिलाओं को परेशानी न हो। उन्होंने शहर सभी वर्ग के लोगों से अपील की कि एक बार मुझे अपना आशीर्वाद देकर चेयरमैन बनाएं हम उनकी आशाओं पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। नामांकन के दौरान इदरीस अंसारी भी मौजूद रहे।

नामांकन के अंतिम दिन नगर पालिका परिषद इटावा के अध्यक्ष पद के लिये भाजपा प्रत्याशी कुसुम दुबे पत्नी स्व. अशोक दुबे ने नामंकन कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी कुसुम दुबे के साथ सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे समेत दल के कई नेता नामांकन स्थल पहुंचे।समाजवादी पार्टी ने नामांकन के अंतिम दिन टिकट बदल दिया और गुलनाज की जगह पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता संटू की पत्नी ज्योति गुप्ता को अपना प्रत्याशी बनाया। ज्योति गुप्ता ने प्रस्तावकों के साथ कलेक्ट्रेट में एसडीएम के समक्ष नामांकन दाखिल लिया। नगर पालिका परिषद इटावा के अध्यक्ष पद के लिये कांग्रेस प्रत्याशी ममता दुबे पत्नी वाचस्पति दुबे ने कल अपना नामांकन पत्र कचहरी पहुंचकर एसडीएम के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था।

## फर्जी रॉ अधिकारी को पुलिस ने पकड़ा

**मैनपुरी।** पुलिस ने देश की खुफिया एजेंसी रॉ का फर्जी अधिकारी पकड़ा गया है। आरोपी खुद को रॉ अधिकारी बताते हुए मैनपुरी की एक युवती को शादी का झांसा दिया। झांसे में लेकर उससे पांच लाख रुपये की ठगी कर ली। शिकायत पर शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास रॉ अधिकारी का एक फर्जी आईडी कार्ड, कार, नकदी आदि बरामद हुई है। आरोपी मूलरूप से बिहार के छपरा का रहने वाला है। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि उत्तरी छपट्टी निवासी मानसी प्रसाद जो कि एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करती हैं। उनके द्वारा एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। वैवाहिक वेबसाइट के जरिए एक युवक ने उनसे संपर्क किया और खुद को खुफिया एजेंसी रॉ का अधिकारी बताते हुए शादी का झांसा देकर करीब पांच लाख रुपये की ठगी की है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस जांच में जुट गई थी। पुलिस ने सुरागकशी करते हुए सोमवार को सिंहपुर नहर पुल के पास एक युवक को कार सहित गिरफ्तार किया।

# बेमौसम आंधी, बारिश, ओलावृष्टि से किसानो के चेहरे मुरझाए

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**धूप छांव** के बीच खेतों में पड़े भीगे हुए गेहूं के गठ्ठों को किसान उलट-पुलट कर सुखाने का प्रयास में जुटे हैं वही रोज बादल होने व बूंदाबांदी होने से किसानों के गेहूं की गट्ठे सूख नहीं पा रहे हैं तमाम किसान ऐसे हैं जिनका एक दाना भी गेहूं का भी नहीं कटा है। तमाम गेहूँ की फसल एभी कटने को खेतों में खड़ी है। किसानों का कहना है तकरीबन 5 से 7 दिन अच्छी धूप लगने पर ही गेहूं कटने लायक हो पाएगा। ऐसी स्थिति में खेतों में पड़े गठ्ठों को उन्हें हर रोज उलट-पलट कर सुखाना पड़ रहा है। जितने सूखने नही पाते उतने ही हररोज हो रही बूंदाबांदी से फिर भीग जा रहे हैं।

इस साल बेमौसम आंधी व बारिश और ओलावृष्टि से किसान गेहूँ की फसल का नुकसान देखकर खून के आँसू रो रहा है।साल भर के गुजारे के लिए अन्नदाता का अन्न बेमौसम बारिश के कारण घर पर नही आ पा रहा है। जनपद में इस साल गेहूँ का रकबा जहाँ पिछले साल से करीब दस हजार हेक्टेअर अधिक है और इस साल गेहूँ का उत्पादन पिछले साल की अपेक्षा अधिक होने की संभावना थी।परन्तु पिछले शुक्रवार को आयी तेज आंधी के साथ बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों की गेहूँ की कटी पड़ी फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। बकेवर लखना महेवा लवेदी क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में किसानों की गेहूँ की कटी पड़ी फसल भीग गयी। ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को नुकसान हुआ। उंसके बाद किसान खेतों में पड़े गेहूँ के गठ्ठों को रोजाना सुखाने के लिए उलट पलट करते हैं। जिससे गट्ठे जल्द से जल्द इतने सूख जाएं कि उनकी थ्रेशरिंग करा कर गेहूँ को उठवा लें।परन्तु हर रोज आसमान में बादल छाने, व बूंदाबांदी होने से गेहूं के गट्ठे उतने ही भीग जाते हैं जितने वे सूख नही पाते हैं।किसान प्रकृति की इस मार से परेशान है। क्षेत्र के कुड़रिया, सरायमिठ्ठे, बिजौली, सुनवर्षा, सैदपुर, कीरत पुर, कर्बाखेड़ा, करवाबुजुर्ग, बेरीखेड़ा, लुधियानी, जयमलपुर, आदि सहित दर्जनो गाँव में सैकड़ों किसानों की गेहूँ फसल अभी कटने के लिय खेतों में पड़ी है।किसानों मनोज कुमार, रामलाल, रामानन्द, सन्तोष, जगदीश, का कहना है लगता है इस साल गेहूँ की तमाम फसल भीगकर खेत मे ही नष्ट हो जाएगी।

# कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा भरा

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



**महोबा में** दूसरे चरण में होने वाले चुनाव के लिए कांग्रेस में बाहरी व्यक्ति को टिकट दिए जाने से नाराज जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष ने बगावत कर दी है। पार्टी के प्रत्याशी होने के बावजूद भी वह नामांकन करके निर्दलीय चुनावी मैदान में कूद पड़े हैं। उनका आरोप है कि शीर्ष नेतृत्व ने पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को मौका न देकर बाहरी व्यक्ति को टिकट दे दिया है। जिससे कांग्रेसियों में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि इस टिकट के फैसले से कांग्रेस शून्य पर पहुंच गई है। संघर्ष करने वालों की अनदेखी ही कांग्रेस को हार दिलाएगी।

निकाय चुनाव के दूसरे चरण में महोबा में मतदान होना है। जिसको लेकर सत्ता पक्ष सहित सभी दल अपनी दावेदारी को मजबूत करने के लिए प्रयासरत हैं।

इस बीच कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। 22 वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े जिला उपाध्यक्ष संतोष धुरिया ने बगावत कर दी है। जिला उपाध्यक्ष संतोष धरिया ने नगरपालिका महोबा के अध्यक्ष पद के लिए बाहरी व्यक्ति को टिकट देने का आरोप लगाते हुए निर्दलीय नामांकन कर दिया और चुनावी मैदान में उतर कर कांग्रेस को शून्य बताया। संतोष धुरिया 22 वर्षों से कांग्रेस में है और कांग्रेस के तमाम स्थानीय और प्रदेश स्तर के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। दिल्ली और लखनऊ में भी आंदोलन के दौरान जेल जा चुके हैं। जिला स्तर पर होने वाले सभी धरना प्रदर्शन और कार्यक्रमों में भी इनकी भागीदारी रही है। इनके द्वारा नगर निकाय चुनाव में पालिका अध्यक्ष पद पर लडने की इच्छा के तहत टिकट की दावेदारी की थी और उम्मीद भी जताई जा रही थी कि संतोष धुरिया को ही कांग्रेस टिकट देगी। मगर ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस के टिकट के प्रबल दावेदार होने के बाद भी इन्हें तब निराशा हाथ लगी जब शीर्ष नेतृत्व ने संतोष धुरिया को टिकट न देकर गैर कांग्रेसी गोरेलाल कुशवाहा को टिकट दे दिया।

## महिला ने मारपीट का मुकदमा कराया दर्ज

**जसवंतनगर/इटावा।** जसवंतनगर क्षेत्र के गांव जसोहन की रहने वाली 32 वर्षीय माया देवी पत्नी सुल्तान सिंह ने विशेष न्यायाधीश एससी एसटी कोर्ट के माध्यम से चार नामजद सहित एक अज्ञात के खिलाफ मारपीट व एससीएसटी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। विवरण के अनुसार 2 अप्रैल 2023 को यमुना नदी के किनारे पथरी बाबा आश्रम पर भंडारा हो रहा था उक्त भंडारे में प्रार्थिनी के पति सुल्तान सिंह वह ज्ञान सिंह और बालकृष्ण के साथ मोटरसाइकिल से भंडारा खाकर लौट रहे थे तभी रास्ते में धीरेंद्र अपने साथियों के साथ मिला और प्रार्थिनी के पति से बोला मुझे भंडार तक छोड़ कर आओ तो पति ने भंडारे तक छोड़ने से मना कर दिया और कहा मुझे जरूरी काम से पूठन सकरौली जाना है इस पर धीरेंद्र उर्फ संजू आग बबूला हो गया।

# पुलिस ने चोरी की गाड़ी का सामान बेचने वाले आरोपी पकड़े

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी सर्विलान्स टीम व थाना सैफई पुलिस ने ईको कार को चोरी कर उसके पार्ट्स निकालकर अन्य कार में प्रयुक्त करने वाले वाहन चोरों को गिरफ्तार किया।

वादी वीनेश कुमार पुत्र जयपाल सिंह निवासी नगला रमी थाना अछल्दा औरैया द्वारा थाना सैफई पर लिखित तहरीर दी कि गयी कि 8 अप्रैल को सैफई पीजीआई कैम्पस के अन्दर से उसकी ईको कार नम्बर यूपी 79 वाई 8658 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा लूट/चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना सैफई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पीजीआई तिराहा पैट्रोल पम्प मैनपुरी रोड पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि सैफई पीजीआई कैम्पस से ईको कार चोरी करने वाले व्यक्ति दुमिला बार्डर की तरफ से इटावा की ओर आ रहे हैं, सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना सैफई पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैकिंग के दौरान राहुल पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम विरहुन थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात, दानिश पुत्र मो. शाकिर निवासी ग्राम खानपुर थाना फफूँद जनपद औरैया, विकास यादव पुत्र गिरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम सामपुर थाना बिधूना जनपद औरैया को दुमिला बार्डर से गिरफ्तार कर लिया गया।

## खबरें एक नजर में

### भारत विकास परिषद स्टेशन पर लगाएगा प्याऊ

**इटावा।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 2 व 3 पर यात्रियों की प्यास बुझाने के लिए लगाए जाने वाला प्याऊ इस बार और भव्यता से लगाया जाएगा। उक्त निर्णय भारत विकास परिषद की एक अति आवश्यक बैठक फ्रेंड्स कॉलोनी में टैली इंस्टीट्यूट पर अध्यक्ष इंद्रनारायण पांडे की अध्यक्षता में लिया गया जिसका संचालन महामंत्री अत्री दीक्षित ने किया बैठक में नव दायित्व ग्रहण करने वालों को प्रांतीय मार्गदर्शक शपथ प्रमुख मुन्ना लाल वर्मा ने शपथ ग्रहण कराई शपथ ग्रहण करने वालों में मीडिया प्रभारी ओमरतन कश्यप उपाध्यक्ष हरी शंकर त्रिपाठी संयोजक स्थापना दिवस चन्द्र प्रकाश सिंह चैहान संयोजक नव संवत्सर पंकज मिश्रा प्रमुख रूप से शामिल है। बैठक में प्रमुख रूप से शैलेश पाठक मुन्ना लाल वर्मा सुग्रीव सिंह यादव सौरभ सक्सेना चंद्रप्रकाश सिंह आसाराम मिश्र लालजी प्रसाद दुबे पंकज मिश्र बीके सिंह हरि शंकर त्रिपाठी विमलेश शर्मा प्रतिभा सिंह ओम नारायण शुक्ला आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### रामचरितमानस अखंड पाठ के साथ हुआ भंडारा

**इटावा।** सिद्ध पीठ काली वाहन मंदिर पर माता रानी के भक्तों ने रामचरितमानस अखंड पाठ का प्रारंभ कराया था। सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या, भगवती जागरण के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सदर विधायक सरिता भदौरिया ने पहुंचकर भंडारा ग्रहण किया खादी ग्रामोद्योग सेवा समिति मंत्री कार्यक्रम आयोजक अरविंद सिंह ने बताया कि मां भगवती के चरणों में 17 कुंटल का विशाल भंडारा समर्पित किया गया जिसमें शहर के धर्म प्रेमियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### भाजपा प्रत्याशी ने भरा पर्चा

**इटावा।** नगर पालिका भरथना सीट से भारतीय जनता पार्टी की चेयरमैन पद की उच्च शिक्षित प्रत्याशी डॉ मनीषा गुप्ता ने अपना पर्चा पूरे लाव लश्कर के साथ दाखिल किया। उनके नामांकन मे उनके पति अमित गुप्ता, ससुर प्रभाकर गुप्ता सहित शिव महेश दुबे, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, सत्यपाल सिंह चुनाव प्रभारी, भगवान पोरवाल,सांसद प्रतिनिधि, अनूप जाटव मंडल अध्यक्ष भरथना, राजेश तिवारी सहित पूर्व विधायक भाजपा सावित्री कठेरिया सहित बीजेपी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। पर्चा दाखिल करने के बाद उनके समर्थकों में काफी जोश दिखाई दिया। ज्ञात हो कि डॉ मनीषी गुप्ता भरथना सीट से चैयरमैन पद का चुनाव लड़ रही एक मात्र उच्च शिक्षित प्रत्याशी है।

### युवक तमंचा सहित गिरफ्तार

**इटावा।** बकेवर कस्बे के किदवई नगर मोहल्ले से पुलिस ने तमंचा रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा। प्रभारी निरीक्षक बिक्रम सिंह ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर कस्बा इंचार्ज रामकिशुन वर्मा पुलिस बल के साथ सरकारी गाड़ी में बैठकर गस्त कर रहे थे जैसे ही पुलिस की गाड़ी किदवई नगर मोहल्ले के पास पहुंची कि पुलिस की गाड़ी देखकर एक युवक भागने लगा जिसे पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम नीतेश पाल पुत्र प्रमोद निवासी हाफिज नगर बकेवर बताया जामा तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद बरामद किए।

### पांच वांछित किये गिरफ्तार

**कुरावली।** वांछित इनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये गये अभियान के तहत थाना पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए पांच वांछितों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। सोमवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मकबूलपुर निवासी जहान सिंह पुत्र रामनाथ ग्राम हीरापुर निवासी विवेक पुत्र हरदयाल ग्राम आठपुरा निवासी देशराज पुत्र मास्टर तेली डिप्टी लाल पुत्र अयोध्या सिंह भूरे पुत्र गंगा सहाय लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### महिला से की छेड़छाड़

**कुरावली।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला ऊसर निवासी प्रीति पत्नी बृजेश ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है । जब वह अपने प्लाट पर झोपड़ी में अपनी बच्ची के साथ बैठी थी स तभी वहां हाफिजपुर निवासी आजाद पुत्र इश्तियाक खा आ गया। और उसकी झोपड़ी में घुसकर कहने लगा तुम्हारी सास ने दवा देने के लिए मुझे भेजा है। प्रीति ने कहा में अकेली हूं तुम यहां से चले जाओ मुझे दवा नहीं लेनी है तो आजाद उसे जबरदस्ती करने लगा और गाली गलौज करते हुए पकड़ कर उसका ब्लाउज फाड़ दिया स चिल्लाने लगी तो गांव के लोग आ गए और आजाद को संदिग्ध अवस्था में प्रीति से अश्लील हरकत करते हुए देख लिया स और प्रीति को बचाया इतने में मौका पाकर पर आजाद भाग गया तभी सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान सुभाष ने प्रीति की मदद करते हुए उसे थाने तक पहुंचाया स थाना पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण कराके घटना की जांच भी शुरू कर दी है स

### बाइक चालक ने महिला कांस्टेबल की स्कूटी में मारी टक्कर

कुरावली। थाना कुरावली मैं आरक्षी पद पर तैनात दीपिका अपनी स्कूटी गाड़ी पर सवार होकर जा रही थी जैसे ही वह जीटी रोड पर सिरसा मोड़ के निकट पहुंची स तभी अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने अपनी गाड़ी तेजी व लापरवाही से चलाते हुए स्कूटी में टक्कर मार दी स जिसमें दीपिका घायल हो गई तथा स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई है टक्कर मारकर बाइक सवार अपनी बाइक छोड़ कर भाग गया।

### पुलिस, चिता से निकाली हड्डियां

**मैनपुरी।** यहां थाने की घंटी बजी। सिपाही ने फोन उठाया तो आवाज आई...साहब गांव आ जाइए परिजन चुपचाप किशोरी का शव जलाए दे रहे हैं। खबर सुन पुलिस तत्काल गांव पहुंची। परिजन से बात करके जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने किया प्रशिक्षण का शुभारम्भ

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




**स्थानीय** ब्लॉक सभागार महेवा में पंचायती राज विभाग द्वारा ओडीएफ़ प्लस के कार्य के लिये राज मिस्त्रियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत की गई जिसका शुभारम्भ सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्याम वरन राजपूत ने किया।

प्रशिक्षणदाता जिला समन्वयक स्वच्छत भारत मिशन अनुराग बाजपेई ने मौजूद राजमिस्त्रियों को शौचलाय निर्माण ,आर आर सी केंद्र निर्माण आदि के बारे में विस्तार से बताया ।

श्री बाजपेई ने कहा कि सूखे व गीले कचड़ा के निस्तातरण हेतु केंद्रों का निर्माण करना वहीं हरेक परिवार में शौचालय निर्माण ,हर गाँव मे कम से कम एक सामुदायिक शौचालय होना जरूरी है । वहीं सहायक विकास अधिकारी पँचायत श्री राजपूत ने कहा कि गाँवो में जब हरेक परिवार के पास अपना शौचलाय मानक के अनुसार निर्मित होगा तो न तो लोग खुले में शौच जाएंगे नहीँ गंदगी होगी ,बीमारियों पर अंकुश होगा । वहीँ खण्ड प्रेरक मीनाक्षी चौहान ने सभी को शौचालयों को प्रयोग करने की सलाह दी। जिला समन्वयक ने यह भी बताया कि गत वर्ष तीन गाँवो में जिनमें निवाड़ीकला ,महेवा व बहादुरपुरघार शामिल है में यह स्कीम लागू की गई वहीँ इस वर्ष ब्लॉक के 69 राजस्व ग्रामों में स्वच्छ भारत मिशन अभियान लागू किया जायेगा। प्रशिक्षण में जे ई कुलदीप सिंह ,अनुराग यादव ,अंशुमान सिंह ,अर्जुन सिंह आदि सहित आधा सैकड़ा से अधिक राजमिस्त्री शामिल रहे।

# भाजपा प्रत्याशियों ने पूरे धूमधाम से नामांकन दाखिल किया

**महोबा। समृद्धि न्यूज**




**भाजपा** जिला कार्यालय में नगर पालिका/पंचायत प्रत्याशियों के नामांकन की तैयारी जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी विधायक जितेंद्र सिंह सेंगर के नेतृत्व में हुई जिसमें पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया! इसके उपरांत महिला अस्पताल के सामने भाजपा महोबा नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी डॉक्टर संतोष चौरसिया के कार्यालय का उद्घाटन हुआ जिसमे जिला प्रभारी रामनरेश तिवारी, कॉपरेटिव बैंक के चेयरमैन चक्रपाणि त्रिपाठी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश यादव, पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बलबीर सेन ईश्वर दयाल, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा आशीष शिवहरे, जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष कमलेश चौरसिया, आदि सम्मानित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जन उपस्थित रहे, नामांकन जुलूस में भारी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही, महोबा की जनता ने डॉक्टर संतोष चौरसिया का फूल मालाओं से जगह-जगह स्वागत किया, तहसील में जाकर भाजपा प्रत्याशी ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन किया! नगर पालिका महोबा के सभी 25 वार्डों के भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने भी नामांकन दाखिल किया! डॉक्टर संतोष चौरसिया बाल काल स्वयंसेवक के साथ-साथ पूर्व जिला अध्यक्ष एवं समर्पित कार्यकर्ता भी हैं, भाजपा कार्यकर्ताओं ने टिकट का स्वागत किया!

# स्वच्छ भारत मिशन द्वितीय फेस के अंतर्गत ओडीएफ प्लस ग्राम तैयार करने हेतु प्रशिक्षण की शुरुआत

**महोबा। समृद्धि न्यूज**






**ग्राम पंचायतों** में ठोस एवं तरल पदार्थ अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में पांच दिवसीय प्रशिक्षण की हुई शुरुआत हुई है इसमें ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, खंड प्रेरकों को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (डीपीआरसी) महोबा में उपनिदेशक पंचायत चित्रकूटधाम मंडल बांदा के नेतृत्व में जनपद हमीरपुर के ब्लाक गोहांड और सरीला के गांवों को मॉडल बनाने हेतु 109 लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत राज अधिकारी महोबा संतोष कुमार व कार्यक्रम समन्वयक प्राची गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। प्रशिक्षण में जिला पंचायत राज अधिकारी महोबा ने मॉडल गांवों के बारे में जानकारी दी। उहोंने कहा कि गांवों में सभी प्रकार के अपशिष्ट का सुरक्षित निपटान कर गांवों को स्वच्छ बनाया जा सकता है । उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को ओडीएफ प्लस के बारे में विस्तार से बताया कि अभी तक हम लोगों ने अपने गांव को खुले में शौच न हो इसके लिए समस्त प्रबंध किए जिन लाभार्थियों को आवश्यकता थी उन्हें शौचालय उपलब्ध कराएं और जिन्हें किसी कारण बस शौचालय नहीं मिल पाए उनके लिए गांव में सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय की स्थापना की गई अब गांव में जरूरत है नालियों की साफ-सफाई और गांव में फैली गंदगी कूड़ा आदि का प्रबंधन करना इसके लिए हम लोगों को समुचित उपाय कर गांव को स्वच्छ बनाना है अब हमारी जिम्मेदारी है कि हमें अपने गांव को स्वच्छ बनाना है और ठोस एवं तरल पदार्थों का प्रबंधन करना है इसी से हमें रोजगार के नए अवसर बनाकर पंचायत की आय को भी बड़ाना है। डीपीआरसी में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत गांवों को ओडीएफ प्लस बनाने के लिए प्रशिक्षण चल रहा हैं। आज जनपद हमीरपुर के ब्लॉक गोहांड और सरीला के ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायक, सफाई कर्मी और खंड प्रेरकों का प्रशिक्षण पूरा किया गया। प्रशिक्षक प्राची गुप्ता ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रथम चरण पर चर्चा की व दूसरे चरण में ओडीएफ प्लस को कैसे सफल बनाया जा सकता है इस पर भी चर्चा की।

प्रशिक्षण में उन्होंने कहा की देश महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन का तकनीकी ज्ञान होना चाहिए।जो इस प्रशिक्षण के माध्यम से दिया जा रहा है। प्रशिक्षक वरिष्ठ फैकल्टी प्राची गुप्ता महोबा, रामप्रकाश दीक्षित, ज़िला समन्वयक राहुल महोबा, कंसल्टिंग इंजीनियर अंकित त्रिपाठी ने दिया। प्रशिक्षण प्रबंधन वरिष्ठ फैकल्टी महोबा ने किया ।

# निर्वाचन संबंधी प्रत्येक कार्य धैर्य व संयम के साथ करें: जिला निर्वाचन अधिकारी

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी/जिला** निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जनपद में तीन नगर पालिका एवं पांच नगर पंचायतों में होने वाले नगर निकाय सामान्य 2023 के चुनाव की तैयारियों के दृष्टिगत समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्टेऊटो का प्रशिक्षण गांधी सभागार में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता नियत तिथि 11 मई को पूर्वाहन 7 बजे से अपराहन 6 बजे तक सम्पन्न होगा। मतदान को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु जोनल/सेक्टर मजिस्टेऊट की भूमिका जिन्हें दी गई है उसे पूरी ईमानदारी,निष्ठा के साथ निर्वहन करें। जो जिनके आवंटित क्षेत्र है वहां भ्रमण कर मतदान केन्द्र,रास्ते, सेंटर की भी जानकारी पूर्व में ही प्राप्त कर लें और वहां पर पेयजल, बिजली, टॉयलेट आदि की व्यवस्था की भी जानकारी कर लें। सभी जोनल जोनल मजिस्टेऊट अपना व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं। जिसमें अपने क्षेत्र के सभी मजिस्टेऊट को जोड़ा जाए। धारा 144 का शत प्रतिशत पालन किया जाए इसमें किसी प्रकार की भीड़ एकठठा न हो, अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन ना किया जाये। शराब की दुकाने बंद हो, किसी भी प्रकार का शोर शराबा न किया जाये। उन्होने कहा कि सभी को नियम कानून की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होने कहा कि जिस बूथ की मतदाता सूची हो उसे पूरी होनी चाहिए और उसी बूथ का बैलट पेपर है कि नही यह भी पहले ही सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होने कहा कि अमिट स्याही बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में प्रयोग किया जाए। बैलट पेपर को फोल्ड करके ही दिया जाए। पीठासीन अधिकारी बैलट पेपर में हस्ताक्षर अवश्य करें। पीठासीन अधिकारी डायरी को भरे उसमें कितने महिला व पुरूष अपने -अपने अधिकार मतपत्र का प्रयोग किया है यह भी सुनिश्चित किया जाये। सभी लोग स्मार्ट वर्क के तहत कार्य करें, निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार से बाधा नहीं होना चाहिए, प्रत्येक कार्य धैर्य व संयम के साथ करें। कहा कि तहसील कन्नौज की नवीन मंडी स्थल जी.टी.रोड,तहसील छिबरामऊ की नवीन मंडी,तहसील तिर्वा की डी.एन.इंटर कॉलेज तिर्वा से मतदान पार्टियों की रवानगी होगी। मतदान दलों को वांछित,आवश्यक मतपत्र,मतदाता सूची,सुभिन्नक चिन्ह की मोहर तथा उपयुक्त निर्वाचन की सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करा लें तथा एक थैला अपने पास सुरक्षित रख लें ताकि मतदान स्थल पर किसी सामग्री की कमी होने पर आप द्वारा तत्काल आपूर्ति की जा सके। रूट चार्ट के अनुसार रवानगी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान अन्य जानकारियों से अवगत कराया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह,मुख्य विकास अधिकारी आर.एन.सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेऊट उपस्थित रहे।

> डीएम ने प्रशिक्षण के दौरान समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश


प्रशिक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल

# भाजपा अधिकृत प्रत्याशी ने किया नामांकन

गुरसहायगंज (कन्नौज)। समृद्धि न्यूज

**निकाय** चुनाव के नामांकन की अंतिम तिथि पर भाजपा अधिकृत प्रत्याशी मुन्नी गुप्ता ने पूर्व राज्यमंत्री व प्रस्तावक एवं समर्थकों के साथ तहसील मुख्यालय पहुंचकर नामांकन प्रक्रिया को पूर्ण किया। इस दौरान समर्थकों में ऊर्जा का संचार होता दिखाई दिया।

सोमवार को निकाय चुनाव के भाजपा अधिकृत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी मुन्नी गुप्ता पत्नी वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता ने पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडे, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव, भाजपा पिछड़ा वर्ग के क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा सहित समर्थकों के साथ छिबरामऊ तहसील पहुंचकर आरओ गरिमा सिंह एवं एआरओ निरंजन त्रिवेदी को नामांकन संबंधित प्रपत्र सौंपकर नामांकन प्रक्रिया को पूर्ण किया।


तहसील परिसर में नामांकन पत्र सौपती भाजपा प्रत्याशी मुन्नी देवी गुप्ता

इसके उपरांत उन्होंने निकाय चुनाव की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं से जी जान से जुट जाने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा की नीतियों उपलब्धियों से आम जनमानस को जागरूक करा कर मतदान के लिए प्रेरित करें। इस दौरान भाजपा नरेन्द्र राजपूत, रामकुमार पाठक, राकेश चन्द्र वर्मा, सुभाष चन्द्र गुप्ता, युवा समाजसेवी मयंक गुप्ता, व्यापारी नेता सुशील कुमार दुबे, संजीव कुमार गुप्ता उर्फसंजू, अनुराग गुप्ता, दिलीप गुप्ता, मानव गुप्ता, शिवम राज वर्मा, दीपू शर्मा, अमन कठेरिया, दीपक गुप्ता, टीटू गुप्ता, अमन कठेरिया, अजय दीक्षित, गंगा सिंह कुशवाहा, मनोज गुप्ता, दीपक सिंह, नवल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कप्तान सिंह ने दी समाजवाद के मार्ग पर चलने की प्रेरणा: अमित यादव

> पूर्व सपा विधायक, शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

गुरसहायगंज (कन्नौज)। समृद्धि न्यूज

**स्वर्गीय कप्तान** सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष विधायक एवं जिलाध्यक्ष आदि पदों पर कार्य करते हुए युवाओं को समाजवाद के मार्ग पर चलने के लिए ना सिर्फप्रोत्साहित किया बल्कि युवाओं को राजनीति में अवसर प्रदान करते हुए तरजीह देने सहित दोनों जनपदों में समाजवादी पार्टी को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया था। उनके द्वारा किसान व्यापारी एवं गरीब तबके के लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर निस्तारित कराने का कार्य किया था। यह बात सोमवार को क्षेत्र के ग्राम सराय दौलत स्थित हिमालय कोल्ड स्टोरेज में स्वर्गीय कप्तान सिंह यादव की 11वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अमित यादव ने कही।


स्व. कप्तान सिंह यादव के चित्र पर पुष्पार्चन करते सपा नेता

कहा कि उनके द्वारा कराए गए जनहित के कार्यों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकेगा। पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर समाजवादी पार्टी को मजबूती प्रदान करने का कार्य कर रहा हूं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र सिंह यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में युवा शक्ति के बल पर जनपद में पार्टी का परचम फहराना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान सोबरन सिंह, सुमित यादव, पारुल, रवि गुप्ता, बंटू सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# अवैध शस्त्रों के साथ दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**पुलिस** अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सदर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान दो युवकों को देशी बंदूक व तमंचा एवं कारतूस के साथ बंदी बनाने में सफलता प्राप्त की। जिन्हे कोतवाली लाकर उनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की गई।

सदर कोतवाली निरीक्षक राजकुमार सिंह,उप निरीक्षक प्रमोद कुमार तिवारी,आरक्षी विकुल व सत्यप्रकाश के साथ कुसुमखोर क्षेत्र में संदिग्ध एवं वांछित अपराधियों की धर पकड अभियान में मशगूल थे। तभी पुलिस बल के सढियापुर चौराहा से टीकापुर्वा तिराहा पहुंचने पर दो व्यक्ति खडे दिखाई दिये। जो पुलिस दल को देखकर भागने लगे। जिन्हे



पुलिस ने उचित बल का प्रयोग करते हुये टीकापुर्वा तिराहे के समीप से गिरफ्त में लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान एक देशी बंदूक 12 बोर व एक तमंचा 315 बोर एवं तीन कारतूस बरामद किये। पुलिस गिरफ्त में आये आरोपियों ने अपना नाम व पता अचल निवासी टीकापुर्वा व दूसरे ने दयाराम उर्फ भीठा निवासी ग्राम पुन्नापुर्वा थाना बिलग्राम जनपद हरदोई बताया। पुलिस ने दोनो आरोपियों को कोतवाली लाकर उनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की।

# खबरें चलते-चलते

## मलेरिया को दूर भगाओ, जागरूक बनों: डॉ.बृजेश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** विश्व मलेरिया दिवस पर जनपद में विभिन्न शिक्षण संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को मलेरिया के बारे में जागरूक किया जाएगा। उक्त जानकारी संचारी रोग नोडल अधिकारी डॉ.बृजेश शुक्ल द्वारा दी गई। उन्होने बताया कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उददेश्य लोगों को मलेरिया के बारे में जागरूक करना और इस बारे में सर्तक रहने की सलाह देना है कि वह मलेरिया की चपेट में आने से बचे रहें। उन्होने कहा कि इस बार विश्व मलेरिया दिवस की थीम शून्य मलेरिया देने का समय:निवेश,नवाचार व क्रियान्वयन रखी गई है। इसी क्रम में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.हिलाल अहमद खान ने बताया कि मलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो मच्छर के काटने से होती है। इंसान को सही समय पर इलाज न मिले तो इस कारण मौत भी हो जाती है। मलेरिया मादा मच्छर के काटने के कारण होता है। एक मादा मच्छर एक बार में 300 से भी अधिक अंडे देने की क्षमता रखती है। एनाफ्लिीज मच्छर के काटने से मलेरिया रोग फैलता है और बारिश में इन मच्छरों का खतरा सबसे ज्यादा बढ़ता है। उन्होने कहा कि बदले हुये मौसम में यदि आपको मच्छर काटने से ऐसी शिकायत दिखे तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें। उन्होने जानकारी दी कि मलेरिया दिवस के अवसर पर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर लोगों को मलेरिया रोग के प्रति जागरूक किया जायेगा। उन्होने मलेरिया के लक्षण बताते हुये जानकारी दी कि सवंमित व्यक्ति को तेज सिर दर्द होता है। मरीज को उल्टी,मितली जैसे लक्षण दिखाई देते है,तेज बुखार,ठंड लगना,कपकपी के साथ बुखार आता है,बुखार लंबे समय तक बना रहता है। उन्होने बचने के उपाय बताते हुये फर्श और आसपास की जगह को फिनॉयल जैसे कीटाणुनाशक से साफकरते रहें एवं बारिश के दिनों में ऐसे कपडे पहनें जिससे हाथ और पैर पूरी तरह से ढके रहें ताकि मच्छर काट न सकें।

## पुलिस ने कच्ची शराब सहित दो को पकड़ा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** निकाय चुनाव से पूर्व कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो युवकों के पास से कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। सोमवार को कोतवाली के उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने हमराह सिपाहियों के साथ गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर सराय प्रयाग स्थित मेला बाजार में छापेमारी कर एक युवक के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम सत्येंद्र सिंह यादव पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी गुलड़िया तालग्राम बताया है। वही हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे सराय प्रयाग चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर सराय दौलत स्थित अंबेडकर मूर्ति के निकट छापेमारी कर ग्राम गुलड़िया थाना तालग्राम निवासी अनुज यादव पुत्र नरेंद्र यादव के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## विद्युत कटौती से ग्रामीण परेशान

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** मानीमऊ क्षेत्र के गांवों की बिजली विगत 36 घंटों से चरमरा गई है जो मात्र दो घंटे ही ग्रामीणों को उपलब्ध हो सकी। जिसके चलते आम जन को भारी कठिनाईयों का सामना उठाना पडा। वही करीब 15 दिनों से विद्युत सप्लाई पूरे - पूरे दिन गायब रहती है और रात में 8 से 9 घंटे आती है। मानीमऊ क्षेत्र के ग्राम सैय्यदपुर सकरी, मियागंज, मेंहदीपुर, यासीनपुर, दंदौरा खुर्द, दाईपुर, मानीमऊ, उग्गापुर्वा, मित्रसेनपुर, अब्दुलपुर सकरी, लक्ष्मनपुर आदि गांवो की विद्युत सप्लाई बहादुरपुर फीडर से है। विगत 15 दिनों से दिन में बिल्कुल बिजली नहीं आती है और रात में 10 बजे से सुबह 7 बजे तक सप्लाई आती है। रात में भी कई बार बिजली कटती रहती है। किन्तु रविवार को सुबह 7 बजे से बिजली गायब हुई तो सोमवार की शांम तक गायब हो गई। रविवार की शांम को सिर्फदो घंटे तक बिजली आपूर्ति हुई। उसके बाद गायब हुई तो बिल्कुल गायब हो गई। सभी विद्युत उपकरण बंद पडे है जनता परेशान है लेकिन अधिकारियों को जनता की समस्या नही दिखाई दे रही है।

# नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिवस छावनी में तब्दील रहा तहसील परिसर



कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**नगरीय निकाय** सामान्य निर्वाचन 2023 की नामांकन प्रक्रिया के आज अंतिम दिवस सदर तहसील परिसर को पूरी तरह छावनी में तब्दील कर दिया गया। नगरिय निकाय चुनाव को सकुशल, शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिये पुलिस प्रशासन द्वारा आचार संहिता का कडाई से पालन कराया जा रहा है। जिसके क्रम में 17 अप्रैल से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के आज अंतिम दिवस सदर तहसील परिसर में भारी भरकम पुलिस फोर्स तैनात रहा। जबकि आज भाजपा प्रत्याशी द्वारा भी नामांकन पत्र प्रस्तुत किया जाना था। सोमवार को सुबह से ही सदर कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को द्रष्टिगत रखते हुये पुलिस कर्मियों से आवश्यक वार्ता कर सुरक्षा के लिहाज से चप्पे - चप्पे पर डयूटी लगाई गई। जिसके चलते सदर तहसील परिसर पूरी तरह से छावनी में तब्दील दिखाई दिया और मौजूद पुलिस फोर्स चप्पे - चप्पे पर अपनी पैनी नजर बनाये रहा।

# निर्दल समेत अध्यक्ष पद के 20 प्रत्याशियों ने ठोकी ताल


नामांकन दाखिल करती भाजपा प्रत्याशी ऊषा दीक्षित साथ में सांसद सुब्रत पाठक

> सदस्य पद के लिये 152 प्रत्याशी मैदान में

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**नगर निकाय** सामान्य निर्वाचन 2023 की आज नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिवस अध्यक्ष पद के लिये भाजपा सहित निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आठ नामांकन पत्र दाखिल किये गये। जबकि सदस्य पद के लिये 152 नामांकन पत्रों को दाखिल किया गया। सोमवार को अध्यक्ष पद के लिये 8 नामांकन पत्र एवं सदस्य पद के लिये 6 फार्म की विक्री की गई। नामांकन प्रक्रिया के तहत आज भारतीय जनता पार्टी की घोषित प्रत्याशी ऊषा दीक्षित ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के समय सांसद सुब्रत पाठक,जनपद प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी सहित वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे। इसी तरह पूर्व निर्वतमान पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्निहोत्री की मां मीना अग्निहोत्री द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पुष्पा देवी, बन्दना, जीनत, शहनानूर, उषा, सुनीता एवं लता द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। जबकि नगर पालिका परिषद के 25 वार्डो में सदस्य पद के लिये सपा, बसपा, भाजपा आदि राजनैतिक व निर्दलीय के रूप में 152 उम्मीदवारों द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिये अभी तक कुल 20 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत किये गये।


प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी व निर्वतमान पालिका अध्यक्ष की मां मीना देवी प्रस्तुत करती नामांकन पत्र

# किसान करें वैज्ञानिक विधि से भंडारण: चंद्रकला

> प्रशिक्षण में लगभग 25 महिलाओं ने किया प्रतिभाग

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

**ब्लॉक क्षेत्र** के ललईपुर्वा गाँव में सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी द्वारा वैज्ञानिक विधि से अन्न भंडारण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। केंद्र की गृह वैज्ञानिक चंद्रकला यादव ने बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा खाद्यान उत्पादक देश है। आज विश्व भारत की ओर देखदलता है। कि कहीं भारत में खाद्यान का उत्पादन घट तो नहीं रहा है। क्योंकि दुनिया के कई देशों में भारत से खाद्यान पहुँचाया जाता है। परंतु उचित भंडारण न होने के कारण आज भी लगभग 10 से 15 प्रतिशत अनाज चूहों, नमी एवं कीड़ों के कारण ख़राब होता है। जिसे उचित भंडारण करके बचाया जा सकता है। उन्होंने सुरक्षित भंडारण के लाभों के बारे में बताते हुए कहा इससे किसानों को उत्पादन का पूरा लाभ व परिवार को स्वच्छ व गुणवत्ता युक्त अनाज मिलता है। जो स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। क्योंकि कीड़े लगे अनाज से कई बीमारियाँ होती है एवं सुरक्षित अन्न भंडारण से किसान अपना बीज स्वयं तैयार कर आर्थिक लाभ भी कमा सकते हैं। सुरक्षित भंडारण विषय पर चर्चा करते हुए डॉ यादव ने बताया कि अनाज ख़राब होने के चार प्रमुख कारण है नमी, कीट, चूहे एवं भंडारण पात्र। उन्होंने बताया कि अनाज खेत से लाकर कड़ी धूप में सूखा कर व ठंडा करके ही अनाज बखारी या बोरो में भर कर भंडारित करे। ध्यान रेखे कि जिन बोरों में अनाज को भण्डारित रखना है। उन्हें भी साफ़ करना बहुत ज़रूरी है। बोरो को उबलते हुए पानी में 10 मिनट खौलाकर कड़ी धूप में सुखालें या किसी भी कीटनाशक को पानी में घोल बनाकर बोरो को 10 मिनट लिए भिगाकर सुखा कर अनाज भरने के लिए प्रयोग करे। उन्होंने बताया कि भंडार गृह की दीवार या फ़र्श में दरार हो तो सीमेंट से भर दे एवं फ़र्श व दीवारो को अच्छे से साफ़ कर किडो व लार्वा को मारने के लिए मैलाथियॉन 50 ई सी का एक एम एल प्रति लीटर की दर से पानी में घोल बनाकर दीवारो, खिड़कियों, दरवाज़ों व फ़र्श पर छिड़काव करे तत्पश्चात् लकड़ी के पटरे लगाकर बोरो की छल्ली लगायें। चूहों को नियंत्रित करने के लिए जिंक फॉस्फाइड उपयुक्त होता है। विष आहार देने से पूर्व 2 से 3 दिन तक चूहों को बिना जहर वाला दाना देना चाहिए। ताकि चूहों की शंकालु आदत कम की जा सके। इसके बाद एक किलो आटे या चावल में 20 से 30 ग्राम जिंक फॉस्फाइड पाउडर डाल कर एक लकड़ी से अच्छी तरह मिला लें। आहार बनाते समय बच्चों को दूर रखें एवं बनाने वाला व्यक्ति अपना मुंह रूमाल से बांध लें। अब इस आहार को खेत में उन बिलों में डाले जहां चूहों की आवाजाही हो। प्रशिक्षण में अमरेन्द्र यादव मौसम वैज्ञानिक ने आगामी मौसम की जानकारी किसानों को दी व मौसम के अनुसार अपने कृषि कार्य करने की सलाह दी। कार्यक्रम में लगभग 25 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।


प्रशिक्षण में महिलाओं को जानकारी देती गृह वैज्ञानिक चंद्रकला समृद्धि न्यूज

# मानव एकता दिवस पर लिया सेवा का संकल्प

> परमात्मा के प्रकाश का ज्ञान कराता है सत्संग

गुरसहायगंज (कन्नौज)। समृद्धि न्यूज

**जो चीज** आध्यात्मिकता के आधार पर सत्य है वह व्यवहारिक आधार पर भी सत्य ही है और बिना सत्य के अहिंसा की खोज असम्भव है। अर्थात जहॉ बैर, ईर्ष्या, निन्दा नफरत क्रोध, लोभ, मोह अहंकार, मान अपमान आदि का अमव होता है। वही अहिंसा का भाव होता है। इसीलिये हमारे मन में प्राणी मात्र के लिये तनिक भी दुर्भाव नहीं होना चाहिये। उन्होने कहा पशुओं और मनुष्य के भीतर अन्तर केवल ज्ञान का है और मनुष्य चौरासी लाख योनियों का भोग कर भी परमात्मा के प्रकाश से अज्ञान बना रहता है सत्संग उसी प्रकाश को मनुष्य से जोडने का साधन मात्र है। जग में भाई चारा हो बस यही मिशन हमारा के माध्यम से हम सभी इस संसार में व्याप्त बैर, ईष्या, हिंसा आदि को मिटा कर शान्ति का पैगाम दे। उक्त विचार नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में संत निरंकारी सत्संग द्वारा आयोजित मानव एकता दिवस के अवसर पर फर्रूखाबाद से आये महात्मा फूलचन्द्र ने कहे। उन्होने आगे कहा कि आज सम्पूर्ण संसार में यह सत्य की आवाज बुलन्द है। जो भी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की शरण में आग गया उसने जिवित अवस्था में ही राम के दर्शन कर लिए। सदगुरू आज सारे संसार को प्रेम व मानवता का पाठ पढा रहे है। यही सही मायनों में मानवता है इंसान प्रेम से रहे और अमन चैन की बात करे। इससे पूर्व मानव एकता दिवस पर अन्य सत्संगियों ने भी प्रकाश डालकर जगत से हिंसा को मिटाकर अमन चैन लाने की बात की। इससे पूर्व नौनिहालों ने गुरू के चरणों में स्वागत गीत गाकर उनका स्वागत व सम्मान किया। संत्संग में प्रमुख रूप से विपिन कुमार, सुशील कुमार गुप्ता देवेन्द्र, अशोक गुप्ता, राकेश, पीके गुप्ता, अनीता गुप्ता, सीता देवी, अशोक गुप्ता, पूनम देवी, आरती, सुनीता, मालती, राधा, रश्मिी गुप्ता, पूनम, अर्चना, पुष्पा देवी, साबित्री देवी, सुनीता, गीता सहित सैकड़ो सत्संगी उपस्थित रहे।



सत्संग में मौजूद महात्मा फूलचन्द्र समृद्धि न्यूज

# चार स्थानों से लाखों के जेवर व नकदी चोरी



चोरी के बाद अस्त व्यस्त पड़ा सामान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** एक साथ कई घरों में ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं से गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने चोरी की घटनाओं की एनसीआर दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रजीपुर निवासी सूरज कुमार पुत्र स्वर्गीय सूबेदार सिंह ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया बीती रात अज्ञात

- पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल, ग्रामीण में भय का वातावरण

चोरों द्वारा उसके घर की अलमारी में रखा जेवर एवं 15000 रुपये की नकदी, मेरे पड़ोसी आदर्श कुमार पुत्र स्वर्गीय गिरवर लाल के मकान से चोरों पीतल के कलश व गांव के जगरूप पुत्र राम भगत के मकान से चोरों द्वारा बक्से में रखी चांदी की पायल, चूड़ी, कान के कुंडल चोरी कर लिए। वहीं भानु प्रताप पुत्र सत्य श्रीराम के घर से बैग में रखी 20000 की नकदी, मोबाइल, ब्लूटूथ, चार्जर, जेबीएल म्यूजिक सिस्टम चोरी कर लिये। **एक अन्य घटना में** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर निवासी ममता देवी पत्नी दलवीर ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया कि उसके पुराने मकान में जेठ बलवीर एवं देवर विश्वनाथ एवं पति दलवीर के अलग-अलग कमरे बने हैं। जिसमें देवर विश्वनाथ रहता है। 19 अप्रैल को देवर विश्वनाथ अपनी ससुराल गया था तथा मकान में ताला लगा था। बीती रात चोर पीछे से दीवार कुदकर मकान में दाखिल हो गये और प्रार्थिनी के हिस्से वाले कमरे का कुंडा तोड़कर बक्से में रखा सामान चोरी कर लिया। सुबह ससुर ईश्वर दयाल जब घरपहुंचे, तो मकान का दरवाजा खुला देखकर चोरी की जानकारी हुई। चोर सोने का हार, कुंडल, अंगूठी, बेसर, चांदी की पेटी, पायल एवं 125000 नगदी चुरा ले गए।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया। एक साथ चार घरों से हुईं चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रीयता के चलते चोरी की घटनायें घट रही है।

## 60 लीटर कच्ची शराब सहित दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने कच्ची शराब सहित हथियापुर नवाबगंज रोड बरौन के पास से एक युवक को 20 लीटर अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम प्रदमुन पुत्र रामविलास निवासी महलई बताया।

वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने एक अन्य व्यक्ति को 40 लीटर महुआ की नाजायज देशी शराब लकूला बस्ती कादरगेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये व्यक्ति ने पूछताछ करने पर अपना नाम रवि उर्फ चउआ निवासी गिहार बस्ती लकूला बताया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। बताते चलें कि क्षेत्र में कच्ची शराब का अवैध कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। शराब माफिया यूरिया व अन्य कैमिकलों से कच्ची शराब बनाकर हजारों के वारे न्यारे कर रहे हैं।

# जानलेवा हमले के मामले में पूर्व प्रधान पर दोष सिद्ध, सजा आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जानलेवा हमले के मामले में अपर जिला जज प्रथम विष्णु चन्द्र वैश्य ने विपुल कुमार उर्फ पपला पुत्र रूपराम निवासी उलियापुर कोतवली कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिदु पर सुनवाई आज है।

विगत 5 वर्ष पूर्व कोतवली कायमगंज निवासी रामनरेश पुत्र मंगली प्रसाद निवासी नगला दत्तू व दूसरी तहरीर अशोक अग्रवाल पुत्र जयप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि मैं अपने दुर्गा टाकीज कायमगंज परिसर में बैठा हुआ था, तभी कुछ लोगों के आने से मैं घबरा गया और उस समय मेरी लेबर दुकान तोड़ रही थी। उसने मुझे बताया कि मैं नरैनामऊ प्रधान हूं मेरा नाम पपला तुम किसके आर्डर से दुकान तुड़वा रहे हो, यह जगह तो मेरी मैने उसे बहुत बार समझाया पर वह नहीं माना और मेरी लेबर से घन लेकर चला गया। दोपहर लगभग 12 बजे वाईपास रोड स्थित टाकीज के पास नरैनामउ प्रधान विपुल पपला व अमर गुप्ता, सुधांशु पाण्डेय, अमर चौसेनी व एक अज्ञात के कहा कि अशोक कहा है और फायरिंग करने लगे। जिसमें रामनरेश के सिर में गोली लगी व पास में खड़ा बालक विशाल कुमार निवासी लालपुर के गोली लगी। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कराया था। जिसमें से मुकदमा अपराध संख्या 367/2018 व दूसरा मामला अपराध संख्या 366/2018 दर्ज कर लिया था। विवेचक ने विपुल कुमार, सुधांशु पांडेय, अमर चौसेनी व नटवर के धारा 307 में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। सुनवाई के दौरान



अमर गुप्ता, सुधांशू, अमर चौसेनी की फाइल पृथक कर जिला जज के न्यायालय में विचाराधीन है। बचाव पक्ष की दलील व शाशकीय अधिवकता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी, तेज सिंह की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज प्रथम विष्णु चन्द्र वैश्य ने विपुल कुमार उर्फ पपला को दोषी करार देते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। साक्ष्य के आभाव से नटवर उर्फ सुधीर को दोषमुक्त कर दिया।

# भाजपा से नम्रता बजाज, राजेश बाथम, पुष्पराज ने किया नामांकन





नामांकन करने के बाद नम्रता बजाज व राजेश बाथम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नामांकन के अंतिम दिन भाजपा के अलावा निर्दलीय व कई दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन किया। सोमवार को निकाय चुनाव के नामांकन प्रक्रिया का अंतिम दिन होने के चलते मुख्यालय पर काफी गहमा-गहमी का माहौल बना रहा।

एक तरफ नामांकन करने वालों की संख्या तो दूसरी तरफ न्यायालय जाने वाले लोगों की संख्या दिखायी दी। भारतीय जनता पार्टी कमालगंज प्रत्याशी नम्रता बजाज ने अपने पति व समर्थकों के साथ पहुंचकर नामांकन किया। नामांकन के पश्चात पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि पहली बार चुनाव मैदान में और किन मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी तो उनका जबाव था कि जन समस्यों को लेकर चुनाव लड़ेगी। वहीं मोहम्मदाबाद नगर पंचायत से भाजपा प्रत्याशी राजेश बाथम, नव गठित नगर पंचायत खिमसेपुर से भाजपा प्रत्याशी पुष्पराज सिंह ने नामांकन किया।

# नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए 71 प्रत्याशियों ने भरे पर्चे




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर निकाय चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशियों सहित अध्यक्ष पद के लिए कुल 71 लोगों ने नामांन कराया। इनमें दो नगर पालिका व सात नगर पंचायतों के प्रत्याशी शामिल है।

नगर पालिका सदर से भाजपा प्रत्याशी जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता की मां सुषमा देवी ने चार सेटो में नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी मुमताज बेगम, समाजवादी पार्टी की एकता, निर्दलीय प्रत्याशी दमयंती सिंह, शिखा, नूतन कुल पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नगर पालिका कायमगंज से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुभाष गुप्ता, सपा प्रत्याशी देवकी नन्दन, बसपा प्रत्याशी अभिषेक, निर्दलीय प्रत्याशी सुमन, प्रदीप, आशीष गुप्ता, महेन्द्र गुप्ता, श्यामू कुल सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया। कमालगंज से राजबेटी, अनीता देवी, भाजपा प्रत्याशी नम्रता, सरोजनी देवी, बिटोली देवी नामांकन किया। शमशाबाद से भारतीय जनता पार्टी की सैफाली गुप्ता, सपा की जोया शाहा, प्रीती गुप्ता, कृष्णादेवी, विनीता, विमला, रेनू, शाबिया, आसमा आदि 10 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। नगर पंचायत कम्पिल अध्यक्ष पद के लिए बसपा के अशोक कुमार मौर्य, भाजपा के नवनीत किशोर समेत बृजेश कश्यप, देवेन्द्र, मुकेश कुमार, बेंचेलाल, शहाना बेबी ने नामांकन किया। मोहम्मदाबाद से कांग्रेस के रशीद, भाजपा के राजेश, देवेन्द्र, श्याम प्रकाश, अशोक कुमार ने नामांकन किया। नवाबगंज क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार, धीरेन्द्र, प्रशांत कश्यप, विमलेश, कुषमा, भाजपा के सर्वेश कुमार, अनीता, पंकज, मीरा देवी, कुमोदिनी, संतोष, राजेश कुल 13 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। संकिसा बसंतपुर से राधा, प्रियंका वर्मा, खुशबू, भाजपा प्रत्याशी अनुपम वर्मा व अनीता सहित पांच प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया।

खिमसेपुर से भाजपा के प्रत्याशी पुष्पराज सिंह, आजाद समाज पार्टी के हरगोविन्द सिंह, निर्दलीय अरविन्द व कुलदीप, तान्या राठौर, संगीता देवी, मुन्नालाल, धर्म सिंह, संजू, हुकुम सिंह कुल 10 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये। इस प्रकार दोनों नगर पालिकाओं व सातों नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के लिए 71 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये। वहीं सभासद के लिए कुल 419 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये।

# वार्ड नम्बर 22 दुर्गा नगर से भाजपा प्रत्याशी विटान देवी ने किया नामांकन



नामांकन करने के बाद समर्थकों के साथ बिटान देवी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी दुर्गा नगर वार्ड नम्बर 22 से सभासद की प्रत्याशी विटान देवी ने अपने पति रामवीर सिंह चौहान व भाजपा समर्थकों के साथ जाकर नामांकन किया। सोमवार को पूजा अर्चना के साथ नामांकन करने पहुंची विटान देवी का वार्ड के लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। भाजपा नेता अनिल सिंह ने स्वागत करते हुए कहा कि विटान देवी जैसा प्रत्याशी वार्ड में नहीं है। उन्होंने सादगी के साथ अपना नामांकन किया।

## तलाशी लेने पर भाजपा कार्यकर्ता ने किया हंगामा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नामांकन के दौरान मुख्य द्वार पर एक प्रत्याशी की तलाशी के दौरान विवाद हो गया। पुलिस कर्मियों द्वारा ली जा रही तलाशी उसे नागवार गुजरी और जोर-जोर से चिल्लाने लगा कि प्रशासन भाजपा प्रत्याशी को हराना चाहता है। सोमवार को नामांकन प्रक्रिया अंतिम दिन था। भोलेपुर निवासी एक प्रत्याशी नामांकन करने पहुंचा तो मुख्य द्वारा सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों ने थैले की तलाशी ली तो वह भड़क गया और बोला कि जिनकी तलाशी लेनी चाहिए उनकी नहीं लेते, हमारी तलाशी ले लो और तुम लोग भाजपा प्रत्याशी को हराना चाहते और जोर-जोर से चिल्लाने लगा। इस दौरान उसने अपने साथी से वीडियो बनाने को कहा और बोला मुझ पर मुकदमा दर्ज करा दो।



पुलिस से नोकझोंक करते भाजपाई

# कांग्रेस प्रत्याशी मुमताज बेगम ने किया नामांकन



मुमताज बेगम का नामांकन कराते कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस प्रत्याशी मुमताज बेगम ने नगर पालिका सदर से अध्यक्ष पद के लिए समर्थकों के साथ मुख्यालय पहुंचकर नामांकन किया। नामांकन के बाद उन्होंने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए वे चुनाव जीतने का प्रयास करेंगी। उनके साथ में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव प्रकाश प्रधान, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष शकुतंला देवी, शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा, अनिल मिश्रा, प्रमोद जैन, शिवाशीष तिवारी, पुन्नी शुक्ला, जीशान कुरैशी, वसीमुज्जमा खां, मृत्युंजय शर्मा, तारिक बशीर . फरीद चुकताई, नईम अंसारी आदिल खां, तौफीक अली, साजिद मंसूरी, अरशद सिद्दीकी, दमदम खां आदि मौजूद रहे।

## आईपीएल सट्टे की खाईवाड़ी करते दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने आईपीएल सट्टा की खाईवाड़ी करते दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के अन्तर्गत साहबगंज चौराहे के पास मोहल्ला गणेश प्रसाद में विशाल गुप्ता के घर से पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आईपीएल सट्टा की खाईबाड़ी करते हुए दो व्यक्तियों को छापामार कर गिरफ्तार कर लिया व दो व्यक्ति फरार हो गये। जामा तलाशी लिये जाने पर पकड़े गये लोगों में से एक ने अपना नाम गौरव गुप्ता बताया उसके पास से 900 रुपये बरामद हुए। दूसरे ने अपना नाम विशाल गुप्ता बताया उसके पास से 800 रुपये बरामद हुए। दोनों ही मोबाइल पर आईपीएल सट्टा खेल रहे थे। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। बताते चलें कि आईपीएल सट्टे का कारोबार तेजी से फलफूल रहा है।

# स्काउट गाइड ने डीएम को अध्यक्ष किया नामित



डीएम को स्कार्फ पहनाकर स्वागत करते सुधीर कुशवाहा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक कार्यालय से मुख्य आयुक्त डॉ0 प्रभात कुमार की ओर से जारी दिशा निर्देशों के क्रम में सोमवार को सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (कानपुर मंडल कानपुर) प्रज्ञा सिंह ने जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह से कार्यालय पहुंचकर भेंट की। जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने अधिकारी स्कार्फ पहनाकर उनका स्वागत किया गया। एसओसी प्रज्ञा सिंह ने जिलाधिकारी को बुके देकर सम्मानित किया। जिला सचिव डा0 महेश राजपूत, जिला संगठन आयुक्त गाइड चमन शुक्ला भी मौजूद रही। प्रज्ञा सिंह ने डीएम को अवगत कराया कि प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ0 प्रभात कुमार के निर्देशन में पूरे प्रदेश में समस्त जनपदों के जिलाधिकारी को

- प्रज्ञा सिंह ने बुकें देकर डीएम का किया स्वागत

भारत स्काउट और गाइड संस्था का अध्यक्ष नामित किया गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति को आगामी कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिये गये है।

## पत्नी की हत्या में वांछित पति गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद (सं.)।** पत्नी की हत्या में वांछित चले रहे पति को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। बताते चले 20 अप्रैल को रीना को उसके पति गंगाराम ने मार डाला था। पुलिस ने चार दिन बाद अभियुक्त गंगाराम निवासी काशीराम कालोनी रकाबगंज को गुरुगांव देवी के निकट से गंगाराम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर गंगाराम ने बताया कि उसने अपनी पत्नी रीना का मुहं नाली में दबाकर गर्दन पर लात रखकर हत्या कर दी थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में मऊदरवाजा थानाध्यक्ष आमोद कुमार व सहयोगी रहे।

# खबरें चलते-चलते

## अधिवक्ताओं पर फर्जी दर्ज मुकदमे वापस करने की मांग

**फर्रुखाबाद (सं.)।** जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजीव पारिया ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि अधिवक्ताओं के ऊपर झूठे फर्जी मुकदमे पंजीकृत किये गये हैं, उन्हें वापस किया जाये। बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया है। अधिवक्ताओं के विरुद्ध झूठे फर्जी मुकदमे जो दर्ज है उन्हे तत्काल प्रभाव से वापस किया जाये। अन्यथा दस दिन के बाद अधिवक्ता थाना मऊदरवाजा का बहिष्कार करने के लिए बाध्य होंगे। अधिवक्ता मुदित मिश्रा, अधिवक्ता दिलदार सिद्दीकी, अधिवक्ता अबू हसन, अधिवक्ता हरेन्द्र नारायन मिश्रा के पुत्र अजीत के विरुद्ध मुकदमे दर्ज किये गये हैं। इन मुकदमों को वापस किये जाने की मांग की है।

## मारपीट के मामले में तीन पर मुकदमा दर्ज



**फर्रुखाबाद (सं.)।** कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत काशीराम कालोनी पुल मण्डी नवदिया में दबंगों को गाली देने से मना किया तो दबंगों ने महिला को ईट मारकर घायल कर दिया। जिससे उसके पैरों में काफी चोटे आयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़िता गीता देवी पत्नी रामनिवास निवासी पुलमण्डी ने दी गई तहरीर में दर्शाया कि सोमवार को अभिषेक पुत्र विनोद, कोहिनूर पुत्र हीरालाल, अर्जुन शराब पीकर आपास में लड़ रहे थे और गालियां दे रहे थे।मना करने पर तीनों ने गालियां दी और मारपीट कर ईटों से हमला कर दिया। जिससे काफी चोट आयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# कानोडिया इंटर कालेज को कोषाध्यक्ष ने भेंट किया स्मार्ट टीवी

- प्रधानाचार्य बोलीं छात्रायें एंड्रायड टीवी पर पढ़कर होंगी पारांगत
- विद्यालय परिवार ने आशा कानोडिया को दिया धन्यवाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज की कोषाध्यक्ष व आर्डिटर राजेन्द्र कानोडिया की पत्नी आशा कानोडिया ने नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत छात्राओं को लाभांवित करने के लिए स्मार्ट क्लास हेतु एंड्राइड एलईडी टीवी प्रदान की है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने कोषाध्यक्ष की पत्नी आशा कानोजिया की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय लगातार उन्नत कर रहा है। ऐसे में विद्यालय को स्मार्ट क्लास बनाने के लिए स्मार्ट टीवी उपलब्ध करायी गई है। अब छात्रायें स्मार्ट टीवी पर पढ़कर पारांगत होगी। विद्यालय परिवार ने उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। प्रबंधक सुनील अग्रवाल ने छात्राओं की उन्नति के पथ पर बढ़ने के लिए विद्यालय के हर कार्य को प्रगति की ओर ले जाने के लिए बधाई दी।



प्रबंधक के साथ शिक्षिकायें व मौजूद छात्रायें तथा ऊपर लगा टीवी

विद्यालय परिवार सबके सुख-दुख में साथ है। विद्यालय में टीवी लगाया गया और स्मार्टक्लास से प्रथम दिन छात्राओं को पढ़ाया गया। आशा कानोडिया ने विद्यालय के प्रगति की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, नीलम शुक्ला, समीक्षा अग्निहोत्री, मंजू सिंह, दर्शना आर्या, पारुल जैन, इन्द्रा राठौर, पूनम शुक्ला, अर्पणा त्रिपाठी, स्वाती द्विवेदी, जया सिंह, स्मृति दुबे, राधा दीक्षित सहित सभी शिक्षिकायें व विद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# मारपीट के मामले में जबावी मुकदमा दर्ज

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने जबावी मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

थाना क्षेत्र के गांव बसईखेड़ा निवासी साकिर खां पुत्र जाकिर खां ने गांव के अनवर खां, सिराज खां, राजू खां पुत्रगण मिद्दू खां, शबलू खां पुत्र नामालूम, शबनूर खां पुत्र दाद खां व अज्ञात लोगों विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें दर्शाया कि शुक्रवार की रात 8:30 बजे उपरोक्त लोग घर के सामने आकर मेरे भाई शाजिद खां को पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने लाठी-डंडों से मारने लगे। जब बचाने मैं व भाई क्यूम खां, माजिद खां ने बचाने का प्रयास किया तो हम लोगों को पीटा। आसपास के लोगों के आ जाने पर आरोपीगण जानमाल की धमकी देकर भाग गये।

वहीं दूसरे पक्ष के मिद्दू खां की पत्नी



अकबरी बेगम सलीम पुत्र ताहिर खां व सबलू, बबलू उर्फ क्यूम, शाजिद, माजिद पुत्रगण जाकिर खां के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें दर्शाया कि शुक्रवार की रात 8:30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर उक्त लोगों ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मुझे व मेरे पुत्र सिराज, इम्तबाज, शहनाज को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। आसपास के लोगों के आ जाने पर आरोपीगण जानमाल की धमकी देकर फरार हो गये। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से जबावी मुकदमा दर्ज कर जांच अचरा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार के सुपुर्द कर दी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए राजस्व, चकबंदी, लघुवाद के अब 60381 मामले चिन्हित



राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 14 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने तैयारी बैठक जनपद न्यायाधीश अश्विनी कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में प्रशासनिक मामलों की तैयारी बैठक नोडल अधिकारी अपर जिला जज महेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निस्तारण होने योग्य राजस्व, चकबंदी, लघु, फौजदारी, विद्युत विभाग आदि अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गये, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। प्रशासन की ओर से अब तक कुल 60381 मामले चिन्हित किये जा चुके है। तैयारी बैठक में प्रशासनिक अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव, एसडीओ विनोद कुमार, मुकेश चन्द्र रॉव, डीआईओएस नरेन्द्र पाल सिंह, तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय, चकबंदी अधिकारी आरके सिंह मौजूद रहे।

## शोहदे का 151 में चालान

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने गांव अचरिया वाकरपुर निवासी दीपक पुत्र देव सिंह के विरुद्ध भद्दी-भद्दी टिप्पणी करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि 22 अप्रैल को वादी की भतीजी के साथ उक्त आरोपित दीपक भद्दी-भद्दी टिप्पणी कर घर के सामने से निकल गया। इससे पहले भी दो तीन बार दीपक भद्दी-भद्दी टिप्पणी कर चुका है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी जितेन्द्र कुमार के सुपुर्द कर दी। चौकी प्रभारी ने बताया आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर 151 में चालान कर दिया।

# ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से बालक की मौत

- एक अन्य गम्भीर, अस्पताल में भर्ती
- खड़ा ट्रैक्टर स्टार्ट कर देने पर घटी घटना, नहीं की कोई पुलिस कार्यवाही



गुमशुम बैठे मृतक के परिजन

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से छह वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि एक घायल हो गया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार शमसाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयांधीर निवासी राजेश कुमार का 6 वर्षीय पुत्र तनिष्क तथा मनोज कुमार का पुत्र निखिल मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ सोमवार की अपरान्ह 3 बजे के करीब मंदिर के निकट खेल रहे थे। बताते गांव के ही एक ग्रामीण द्वारा ट्रैक्टर ट्राली को चढ़ाई पर खड़ा किया था। ट्रैक्टर बंद करने के बाद चालक आवश्यक कार्य से चला गया। मगर चालक चाबी निकालना भूल गया। इसी दौरान कुछ बच्चे खेल-खेल में ट्रैक्टर के ऊपर चढ़ गए और चाबी घुमा दी। जिससे ट्रैक्टर चालू हो गया और भाग खड़ा हुआ। इस दौरान ट्रैक्टर ट्राली का पहिया बालक तनिष्क पुत्र राजेश उम्र 6 वर्ष के ऊपर से निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरा बालक निखिल चपेट में आने से गम्भीर रुप से घायल हो गया। उधर चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास मुहल्ले के लोग दौड़ पड़े और जैसे तैसे गंभीर बालक को निजी वाहन से एक प्राइवेट चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां निखिल का उपचार कराया गया, जबकि तनिश को शमशाबाद ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लोगों का कहना था तनिष्क की रास्ते में ही मौत हो गई थी। उधर किशोर की मौत की सूचना के बाद घर परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान रानी देवी के प्रतिनिधि पति ने बताया ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से एक बालक की मौत तथा दूसरे के घायल होने की जानकारी दी गई। दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर फैजबाग पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जांच पड़ताल की। मृतक बालक के परिवार के लोगों ने कार्रवाई करने से इंकार करते हुए कहा वे कार्रवाई नहीं चाहते हैं। उन्होंने यह भी बताया फिलहाल पीड़ित पक्ष की तरफसे तहरीर नहीं दी गई। मिलने पर कार्यवाही की जायेगी। वहीं समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास जारी थे।

## बाढ़ स्टेयरिंग कमेटी की बैठक में डीएम ने दिये कार्य योजना बनाने के निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डीएम ने बाढ़ स्टेयरिंग ग्रुप की बैठक लेकर मौजूद अधिकारियों को बाढ़ से पूर्व बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिये। डीएम ने मौजूद अधिकारियों को विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के लिए निर्देशित किया। ताकि जनपद स्तरीय कार्य योजना तैयार की जा सके। एसडीएम सदर, कायमगंज, अमृतपुर को स्टीमर नाविक आदि व्यवस्था करने के निर्देश दिये। बीएसए को निर्देशित किया कि वे बाढ़ से प्रभावित होने वाले स्कूलों की सूची उपलब्ध कराये। डीएसओ को डीएम ने निर्देशित किया कि संभावित बाढ़ प्रभावित गांवों के लिए मिट्टी का तेल और डीजल रिर्जव रखे। लोनिवि को निर्देशित किया कि जहां सड़क कटने की संभावना है उस स्थान को चिन्हीकरण करें। पशुओं के भूसा, इत्यादि की व्यवस्था के लिए सीवीओ को निर्देश दिये।

# जिलाधिकारी ने की गेहूं खरीद की समीक्षा, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

- 15 केंद्रों पर खराब प्रगति पर मांगा स्पष्टीकरण, सुधार न हुआ तो होगी कार्यवाही



बैठक लेते जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में बताया गया कि कुछ केंद्रो को छोड़कर अधिक तर केंद्रों पर गेंहू खरीद खराब पाई गई। जिस पर डीएम ने नाराजगी जताई। बरखेड़ा, अताईपुर, एसएस अमृतपुर, आलू संघ पट्टीदारापुर, एसएस गांधी, मसेनी, नीम करोरी, पखना, पिपर गांव, बबना, चिलसरा, मेरापुर, महलई, सरैया, बहबलपुर आदि केंद्र पर सबसे खराब खरीद पाई गई। डीएम ने अपर जिलाधिकारी को शून्य खरीद वाले केंद्र प्रभारियों से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए। फिर भी सुधार न हो तो अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जाए और शासन को भी अवगत कराया जाए। खराब खरीद वाले केंद्रों की प्रतिदिन रिपोर्ट उपलब्ध कराए। अधिक से अधिक किसानों से सम्पर्क कर गेंहू खरीद बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी, एआर कॉपरेटिव, प्रबंधक, पीसीएफ समस्त केंद्र प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी ने स्कूटी से पहुंचकर किया नामांकन



श्याम की स्कूटी पर बैठ नामांकन कराने जातीं भाजपा प्रत्याशी



नामांकन के बाद प्रत्याशी के साथ खुशी का इजहार करते कार्यकर्ता

- कार्यकर्ता श्याम वाल्मीकि ने निभाई चालक की भूमिका
- जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता की मां हैं प्रत्याशी सुषमा गुप्ता
- नहीं दिखीं भाजपा की टिकट की अधिकांश दावेदार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद नगर पालिका भाजपा प्रत्याशी कार्यकर्ता की स्कूटी पर बैठकर समर्थकों के साथ मुख्यालय पहुंची और नामांकन पत्र दाखिल किया। जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता की मां को स्कूटी पर देखकर पहले तो लोग यह नहीं समझ पाये कि किस दल से है। जब लोगों को पता लगा कि भाजपा ने इन्हीं को नगर पालिका फर्रुखाबाद का प्रत्याशी बनाया है तो लोग भौचक्के रह गये। क्योंकि अभी तक जितने भी प्रत्याशी नामांकन करने महंगी-महंगी गाड़ियों व अपने काफिले के साथ आये और भाजपा प्रत्याशी सुषमा गुप्ता के चालक की भूमिका भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता श्याम बाल्मीकि ने निभाई। वह स्कूटी पर बिठाकर मुख्यालय पहुंचे। पीछे-पीछे उनके पुत्र जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता कार्यकर्ताओं के साथ दिखायी दिये। वहां पहुंचते ही जन प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर नामांकन कराया। नामांकन के दौरान सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सुशील शाक्य, विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, विधायक नागेन्द्र राठौर, पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, शिवांग रस्तोगी, अनिल सिंह, श्वेता दुबे, मुकेश गुप्ता, विश्वास गुप्ता, सरिता शाक्य, सुमन राठौर, प्रभात अवस्थी, रामवीर सिंह चौहान, अश्नील दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## भाजपा ने संकिसा बसंतपुर से जिताऊ प्रत्याशी को दिया टिकट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा ने टिकट का वितरण से पहले एलान किया था कि किसी सांसद व विधायक के रिश्तेदार को टिकट नहीं दिया जायेगा, लेकिन सांसद के आगे भाजपा के सभी मानक धरे रह गये। नामांकन के बाद वार्ता के दौरान भाजपा सांसद मुकेश राजपूत बोले कि जिताऊ प्रत्याशी को भाजपा ने संकिसा बसंतपुर से प्रत्याशी बनाया है। सोमवार को सांसद व अन्य जनप्रनिधि जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता की मां जो कि भाजपा से सदर नगर पालिका से प्रत्याशी है। उनके अलावा संकिसा बसंतपुर से सांसद के भतीजे राहुल राजपूत की पत्नी का नामांकन कराने के बाद वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि सभी सीटों पर भाजपा पूर्ण बहुमत से जीतेगी और यह चुनाव प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर लड़ा जा रहा है। हमारी सरकार ने जो विकास कार्य किया है, भय मुक्त समाज स्थापित किया है। जनता हमारे साथ है। सभी सीटों पर जीतने का दावा किया है। जब उनसे पूछा गया कि भाजपा ने सांसद, विधायकों के रिश्तेदारों को टिकट न देने की बात कहीं थी। इस बोले कि पार्टी ने जिताऊ प्रत्याशी देखकर टिकट दिया है। बताते चले कि सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी की पत्नी अनीता द्विवेदी की दावेदारी करने की चर्चा भाजपा के इस बयान से पहले खूब चली थी।

## पूरी हनक में दिखायी दिये भाजपा कार्यकर्ता जमकर की नारेबाजी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी सदर नगर पालिका के प्रत्याशी ने जहां एक तरफ पार्टी कार्यकर्ता की स्कूटी पर सवार होकर नामांकन करने पहुंची। वहीं कार्यकर्ता व समर्थक पूरी सत्ता की हनक में दिखायी दिये। न धारा 144 और न आचार संहिता का बंधन यां यूं कहा कि सत्ताधारियों के आगे पुलिस कर्मी बेबस दिखायी दिये। जहां मन करा नारेबाजी शुरु। जबकि निर्वाचन आयोग के सख्त निर्देश है कि कोई भी प्रत्याशी नामांकन परिसर क्षेत्र में किसी प्रकार की नारेबाजी नहीं करेगा और प्रत्याशी के साथ जिन लोगों को जाने की छूट है उसके अलावा अतिरिक्त कोई व्यक्ति नामांकन कक्ष प्रवेश नहीं करेगा। शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए धारा 144 लगी है। इस धारा के चलते किसी स्थान पर अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं हो सकते है, लेकिन नामांकन के अंतिम दिन भाजपा कार्यकर्ता सत्ता की पूरी हनक में दिखायी दिये। हालांकि फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी ने पुलिस कार्यालय के सामने लोगों को रोकना चाहा वह नहीं रुके। पुलिस के आड़े-तिरछे वाहन लगा दिये। नामांकन परिसर में जमकर नारेबाजी हुई। सभी लोगों के चले जाने के बाद अपर जिलाधिकारी अन्य अधिकारियों के साथ मार्ग पर जायजा लेने निकले।



# खबरें चलते-चलते

## बाजार गयी महिला का पर्स चोरी

**कंपिल (सं.)।** बैंक से रुपए निकालकर बाजार करने गयी महिला का पर्स चोरी हो गया। महिला ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस एक चाट विक्रेता को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। क्षेत्र के गांव मिस्तनी निवासी महिला चंद्रकली ने सोमवार दोपहर कंपिल स्थित आर्यवर्त ग्रामीण बैंक से नौ हजार रुपए निकालकर बाजार करने चली गयी। महिला ने एक चाट के ठेली से खाने पीने का सामान लेने लगी। उसी समय किसी ने महिला का पर्स चोरी कर लिया। महिला घर जाने के लिए टेम्पो में बैठ गयी। अचानक महिला का ध्यान झोले पर गया तो देखा पर्स गायब था। महिला ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। थाने के दारोगा रवि सोलंकी ने मामले की जांच प?ताल की। महिला ने चोरी का आरोप लगाते हुए चाट विक्रेता के खिलाफतहरीर दी। पुलिस चाट विक्रेता को हिरासत में लेकर थाने लेकर पूछताछ कर रही है। दारोगा मोहम्मद सरताज ने बताया चोरी का आरोप गलत है। महिला का पर्स गुम हो गया है। पूछताछ के बाद चाट विक्रेता को छोड़ दिया गया।

## बाइक की टक्कर से महिला घायल

**नवाबगंज (सं.)।** घर से खेत में चारा लेने गई महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। परिजनों ने महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी रामा देवी पत्नी रामवीर सिंह अपने खेत में जानवरों के लिए चारा लेने के लिए जा रही थी, तभी रास्ते में हेकड़गंज गौशाला के पास सामने से आ रहे बाइक सवार नवाबगंज थाना क्षेत्र के ही गांव नगला हिलकी निवासी देव सिंह पुत्र सुरेश सिंह तेजी व लापरवाही से चलाते हुए महिला के सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना होते देख आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके की ओर दौड़े और सूचना महिला के परिजनों को दी। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे महिला के परिजनों ने महिला को घायल अवस्था में सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया। जहां महिला को गंभीर हालत में देखकर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देकर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## दबंगों ने जबरन खांदी फसल, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद (सं.)।** खेत में काटकर लगायी फसल को दबंगों ने ट्रैक्टर के जरिए खांदना शुरु कर दिया। मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। दी गई तहरीर में सत्यवती पत्नी खुशीराम निवासी मोहल्ला सलावत खां ने दर्शाया कि थाना मऊदरवाजा के अन्तर्गत उसका खेत है। जिसमें गेहूं की फसल काटकर लगा दी थी। 22 अप्रैल को रात्रि में पीड़िता के पति व जेठ गेहूं की रखवाली कर रहे थे, तभी दबंग कल्लू, टिल्लू, सुरेन्द्र यादव पुत्र रुकमंगल यादव, जोगेन्द्र, उस्ताद, अमित निवासी आमिलपुर ट्रैक्टर लेकर आये और फसल को खांदना शुरु कर दिया। पीड़िता के पति और जेठ ने मना किया तो लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई तो दबंग भाग गये। गत रात्रि जब पीड़िता खेत पर गई तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

## नव विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**नवाबगंज (सं.)।** दहेज से असंतुष्ट ससुरालीजनों ने नव विवाहित को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सिरौली निवासी नंदा देवी पत्नी सौरभ कुमार पुत्री जगपाल सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 4 जुलाई 2022 को हुई थी। जिसमें सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया गया था, लेकिन ससुरालीजन मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के गांव नगला धुस्स निवासी सौरभ कुमार पुत्र छत्रपाल सिंह संतुष्ट नहीं थे और उसके साथ मारपीट करते थे।

# संकिसा बसंतपुर से अनुपम ने किया नामांकन



भतीजे की बहू का नामांकन कराते सांसद मुकेश राजपूत व अन्य जनप्रतिनिधि

- सांसद की भतिज बहू हैं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नव गठित नगर पंचायत संकिसा बसंतपुर से भारतीय जनता पार्टी ने सांसद मुकेश राजपूत के भतीजे की पत्नी पर भरोसा जताया है। सोमवार को राहुल राजपूत अपने चाचा सांसद मुकेश राजपूत व अन्य जनप्रतिनिधियों व समर्थकों के साथ पहुंचकर नगर पंचायत संकिसा बसंतपुर से अपनी पत्नी अनुपम का नामांकन कराया। नामांकन के पश्चात पत्रकारों से रुबरु होते हुए अनुपम राजपूत ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास के सहारे हम जनता के बीच में आये है और जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। संकिसा बसंतपुर को आदर्श नगर पंचायत के रुप में विकसित करने का काम करुंगी। भाजपा ने सभी के लिए कल्याणकारी योजनायें चलायी है। जिनका सबको लाभ मिल रहा है। जो किसी सरकार ने नहीं किया, हमारी सरकार ने करके दिखाया और विकास के सहारे जनता हमें अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचायेगी।

## बदलेगा इतिहास, टाउनहाल पर खिलायेंगे जनता की उम्मीदों का कमलः रुपेश

### लड़ाई अमीर और फकीर के बीच, फैसला जनता के हाथ

### हवाई चप्पल पहन मां का नामांकन कराने पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष



**फर्रुखाबाद।** भाजपा से नगर पालिका परिषद सदर अध्यक्ष पद के लिए अपनी मां का नामांकन कराने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने कहा कि लड़ाई अमीर और फकीर के बीच की है। फिर भी जनता के मिल रहे सहयोग के बल पर वे अब तक के इतिहास को बदलते हुए टाउनहाल पर कमल का फूल खिलायेंगे। जिलाध्यक्ष ने ऊलजलूल बातें करने वाले लोगों को सलाह देते हुए कहा कि मां उनके घर में भी हैं। अनावश्यक और ऊलजलूल टिप्पणी करना शोभा नहीं देता है। गरीबी और अमीरी अलग की बात है। मगर लोकतंत्र में चुनाव लड़ने का अधिकार सभी को है। ऐसा नहीं कि पैसे के बल पर ही चुनाव जीते जाते हों, जनतंत्र में जनता जनप्रतिनिधियों को चुनती है। इसलिए आर्थिक स्थिति नहीं, बल्कि जन सेवा का आंकलन किया जाना चाहिए। अपनी मां सुषमा गुप्ता के नामाकन में हवाई चप्पल पहनकर नामांकन कराने पहुंचे जिलाध्यक्ष बोले जो लोग दोपहर बाद 3 बजे सोकर उठते हों वह साफ-सफाई का दर्द क्या जानें। यह दर्द तो एक मां ही जान सकती है जो सुबह 4 बजे उठकर घर की साफ-सफाई करती है। नौकर चाकरों के बीच रहने वाले सफाई कर्मियों का दर्द नहीं जान सकते। इसलिए जनता ने इस बार फैसला लिया है कि एक जन सामान्य की मां को नगर पालिका की कुर्सी पर पहुंचायेगी। उन्होंने कहा कि मिल रहे जन समर्थन से महसूस हो रहा है कि भाजपा के मुकाबले में कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि जो अपेक्षा फर्रुखाबाद और फर्रुखाबाद की जनता करती है उसी आधार पर काम करके नगर पालिका को आदर्श नगर पालिका क्षेत्र बनाया जायेगा।

# नगर पंचायत अध्यक्ष पद के कई पार्टी प्रत्याशियों ने किये नामांकन



शैफाली गुप्ता के नामांकन के बाद मौजूद प्रत्याशी, पूर्वचेयरमैन विजय गुप्ता व रामकिशोर राजपूत आदि

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की सोमवार को अंतिम तिथि होने के कारण कई पार्टियों के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर अपनी-अपनी जीत के दावे किये। इसी कड़ी में सबसे पहले शमशाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी शैफाली गुप्ता ने अपने पति पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता व अपना दल की कायमगंज विधायक सुरभि के साथ तहसील पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ शमशाबाद ब्लॉक प्रमुख पति राजवीर राजपूत, शमशाबाद मंडल अध्यक्ष राम लखन राजपूत व ब्लॉक प्रमुख ससुर रामकिशोर राजपूत तथा कायमगंज विधायक पति डॉ0 अजीत गंगवार मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर भाजपा कार्यकर्ता रहे जोगराज राजपूत ने अपनी पत्नी विमला राजपूत का आम आदमी पार्टी से नामांकन दाखिल कर अध्यक्ष पद के दावेदारों में हलचल पैदा कर दी। वहीं भाजपा से टिकट मांगने वाले आरएसएस के जिला पदाधिकारी पीयूष त्रिपाठी ने अपनी पत्नी रेनू त्रिपाठी का नामांकन दाखिल कर प्रत्याशियों का गणित ही बिगाड़ दिया है। ज्ञात हो कि रेनू त्रिपाठी महिला मोर्चा की शमशाबाद मंडल अध्यक्ष हैं। वहीं पिछले नगर पंचायत चुनाव में बसपा से प्रत्याशी रहे इजहार खां ने इस बार अपनी पत्नी राबिया बेगम को चुनाव लड़ाने के लिए समाजवादी पार्टी से टिकट मांगा था। सपा से टिकट न मिलने पर उन्होंने अपनी पत्नी को एआईएमआईएम से टिकट दिलाकर नामांकन दाखिल कर अपनी जीत का दावा कर दिया है।

## एसपी ने नगर में किया पैदल गस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एसपी अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने फोर्स के साथ नगर में सुरक्षा की दृष्टि से पैदल गस्त किया तथा लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान संदिग्ध वाहनों की रोक-रोककर तलाशी ली। कागजात न लेकर चलने वालों की खबर ली और कहा कि बगैर कागजात वाहन न चलायें। कागजात लेकर अवश्य ही चलें।

# भगवान परशुराम की शोभायात्रा का नगर में भव्य स्वागत



शोभायात्रा में शामिल ब्राह्मण समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु के अंशावतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ब्राह्मण समाज सेवा समिति के बैनर तले निकाली गई भव्य दिव्य शोभायात्रा में जन सैलाब उमड़ पड़ा। ब्राह्मण समाज के साथ-साथ अन्य समाजों के लोगों ने भी भागीदारी की। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। लोगों ने भगवान परशुराम की आरती उतारकर प्रसाद वितरण किया। यात्रा में नगर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, जिलाध्यक्ष अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ भी शामिल रहे। जिला महामंत्री रमेश चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन में यात्रा संयोजक सौरभ मिश्रा व प्रभारी क्रांति पाठक, सुरेन्द्र पाण्डेय के प्रबंधन में निकाली गई शोभायात्रा पण्डाबाग मंदिर से शुरु हुई। भव्य तरीके से भगवान परशुराम का स्वरुप सजाया गया। यात्रा पण्डाबाग से शुरु होकर रेलवे रोड चौक पहुंची। जहां यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। चौक पर पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल व बसपा प्रत्याशी वत्सला अग्रवाल ने यात्रा का स्वागत किया। नेहरु रोड पर फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल ने अपने समर्थकों के साथ स्वागत किया। नेहरु रोड पर दीप संस्था अध्यक्ष निमिष टंडन ने स्वागत किया। व्यापारी नेता संजय गर्ग ने अपने संस्थान के सामने शोभायात्रा का स्वागत किया। भाविप की ओर से स्वागत किया गया। मित्तूकूंचा पर प्रत्याशी एकता चौधरी के पति अविनाश सिंह विक्की व उनके भाई सिक्की सिंह एवं राजेश पाठक ने स्वागत किया। घुमना पर कांग्रेस प्रत्याशी मुमताज बेगम, पुन्नी शुक्ला ने यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा नेहरु रोड से होती हुई घुमना से नितगंजा, नीबाचुअत होती हुई महावीरगंज स्थित ब्राह्मण धर्मशाला पहुंची। जहां पर यात्रा विराम को प्राप्त हुई। यात्रा में कोमल पाण्डेय, मटर लाल दुबे, सरल दुबे, पंकज मिश्रा, कैलाश बाबू मिश्रा, दीपक सारस्वत, सुधेश दुबे, आदित्य दीक्षित, अभिषेक त्रिवेदी, अतुल शंकर दुबे, आदेश अवस्थी, गिरिश चन्द्र दुबे, राजेश अग्निहोत्री, शिवम दीक्षित, भइयन मिश्रा, कृष्णा मिश्रा, हरिओम मिश्रा, लालाराम दुबे, विमलेश मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय, कवि शुक्ला, नारायण दुबे, बॉबी दुबे, श्वेता दुबे, प्रीती तिवारी, बबिता पाठक, सौरभ शुक्ला, संजीव अवस्थी, चित्रा अग्निहोत्री, मुनीश चन्द्र मिश्रा, अनुज मिश्रा, अरविन्द दीक्षित, विनोद अग्निहोत्री, भूपेश पाठक, अवधेश पाण्डेय, राजेश मिश्रा, विकास पाण्डेय, मनोज मिश्रा, राकेश मिश्रा कल्लू, मोहन पाठक, राजीव मिश्रा दद्दू, राज गौरव पाण्डेय, अंकित तिवारी, नन्द किशोर दुबे, शिवम दुबे, अरुण अग्निहोत्री, प्रमोद दीक्षित, गौरव मिश्रा, बबुआ बाजपेयी, सुधांशु दत्त द्विवेदी, भास्कर दत्त द्विवेदी, कन्हैया लाल जैन, पप्पन मियां, अतुल रस्तोगी, आलोक गुप्ता, पंकज वर्मा, नारायन अग्रवाल, ज्योति शर्मा, विजय अवस्थी, आलोक मिश्रा,सौरभ शुक्ला, वैभव सोमवंशी, प्रिंस शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।